सूर्योदय 5:49 सूर्यास्त 7:1

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.6 न्यू | 21.2 अधि |
| धर्मशाला | 17.6 न्यू | 27.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79648.92 |
| निफ्टी | 24347.00 |
| सोना 70,580 | चांदी 83,203 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



सीएम ने की एचआईवी जागरूकता अभियान की शुरुआत


पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 13 अगस्त 2024 | 29 श्रावण, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 237, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### केजरीवाल ने गिरफ्तारी के खिलाफ दायर की याचिका



**नई दिल्ली।** शराब नीति केस में जेल में बंद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने सीबीआई की गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है। इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने 5 अगस्त को केजरीवाल की याचिका को खारिज कर दिया था। वहीं, मानहानि मामले में केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई छह हफ्तों के लिए स्थगित कर दी है। उन्होंने 2018 में यूट्यूबर ध्रुव राठी का वीडियो 'एक्स' पर साझा करने से संबंधित मानहानि मामले में जारी कई समन को बरकरार रखने के दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी है।

### पूजा खेडकर की गिरफ्तारी पर 21 अगस्त तक रोक



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस को पूर्व ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर को 21 अगस्त तक गिरफ्तार न करने का निर्देश दिया है। उन पर यूपीएससी आवेदन में गलत जानकारी देने और तथ्यों को गलत तरीके से पेश करने का आरोप है। अदालत ने खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका पर नोटिस जारी किया। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता को अगली सुनवाई तक गिरफ्तार न किया जाए। 21 अगस्त को अगली सुनवाई होगी।

### कविता की याचिका पर ईडी व सीबीआई से जवाब मांगा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आबकारी नीति में कथित घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में बीआरएस नेता के. कविता की जमानत याचिकाओं पर सीबीआई और ईडी के जवाब मांगा है। अगली सुनवाई के लिए 20 अगस्त को होगी। हाईकोर्ट ने एक जुलाई को दोनों मामलों में कविता की जमानत याचिकाएं खारिज करते हुए कहा था कि वह प्रथम दृष्टया दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 (जो अब रद्द की जा चुकी है) को तैयार करने और लागू करने से संबंधित आपराधिक साजिश में मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक हैं।

### तमिलनाडु में सड़क हादसे में 5 छात्रों की मौत

**तमिलनाडु।** तमिलनाडु में हुए एक दर्दनाक हादसे में पांच कॉलेज छात्रों की मौत हो गई, जबकि 2 छात्रों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। यह हादसा चेन्नई-तिरुपति हाईवे पर हुआ है। आंध्र प्रदेश के छात्र किराए की एमयूवी लेकर तिरुवन्नामलाई से लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि तिरुवल्लूर जिले के तिरुत्तनी के पास हुई सड़क हादसा पेश आया।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- विजिलेंस ने 3.5 लाख रुपए की नकदी समेत किए दो गिरफ्तार -पेज 3
- चीनी की सप्लाई न पहुंचने से उपभोक्ता परेशान -पेज 9
- आपदा प्रभावित परिवार का दुख देखकर छलक पड़े आंसू -पेज 11
- गाद से भरी अश्विन और गिरि पेयजल योजना -पेज 12
- उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाए भारतीय मुक्केबाज -पेज 14


# हमीरपुर के अणू में आग से ट्रांसफार्मर टेस्टिंग लैब राख

## करीब डेढ़ करोड़ का नुकसान, 80 ट्रांसफार्मर और तेल से भरे 20 ड्रम भी जले

**विक्रम ढटवालिया, अणू (हमीरपुर)**

**हमीरपुर** जिले के अणू चौक पर स्थित इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड की ट्रांसफॉर्मर टेस्टिंग लैब में भीषण आग लग गई, जिससे लैब जलकर राख हो गई। इस अग्निकांड में करीब एक से डेढ़ करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। आग लगने से 80 ट्रांसफार्मर और तेल से भरे करीब 20 ड्रम भी जल गए। सोमवार सुबह करीब 10:15 बजे लैब के भीतर डि-हाइड्रेशन प्लांट में अचानक ब्लास्ट हुआ। अंदर बैठे कर्मचारी और एसडीओ ने फायर सेफ्टी उपकरण चलाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक आग भड़क चुकी थी।

कर्मचारी किसी तरह जान-बचाकर भागे और देखते ही देखते लैब पूरी तरह आग की चपेट में आ गई। शहर से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाई गईं, लेकिन तब तक आग काफी फैल चुकी थी और आसपास के रिहायशी मकानों और दफ्तरों में दहशत का माहौल हो गया। गनीमत यह रही लैब के अलावा आसपास के मकानों में लपटों का असर नहीं हुआ। इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के एसडीओ राजन शर्मा ने बताया कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है। जब आग लगी तो करीब 12 लोग भीतर थे, वे किसी तरह बाहर भागे। आग से 80 ट्रांसफार्मर और तेल के करीब 20 ड्रम जल गए।



हमीरपुर के अणू स्थित इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड की ट्रांसफॉर्मर टेस्टिंग लैब में लगी भीषण आग को बुझाते अग्निशमन के कर्मचारी।

### बार-बार ब्लास्ट होने से आग और फैली

**फायर** ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग बीच-बीच में कंट्रोल हो जाती, लेकिन फिर ब्लास्ट होने से आग फैल जाती। दोपहर करीब 12:30 बजे आग पर काबू पाया जा सका। इस बीच हमीरपुर और अणू चौक तक आवाजाही बंद कर दी गई थी। पैदल आने जाने वालों को भी रोक दिया गया था।

डिहाइड्रेशन प्लांट में अचानक ब्लास्ट होने से आग फैली। करीब एक से डेढ़ करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में चार एनएच और 338 सड़कें अवरुद्ध

## भारी बारिश से 211 बिजली ट्रांसफार्मर और 43 पेयजल योजनाएं ठप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। चार एनएच और 338 सड़कें, 211 बिजली ट्रांसफार्मर व 43 पेयजल योजनाएं अभी भी ठप पड़ी हुई हैं।

वहीं, प्रदेशभर में 6 दिन तक भारी बारिश का येलो अलर्ट है और तीन जिलों में बाढ़ का खतरा है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 18 अगस्त तक भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

**6 दिन तक भारी बारिश का येलो अलर्ट**

पर्यटकों को नदी-नालों से दूर रहने की सलाह दी है। सिरमौर, सोलन, शिमला व कांगड़ा में आगामी दो दिन भारी बारिश हो सकती है। बीते 24 घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर भागों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है। नंगल बांध क्षेत्र में 115.0, कसौली 87.0, ऊना 86.0, श्रीनयना देवी 82.2, ओलिंडा 79.0, जटोन बैराज 75.4, बीबीएमबी 73.0, नादौन 72.5, पांवटा साहिब 62.0, सुजानपुर टीहरा 60.6, धौलाकुआं 56.5, धर्मशाला 21.2, पालमपुर 46.2, सोलन 31.2, हमीरपुर 29.5 व धौलाकुआं में 26.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। वहीं, अगले 24 घंटों के दौरान कुल्लू, शिमला और सिरमौर जिले के कुछ जलग्रहण क्षेत्रों और आसपास के क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बाढ़ का खतरा होने की संभावना जताई है।



शिमला में सोमवार को बारिश के बाद अपने गंतव्य की ओर जाते लोग।

### पीएम मोदी का हिमाचल दौरा रद्द, मौसम बना बाधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**खराब** मौसम के चलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हिमाचल दौरा रद्द हो गया है। प्रधानमंत्री ने हिमाचल में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करना था।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि पीएमओ ने इस बारे में हिमाचल के मुख्य सचिव से बात की थी। निकट भविष्य में मौसम सामान्य होने पर पीएम मोदी हिमाचल आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र से राहत राशि के लिए बातचीत चल रही है। केंद्र सरकार ने भी आपदा से प्रभावित हिमाचल को मदद का पूरा भरोसा दिया है। हिमाचल में 31 जुलाई की आधी रात को आफत की बारिश हुई थी। शिमला, कुल्लू व मंडी जिले में बादल फटने की तीन बड़ी घटनाएं हुई थी और 55 लोग लापता हुए थे, जिसमें अभी तक 15 शव बरामद हुए हैं। राज्य में भारी नुकसान हुआ है। ऐसे में हिमाचल के लोगों का दर्द बांटने के लिए पीएम मोदी का दौरा प्रस्तावित हुआ था, जो मौसम खराब होने की वजह से संभव नहीं हो पाया है।

# बिहार के सिद्धेश्वर धाम में भगदड़; 7 की मौत, 35 जख्मी

**एजेंसी, पटना**

**बिहार** के जहानाबाद में सोमवार को बाबा सिद्धेश्वर नाथ के मंदिर में भगदड़ मचने से तीन महिलाओं समेत सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई। घायल 35 श्रद्धालुओं को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

कुछ श्रद्धालुओं ने आरोप लगाया कि लाठीचार्ज किया गया था, जिसकी वजह से भगदड़ की स्थिति बन गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि लोग पहाड़ पर पूजा के लिए गए थे। भीड़ को संभालने के लिए प्रशासन की टीम वहां मौजूद नहीं थी। एनसीसी के कैडेट्स ने मोर्चा संभाला था और इन्हीं लड़कों ने लाठीचार्ज किया, जिसकी वजह से लोग इधर-उधर भागने लगे। इसके बाद लोग एक-दूसरे के ऊपर गिरने लगे।

**प्रत्यक्षदर्शी बोले- लाठीचार्ज करने से मची भगदड़**

### मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख का ऐलान

**मुख्यमंत्री** नीतीश कुमार ने सिद्धेश्वरधाम मंदिर में हुए हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिवारों को चार-चार लाख मुआवजे का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री ने सभी घायलों का उचित इलाज का आदेश दिया है।

### कठुआ में आतंकियों के पांच सहयोगी गिरफ्तार

**अशोक ठाकुर, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सोमवार को पुलिस ने आतंकियों के पांच सहयोगियों को गिरफ्तार किया। ये कठुआ-बनी-किश्तवाड़ में मुठभेड़ के बाद सहयोग करने व अन्य आतंकी गतिविधियों में शामिल थे।

हाल ही में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच कई मुठभेड़ हुई हैं। सेना ने पुंछ, राजौरी, कठुआ, डोडा, रियासी और उधमपुर जिले में 4,000 से अधिक उच्च प्रशिक्षित सैनिकों को तैनात किया है। इनमें पैरा कमांडो और पर्वतीय युद्ध में प्रशिक्षित सैनिक शामिल हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में 40-50 कट्टर विदेशी भाड़े के आतंकवादी सक्रिय हैं। सुरक्षाबलों ने आतंकियों के खात्मे के लिए तलाशी क्षेत्र का दायरा बढ़ाया है। (अनंत ज्ञान)

### राज्यमार्ग वाहन पार्किंग के लिए नहीं, एंबुलेंस, बुजुर्गों और छात्रों को हो रही परेशानी

# सुप्रीम कोर्ट के शंभू बॉर्डर को एक हफ्ते में आंशिक तौर पर खोलने के आदेश

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**सुप्रीम** कोर्ट ने करीब 6 महीने से बंद पंजाब-हरियाणा के बीच शंभू बॉर्डर को आंशिक तौर पर खोलने के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कड़ी टिप्पणी की कि राज्यमार्ग वाहन पार्किंग के लिए नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एंबुलेंस, सीनियर सिटीजंस, महिलाओं, छात्रों को परेशानी हो रही है। कोर्ट ने एक हफ्ते के भीतर हाईवे की एक लेन खोलने का आदेश दिए। इसके लिए पंजाब और हरियाणा के डीजीपी के अलावा पटियाला, मोहाली और अंबाला के एसपी को मीटिंग कर इस पर फैसला लेने को कहा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केस की सुनवाई 22 अगस्त को होगी। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि अगर पंजाब और हरियाणा के पुलिस अधिकारियों के बीच सहमति बन जाती है तो फिर सुनवाई की तारीख का इंतजार करने की जरूरत नहीं है। प्रदर्शनकारी किसान 13 फरवरी से शंभू बॉर्डर पर डेरा डाले हुए हैं। न्यायालय ने पंजाब सरकार को शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनकारी किसानों को सड़क से ट्रैक्टर हटाने के लिए राजी करने को कहा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भूइयां की पीठ ने एक समिति गठित करने के वास्ते गैर-राजनीतिक नाम सुझाने के लिए पंजाब और हरियाणा सरकारों की भी सराहना की। यह समिति प्रदर्शनकारी किसानों के साथ बैठकें करेगी। पीठ ने कहा कि हम शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनकारी किसानों से बातचीत करने के लिए गठित की जाने वाली समिति की शर्तों पर संक्षिप्त आदेश पारित करेंगे।

# यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी-नेट (राष्ट्रीय योग्यता परीक्षा) परीक्षा रद्द करने के सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली परीक्षार्थियों की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इस समय सुनवाई करने से अव्यवस्था पैदा होगी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने कहा कि सरकार 21 अगस्त को नए सिरे से परीक्षा आयोजित कर रही है और छात्रों के मन में इस समय एक प्रकार की तसल्ली की भावना होनी चाहिए। परीक्षा में बैठने वाले छात्रों की संख्या करीब नौ लाख है। सीजेआई ने याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा कि इस कदम का गंभीर प्रभाव पड़ेगा और व्यापक रूप से अव्यवस्था पैदा हो जाएगी। पीठ ने जिक्र किया कि परीक्षा 18 जून को आयोजित की गई थी और इसके एक दिन बाद इसे रद्द कर दिया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को नीट-यूजी विवाद के बाद दोगुना सतर्क रहना चाहिए और इसी कारण इसे रद्द कर दिया गया। अब इस प्रक्रिया को चलने दें।

**न्यायालय बोला- इस समय सुनवाई करने से अव्यवस्था पैदा होगी**

# हिंडनबर्ग के 'जिन्न' से गरमाई सियासत, भाजपा-कांग्रेस में 'वाकयुद्ध'

### हिंडनबर्ग कांग्रेस की साजिश : रविशंकर



**हिंडनबर्ग** रिपोर्ट पर उठाए जा रहे सवालों पर भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह भारत के लोगों की ओर से ठुकराए जाने के बाद कांग्रेस, उसके सहयोगी और टूलकिट गैंग की देश में आर्थिक अराजकता और अस्थिरता लाने की साजिश है। भारत शेयरों के मामले में सुरक्षित, स्थिर और आशावादी बाजार है। इस बाजार की निगरानी करना सेबी की कानूनी जिम्मेदारी है। जुलाई में सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हुई जांच के बाद जब सेबी ने हिंडनबर्ग को नोटिस जारी किया तो उसने अपना जवाब नहीं दिया। बल्कि बेबुनियाद हमला किया।

### कंगना ने राहुल को बताया खतरनाक इंसान



**मंडी** से भाजपा सांसद कंगना रनौत ने राहुल गांधी पर हमला बोला है। कंगना ने राहुल गांधी को खतरनाक इंसान बताया। उन्होंने कहा कि उनका एजेंडा यह है कि अगर वह प्रधानमंत्री नहीं बन सकते तो वे इस देश को नष्ट कर सकते हैं। देश की अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। हिंडनबर्ग रिसर्च के हालिया रिपोर्ट का जिक्र करते हुए 'एक्स' कहा कि राहुल सबसे खतरनाक आदमी हैं, वे कटु, जहरीले और विनाशकारी हैं।

### माधवी बुच दे इस्तीफा : कांग्रेस





**कांग्रेस** के महासचिव जयराम रमेश ने कांग्रेस ने भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड सेबी की प्रमुख माधवी बुच के खिलाफ हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों को लेकर सोमवार को उनके इस्तीफे की मांग की। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया कि वह इस मामले की जांच सीबीआई या एसआईटी को सौंपे। अडाणी मामले में सेबी के समझौता करने की आशंका जताई। यह मामला एक ''नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री'' और एक 'नॉन-बायोलॉजिकल कारोबारी' से जुड़ा हुआ है। वहीं, कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सेबी की प्रमुख माधवी बुच के खिलाफ 'हिंडनबर्ग रिसर्च' के आरोपों को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इस मामले पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच की मांग स्वीकार नहीं की गई तो वह देशव्यापी विरोध-प्रदर्शन शुरू करेगी।

### शेयर बाजार ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट को दिखाया ठेंगा



**मुंबई।** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को मामूली गिरावट रही। अमेरिकी शोध और निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच और उनके पति के खिलाफ विदेशी कोष में अघोषित निवेश को लेकर रिपोर्ट से बाजार में उठा-पटक की आशंका से निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। सेंसेक्स में शुरुआत में तेज गिरावट आई थी। हालांकि, बाद में यह 56.99 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 79,648.92 अंक पर बंद हुआ। सुबह के कारोबार में यह 479.78 अंक तक लुढ़क गया था।

**सेंसेक्स में मामूली गिरावट**

### कोचिंग सेंटर के लिए दिशा-निर्देश तय करने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया जिसमें प्राधिकारियों को कोचिंग संस्थानों के लिए आपराधिक दायित्व के साथ दिशा-निर्देश पुन: तैयार करने के वास्ते निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। याचिका में अधिकारियों को एक ऐसी शिक्षा प्रणाली लाने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया जो छात्रों को प्रवेश परीक्षाओं के लिए तैयार करने के बजाय उनके दिमाग को परिष्कृत करने वाली हो। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की पीठ ने कहा कि इस तरह का निर्देश देना अदालत के अधिकार क्षेत्र में नहीं है।

# कोलकाता रेप-मर्डर केस में देशभर में डॉक्टरों की हड़ताल

## तीन लाख रेजिडेंट डॉक्टरों ने जताया रोष, ओपीडी सेवाएं हुईं प्रभावित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कोलकाता** के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में पीजी ट्रेनी महिला डॉक्टर की रेप-हत्या मामले को लेकर देशभर में डॉक्टरों में आक्रोश है। इस घटना के खिलाफ सोमवार को देशभर के 3 लाख रेजिडेंट डॉक्टरों ने हड़ताल की। एम्स दिल्ली समेत देशभर के सभी सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवाएं प्रभावित हुई हैं।

इमरजेंसी सेवाएं चालू रखी गई हैं। 8 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर के साथ की अर्धनग्न लाश मिली थी। पुलिस के मुताबिक, रेप के बाद उसकी हत्या की गई। प्राइवेट पार्ट, आंखों और मुंह से खून बह रहा था। उसकी गर्दन की हड्डी भी टूटी हुई पाई गई थी। ऑल इंडिया रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी डॉ. सर्वेश पांडे ने कहा कि हेल्थ सेक्रेटरी से हमने घटना की सीबीआई जांच कराने और डॉक्टर्स की सुरक्षा के लिए सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट बनाने की मांग रखी है। जब तक लिखित आश्वासन नहीं मिलता, हड़ताल जारी रखेंगे। पुलिस के डिटेक्टिव विभाग ने पूछताछ के लिए आरजी कर अस्पताल के 4 डॉक्टरों को बुलाया है, जिनसे पूछताछ की गई। दूसरी तरफ इस मामले में आरजी कर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल संदीप घोष ने इस्तीफा दे दिया है।

**मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल संदीप घोष ने दिया इस्तीफा**

### ममता बोलीं, पुलिस केस सॉल्व नहीं कर पाई तो सीबीआई को सौंप देंगे

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को ट्रेनी डॉक्टर के घर पहुंचीं और परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि 18 अगस्त तक पुलिस केस सॉल्व नहीं कर पाई तो जांच सीबीआई को सौंप देंगे। हालांकि, सीबीआई का सक्सेस रेट काफी कम है। केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में भी चलना चाहिए।




## न्यूज ब्रीफ

### सुनील वर्मा बने शिमला के मुख्य आयकर आयुक्त



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड दिल्ली कार्यालय से जारी किए गए आदेश के अनुसार सुनील वर्मा ने मुख्य आयकर आयुक्त शिमला का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। सुनील वर्मा भारतीय राजस्व सेवा के 1990 बैच के अधिकारी है और वे हिमाचल प्रदेश के जिला लाहौल-स्पिति के निवासी है। पदोन्नति से पूर्व वर्मा शिमला में ही बतौर प्रधान आयकर आयुक्त कार्यरत थे। मुख्य आयकर आयुक्त, शिमला प्रभार के अंतर्गत शिमला, हिसार, करनाल, गुड़गांव एवं चंडीगढ़ स्थित प्रधान आयकर आयुक्त (एयु, आरयु, वीयु) के कार्यालयों के अतिरिक्त शिमला, पालमपुर, जालंधर, जम्मू, श्रीनगर, चंडीगढ़ एवं पटियाला स्थित आयकर आयुक्त ( अपील्स) के कार्यालय भी आते हैं।

### एलडीएम शिमला करेगा हॉरर रिमेम्ब्रेंस-डे का आयोजन

**अनंत ज्ञान, शिमला।** एलडीएम शिमला द्वारा केंद्र सरकार के आदेशानुसार 13 अगस्त 2024 से 15 अगस्त तक एचपीएमआईडीसी शाखा में हॉरर रिमेम्ब्रेंस-डे का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभाजन विभीषिका और उन कहानियों को याद करना है जो हमारे दिलों में गहरी छाप छोड़ गई हैं। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विभाजन विभीषिका का प्रदर्शन किया जाएगा। मुख्यातिथि के रूप में बैंक के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### पीरन स्कूल में बच्चों ने रोपे औषधीय पौधे




**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत राजकीय वरिष्ठ विद्यालय पीरन में आंचल ईको क्लब द्वारा वन महोत्सव मनाया गया। प्रधानाचार्य महेश शर्मा ने दाडू का पौधरोपित करके पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया। बच्चों व स्टाफ ने स्कूल परिसर के आसपास विभिन्न प्रजातियों के 100 से अधिक औषधीय पौधे रोपित किए गए । प्रधानाचार्य महेश शर्मा ने बताया कि मानव जीवन में वनों का बहुत महत्व है।इको क्लब इंचार्ज मीरा परिहार ने बच्चों को औषधीय पौधों के महत्व के बारे विस्तार से बच्चों को जानकारी दी ।

### आज से शुरू होगी 'हर घर तिरंगा यात्रा'

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा शिमला मंडल हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन 13 अगस्त यानी आज करने जा रहा है। इस यात्रा में मुख्य रूप से युवा मोर्चा अग्रिम भूमिका में रहेगा। यह बात भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष श्याम शर्मा ने बताई। श्याम से बताया की हर घर तिरंगा यात्रा सीटीओ शिमला से दौलतराम पार्क रिज तक निकाली जायेगी। इस यात्रा का समय शाम 5 बजे रहेगा। इस यात्रा के मंडल यात्रा प्रभारी प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, मंडल अध्यक्ष सुनील धर, प्रत्याशी संजय सूद, एवं मंडल भाजपा, युवा मोर्चा के मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। श्याम ने बताया की यह यात्रा युवा मोर्चा शिमला मंडल द्वारा आयोजित की जाएगी।

### एसएफआई कोटशेरा की आम सभा आयोजित



**अनंत ज्ञान, शिमला।** एसएफआई कोटशेरा ने एक आम सभा का आयोजन किया, जिसमें मुख्य वक्ता एसएफआई राज्य अध्यक्ष अनिल ठाकुर रहे। इस अवसर पर एसएफआई ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में छात्र संगठनों के महत्व और आज के समय में छात्र संगठनों की प्रासंगिकता के बारे में शिक्षित किया, जिन्होंने छात्र संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। कॉमरेड अनिल ठाकुर ने कहा कि छात्र संगठन न केवल स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं, बल्कि आज भी छात्रों के अधिकारों की रक्षा और सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

### युवाओं को नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में सोमवार को सुबह युवाओं को नशे से दूर रहने और नशे के विरुद्ध जागरूक करने के लिए भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के नशा मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत शपथ ग्रहण समारोहों का आयोजन किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में जिला बिलासपुर के हजारों बच्चों युवाओं और विभिन्न कार्यालयो के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा नशे से दूर रहने तथा अपने सगे संबंधियों को इस बुराई से बचने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने की शपथ ली। यह जानकारी उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने दी।

### संस्कृत कॉलेज डगार में मनाया विश्व युवा दिवस



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वास्थ्य खंड घुमारवीं के तहत पड़ते राजकीय संस्कृत कॉलेज डगार में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आशुतोष शर्मा के दिशा-निर्देश अनुसार युवा दिवस मनाया गया। यह दिवस हर वर्ष 12 अगस्त को मनाया जाता है। इस दिवस पर मुख्य रूप से कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर धनीराम कौशल उपस्थित रहे। युवा दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य युवाओं से जुड़े मुद्दों को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के ध्यान में लाना तथा आज के वैश्विक समाज में भागीदार के रूप में युवाओं की क्षमता का जश्न मनाना है। इस प्रोग्राम में किशोर स्वास्थ्य समन्वयक सुभाष चौहान, आईसीटीसी काउंसलर मोनिका, स्वास्थ्य कार्यकर्ता रीना तथा अजय तथा कालेज स्टाफ उपस्थित रहे।

### ब्रेकिंग जेंडर स्टीरियोटाइप पर करवाई स्पर्धाएं



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जेंडर इक्विटी सेल अपनी विभिन्न गतिविधियों से युवाओं को लैंगिक असमानता तथा रूढ़िवादी संकीर्ण सोच से समाज को मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में सोमवार को सेल के द्वारा ब्रेकिंग जेंडर स्टीरियोटाइप विषय पर पोस्टर मेकिंग तथा स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विभिन्न संकायों से 30 प्रतिभागियों ने लैंगिक असमानता को समाज से खत्म करने के उद्देश्य से विभिन्न पोस्टर बनाए और स्लोगन लिखे। बिलासपुर कॉलेज महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा कि इस तरह की गतिविधियों से न केवल हमारा समाज जागरूक होता है बल्कि हमारा समाज को भी एक नई दिशा मिलती है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी देश का विकास तब तक नहीं हो सकता जब तक कि दोनों को समान अवसर प्राप्त न हो। इस अवसर पर कमेटी के मेंबर प्रोफेसर नवीन बंसल, प्रोफेसर अनुप्रिया, प्रोफेसर हितेश, प्रोफेसर सोनिका सोबल और प्रोफेसर पूजा उपस्थित रहे।

### वाल्मीकि समुदाय ने विधायक का जताया आभार



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर शहर के वार्ड-8 की पार्षद सोनिया की नगर परिषद उपाध्यक्ष पद पर ताजपोशी के लिए आभार जताने पहुंचे वाल्मीकि समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए सदर विधायक त्रिलोक जमवाल ने कहा कि जब से केंद्र में मोदी सरकार बनी है, विकास की रोशनी हर गांव व गली तक पहुंच रही है। त्रिलोक जमवाल ने कहा कि हिमाचल की पूर्व भाजपा सरकार के समय भी हर वर्ग के हित में कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की गई थी, लेकिन कांग्रेस के सत्ता में आते ही एक-एक करके उन्हें बंद किया जा रहा है। इससे कांग्रेस का असली चेहरा बेनकाब हो रहा है। उन्होंने वाल्मीकि समुदाय को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष कमल गौतम, पार्षद नरेश कुमारी तथा वाल्मीकि सभा के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर विभिन्न कॉलेजों में नशे के खिलाफ किया जागरूक

# नशे से इंसान की बर्बादी और दर्दनाक मौत तय



ज्ञान विज्ञान समिति द्वारा आयोजित युवा सम्मेलन में मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )**

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति के नेतृत्व ने प्रदेश भर में नशे के मुद्दे पर युवाओं से चर्चा की और उन्हें नशे के खिलाफ अभियान में आगे आने का आह्वान किया। समिति ने जनजातीय जिलों को छोड़कर अन्य सभी जिलों में 'युवाओं के साथ सीधा संवाद' थीम के साथ समाज में बढ़ते नशे पर युवाओं से चर्चा की, जिसकी अध्यक्षता समिति के संस्थापक अध्यक्ष राज्याध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह तंवर ने की।

इस चर्चा में वरिष्ठ नेतृत्व के अलावा समिति के वयोवृद्ध और वरिष्ठ साथी प्रो. टीडी वर्मा, प्रो. गुलाटी, प्रो. बीएस पंवर, प्रो. केएस धीर, उर्मिल ठाकुर, हीरानंद शांडिल ने युवाओं से सीधा संवाद में शिरकत की और युवाओं का आह्वान किया। समिति के अध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश ने शिमला, राज्य सचिव सत्यवान पुंडीर और सह सचिव सीता राम ठाकुर ने चंबा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेन्द्र कपूर ने नाहन और उपाध्यक्ष डॉ. आर.के. शर्मा ने कुल्लू में युवाओं से संवाद किया। राज्य कोषाध्यक्ष भीम सिंह, सह सचिव गजेन्द्र शर्मा, सुनीता बिष्ट सहित राज्य कार्यकारिणी के विभिन्न सदस्यों व जिला सचिवों ने भी युवाओं से नशे की बढ़ती समस्या पर चर्चा की। शिमला में समिति के राज्य मुख्यालय सहित विकास खंड रामपुर औरर टुटू में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य कार्यालय में राज्याध्यक्ष के साथ जिला सचिव नवीन शर्मा, सीमा चौहान, सुमित्रा चंदेल, डॉ. रीना सिंह, डॉ. कुलदीप सिंह तंवर ने कहा कि इंसान की बर्बादी निश्चित है और अंततः वक्त से पहले और दर्दनाक मौत तय है।

### शिक्षकों व छात्रों ने ली नशे के खिलाफ शपथ

**दशमी रावत, जुब्बल।** लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सरस्वतीनगर में प्राचार्य प्रेम प्रकाश चौहान की अध्यक्षता में नशे के खिलाफ एंटी ड्रग्स कमेटी के द्वारा आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम एंटी ड्रग्स कमेटी की संयोजिका डॉ. सुमित्रा चौहान व सहसंयोजक डॉ. नरेश एवं प्रोफेसर प्रियंका द्वारा आयोजित करवाया गया , जिसमें नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के आदेशानुसार नशे के खिलाफ प्रतिज्ञा ली गई। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा अपने प्रेरक वक्तव्य से छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया ।



सरस्वतीनगर कॉलेज में नशे के खिलाफ शिक्षकों व छात्रों ने ली शपथ

# चायल कोटी कॉलेज में किया एड्स पर जागरूक




चायल कोटी कॉलेज में जागरूकता शिविर।

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )**

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर डिग्री कॉलेज चायल-कोटी के रेड रिबन क्लब और स्वास्थ्य विभाग मशोबरा के संयुक्त तत्वाधान में विशेष स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. दीप शिखा ने की। प्राचार्य ने युवाओं को स्वस्थ रहने, प्रदेश एवं देश के विकास में अपना योगदान देने एवं लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया।

एड्स संक्रमण के बाद चिकित्सकों से सलाह लेकर उपचार किया जाना चाहिए । उन्होने कहा कि संतुलित आहार लेकर बच्चों को अपने स्वास्थ्य को दुरुस्त कर सकते हैं। छात्रों को खुद तंदरुस्त एवं जागरूक रहने के साथ-साथ लोगों को भी जागरूक करने के लिए बच्चों को प्रेरित किया।

दूसरा विशेष सत्र के दौरान स्वास्थ्य विभाग की पर्यवेक्षिका ने छात्राओं के साथ महावारी से संबधित बातचीत की ओर उन्हें इस दौरान किन बातों का ध्यान रखना चाहिए इस बारे जागरूक किया।

रेड रिबन क्लब की समन्वयक प्रो. बोबिजा शर्मा ने सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिए स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में इस प्रकार के जागरूकता शिविर लगाने का आग्रह किया।

## भारतीय लोकनाट्य पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ



संगोष्ठी के दौरान मौजूद गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान शिमला में भारतीय लोकनाट्य लोक की सांस्कृतिक विरासत का संवाहक विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ।

यह संगोष्ठी 12 से 14 अगस्त 2024 तक आयोजित की जा रही है। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर शशिप्रभा कुमार, अध्यक्ष, शासी निकाय, भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला ने की। प्रोफेसर आरपी तिवारी, निदेशक, भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान एवं कुलपति, केंद्रीय विश्वविद्यालय, पंजाब, वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

उद्घाटन सत्र में प्रोफेसर राजेंद्र गौतम, पूर्व प्रोफेसर, हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय एवं हरियाणा साहित्य अकादमी द्वारा हरियाणा गौरव सम्मान से सम्मानित ने वचार व्यक्त किए। इसके बाद, प्रोफेसर कुलदीप चंद अग्निहोत्री, उपाध्यक्ष, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकूला ने लोकनाट्य की सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डाला। अंत में, अध्यक्षीय संबोधन प्रोफेसर शशिप्रभा कुमार ने ऑनलाइन माध्यम से दिया, जिसमें उन्होंने भारतीय लोकनाट्य की महत्ता पर जोर दिया। कार्यक्रम का समापन श्री मेहर चंद नेगी, सचिव, भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

## शिक्षा मंत्री भाजपा कार्यकाल की योजनाओं का कर रहे लोकार्पण : उमेश

**दशमी रावत, जुब्बल।** भारतीय जनता पार्टी जुब्बल कोटखाई मंडल अध्यक्ष उमेश शर्मा ने कहा कि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर द्वारा जो विकास योजना के उद्घाटन किए गए है उसका सारा बजट भाजपा के समय स्वीकृत



किया गया था। पिछले दिनों मंत्री द्वारा भौलाड ग्राम पंचायत भवन का उद्घाटन किया गया, जिसकी निर्माणधीन राशि 33 लाख रुपए भी भाजपा सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत की गई थी। उमेश शर्मा ने कहा कि भाजपा के समय जुब्बल क्षेत्र के अंदर विभिन्न विकास योजनाओं का शुभारंभ किया गया था, लेकिन वर्तमान सरकार के उदासीन रवैये के कारण ये सभी विकासात्मक परियोजनाएं अधर में लटक गई है।

## कांग्रेस युवा संवाद ने किया पौधरोपण




पौधरोपण दौरान मौजूद स्थानीय ग्रामीण सहित कांग्रेस युवा संवाद के प्रदेश संयोजक।

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

ग्राम पंचायत ततापानी के रंडोल में एक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेस युवा संवाद के प्रदेश संयोजक रवि रतन शर्मा मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित हुए।

इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख नेताओं में युवा संवाद के प्रदेश महासचिव राजेश कश्यप, सचिव अशोक वशिष्ट, बूथ अध्यक्ष भीम सिंह, जितेंद्र, पूर्व वार्ड सदस्य तारामणि, वार्ड सदस्य सुमित्रा, लीलाधर और स्थानीय महिला मंडल उप प्रधान नीलम व बाकी सदस्या और युवक मंडल के सदस्य शामिल थे।

### चियोग स्कूल में बच्चों ने रोपे औषधीय पौधे

**जुन्गा (शिमला)।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ विद्यालय चियोग में गुलमोहर ईको क्लब द्वारा वन महोत्सव मनाया गया। प्रधानाचार्य संदीप ने देवदार का पौधा रोपित करके पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया।



## चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला पुलिस ने शिमला में चोरी करने वाला आरोपी कुल्लू ऑट में दबोचा है। शिमला के रिहायशी इलाके यूएस क्लब ब्लॉक नंबर-4 में एक घर में शातिरों ने लाखों रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इस वारदात की शिकायत मनजीत नेगी ने सदर थाना में दर्ज की थी कि शातिरों ने उनके लाखों रुपए के सोने चांदी के गहने चुरा लिए है।

चोरी की शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामले में छानबीन शुरू कर दी तथा वारदात में संलिप्त आरोपी को कुल्लू ऑट में गिरफ्तार किया। पकड़ा गया आरोपी जावेद जम्मू का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार आरोपी का बड़ा भाई लोकनिर्माण विभाग में लकड़ी का ठेकेदार है जो चोरी के लिए अरसे से रैकी कर रहा था। इसके इंटरस्टेट चोर गैंग से तार जुड़े बताए जा रहें हैं।

# मलबा एकत्रित होने के बाद जागा जिला प्रशासन, शुरू की नालियों की सफाई

## बारिश के चलते नगर के डियारा सेक्टर में एकत्रित हो गया था मलबा

**शुभम राही, बिलासपुर**

दो दिन भारी बारिश के बाद जिला प्रशासन जागा है। नगर के डियारा सेक्टर में भारी बारिश के चलते एकत्रित हुए मलबे को हटाया गया और उसके बाद सोमवार को नगर की नालियों को साफ किया जा रहा है। अगर यही नालियां बरसात के मौसम शुरू होने से पहले साफ की जाती तो आज डियारा सेक्टर के कुछ भागों में मलबा एकत्रित नहीं होता। आपको बता दें कि दो दिन की भारी बारिश के चलते पानी का बहाव अधिक हो गया और पानी और मलबा डियारा सेक्टर के कुछ भागों में आ गया। हालात ऐसे हो गए कि यह मलबा और पानी लोगों की दुकानों में जा घुसा, जिससे कुछ दुकानदारों को नुकसान भी हुआ है। ऐसे में बीते रविवार को नगर परिषद की ओर से जेसीबी के माध्यम से सड़क से मलबा हटाया गया और रास्तों को साफ किया जा रहा है। वहीं, सोमवार की बात करें तो यहां पर शहर के कुछ स्थान जहां नालियां पूरे मलबे से भर चुकी है उसको लोनिवि विभाग द्वारा साफ किया जा रहा है। अब सवाल यह पैदा हो रहा है कि अगर बरसात से पहले ही इस तरह की तैयारियां प्रशासन पहले कर लेता तो आज यह स्थिति पैदा नहीं होती।



**नालियां ब्लॉक होने के कारण दुकानों में घुस गया था बारिश का पानी**

गौरतलब है कि प्रदेश भर में भारी बारिश का क्रम लगातार जारी है। जिसके चलते यहां पर काफी स्थानों पानी और सड़के खराब होने की कगार पर आ चुकी है। वहीं, आपको बिलासपुर शहर की बात बताई जाएं तो यहां की अधिकतर नालियां काफी समय से जाम पड़ी है। जिसके चलते पानी को निकासी नहीं मिलने के बाद अधिक मात्रा में एक स्थान पर पानी एकत्रित हो रहा है, जिसके चलते ये परेशानियां हो रही हैं। (अनंत ज्ञान)

### गोबिंदसागर झील का जलस्तर बढ़ा

**भारी** बारिश के चलते अब गोबिंदसागर झील का जलस्तर भी बढ़ गया है। नगर के लुहणू मैदान में गोबिंदसागर झील के बढ़ते जलस्तर को देखा जा सकता है। वहीं, प्रशासन ने भी लोगों से अपील की है कि नदी नालों के नजदीक न जाएं। भारी बारिश के चलते झील का जलस्तर दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा हैं।

## बिलासपुर जिले की 29 पंचायतें टीबी मुक्त : उपायुक्त

**बिलासपुर।** जिला को टीबी मुक्त बनाने के लिए संबंधित विभाग प्राथमिकता दें। घर-घर जाकर लोगों में टीबी रोग के बारे में जागरूकता पैदा करें। यह बात उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने संबंधित विभागों से कहा कि 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य रखा है और इसको पूरा करने के लिए अधिकारी हर स्तर पर प्रयास करें। उन्होंने बताया कि जिला में व्यस्क टीबी टीकाकरण आरंभ हो चुका है अब तक दो हजार व्यस्कों को यह खुराक दी जा चुकी है। टीबी मुक्त हिमाचल प्रदेश कार्यक्रम के अंतर्गत जिला बिलासपुर की 29 पंचायतें टीबी मुक्त हो चुकी हैं। जिला क्षय रोग उन्मूलन अधिकारी डॉ. अनंत चौहान ने बताया कि जिला में टीबी मुक्त अभियान को सुदृढ़ करने के लिए रविवार को आशा कार्यकर्ता घर घर जाकर जागरूक कर रही हैं। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके सिंह, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परविंद्र सिंह, समस्त बीएमओ उपस्थित रहे।

## आपात स्थिति में 1077 और 112 पर दें सूचना

# बरसात में नदियों-नालों और खड्डों से दूर रहें लोग : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

उपायुक्त बिलासपुर एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्राधिकरण बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने सोमवार को जिला में गत दो दिनों से हुए भारी बारिश के कारण हुए नुकसान की जानकारी सभी विभागों के अधिकारियों से ली। उन्होंने बताया कि जल शक्ति विभाग के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र सदर में 10, विधानसभा क्षेत्र घुमारवीं में 10 और विधानसभा क्षेत्र झंडूता के 4 पेयजल परियोजनाएं प्रभावित हुई थी, जिसकी अब अस्थाई बहाली कर दी गई है।

इसके अतिरिक्त लोक निर्माण विभाग की सभी सड़क बहाल कर दी गई है और विभाग द्वारा संवेदनशील सड़कों पर जेसीबी और मजदूरों की तैनाती कर दी गई है। इसके उपरांत उन्होंने कहा कि दक्षिण पश्चिम-मानसून-2024 हिमाचल प्रदेश में पूर्ण रूप से सक्रिय है और बिलासपुर में भी अब अपने पूरे चरम पर है। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम के दौरान जिला में विभिन्न स्थानों पर भू.स्खलन की घटनाएं हो रही है। अधिक बारिश के कारण अब नदी नालों का जलस्तर भी बढ़ गया है। ऐसे में नदी नालों के किनारे जाना खतरे से खाली नहीं है।

ऐसे में कभी भी किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना हो सकती है। ऐसी अप्रिय घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतू सभी जिला वासियों से उन्होंने अपील करते हुए कहा कि नदियों नालों और खड्डों के समीप जाने से और इनमें तैरने, नहाने, कपड़े धोने एवं अन्य किसी प्रकार की गतिविधियों से परहेज करें, ताकि बरसात के दौरान होने वाले किसी संभावित खतरे से बचा जा सके। उन्होंने जिला की सभी ग्राम पंचायतों, स्कूलों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों से अनुरोध किया कि वह अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में लोगों को इस संदर्भ में जागरूक करें और सतर्कता बनाए रखें।

उन्होंने जिलावासियों से कहा कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में उपायुक्त कार्यालय स्थित आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के निशुल्क दूरभाष नंबर 1077 व 112 पर तुरंत सूचना दें।

# 10 वर्ष सेवाएं दे चुकी मिड-डे मील वर्कर्स को करें नियमित



**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी**

मिड-डे मील वर्कर्स ने सरकार से मांग की है कि सरकारी स्कूलों में 10 वर्षों से कार्य कर रहे हजारों मिड-डे मील वर्कर्स को रेगुलर किया जाए, ताकि उन्हें भी सरकारी सुविधाएं मिल सकें।

यह मांग मिड-डे मील वर्कर्स संघ की स्वारघाट में राज्य अध्यक्ष कमलेश ठाकुर की अध्यक्षता में हुई बैठक में उठाई गई। बैठक में जिला भर से करीब 60 वर्कर्स ने भाग लिया। कमलेश ठाकुर ने बताया कि मिड-डे मील वर्कर्स स्कूलों में राशन सिलेंडर तक खुद लाती हैं, लेकिन सुविधाओं के नाम पर उन्हें इतने वर्षों में कुछ नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार अब कई स्कूलों को बंद करने जा रही है, जिससे वहां पर तैनात मिडडे वर्कर्स भी प्रभावित होने जा रहे हैं उनके भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए सरकार अवश्य इस पर विचार करे और उन्हें निकटवर्ती स्कूलों में तैनात करें। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रेखा देवी, नीलम, फूला देवी, माला देवी, उर्मिला देवी, गोदावरी साहित अन्य उपस्थित रही।

## भाजयुमो ने शहीद स्मारक में की साफ-सफाई

**बिलासपुर।** 'हर घर तिरंगा' अभियान के शहीद स्मारक स्वच्छता कार्यक्रम के तहत भाजयुमो की सदर मंडल इकाई ने सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित शहीद स्मारक की स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। देश के लिए मर-मिटने वाले शूरवीरों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने पूरे स्मारक को साफ-सुथरा बनाने के लिए जमकर पसीना बहाया। शहीद स्मारक स्वच्छता कार्यक्रम के तहत भाजयुमो सदर मंडल अध्यक्ष अक्षय ठाकुर की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय के चंगर सेक्टर में शहीद स्मारक को स्वच्छ बनाने के लिए चलाए गए अभियान में संगठन के प्रदेश महामंत्री डॉ. सन्नी शुक्ला ने विशेष तौर पर उपस्थिति दर्ज करवाई। उन्होंने कहा कि देश की सीमाएं रणबांकुरों की वजह से ही सुरक्षित हैं।

**आस्था** भारी बारिश भी नहीं रोक पाई माता रानी के भक्तों के कदम

# श्री नयना देवी मंदिर में अब तक डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने नवाया शीश

**मुकेश गौतम, श्री नयना देवी**

विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी मंदिर में श्रावण अष्टमी नवरात्र धूमधाम से चले हुए हैं। भारी बारिश के चलते और मौसम में हुए बदलाव के बाद भी श्रद्धालुओं के आने का क्रम कम नहीं हुआ है। प्रतिदिन यहां पर हजारों की संख्यां में श्रद्धालु मंदिर में पहुंच रहे हैं। सोमवार को काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया।



अभी तक आंकड़ों की बात करें तो यहां पर डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालु मंदिर पहुंच चुके हैं। वहीं, जिला प्रशासन और मंदिर न्यास के द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। पंजाब, हिमाचल, हरियाणा और अन्य प्रदेशों से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। अष्टमी पूजन के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचेंगे और अष्टमी पूजन करेंगे। इसके लिए जगह-जगह पुलिस बल तैनात की गई है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु लंगर कमेटी वालों ने भी विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाए हैं, जो कि श्रद्धालुओं को परोसे जा रहे हैं। लंगर कमेटी वालों के द्वारा भी स्वच्छता का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

उधर, बिलासपुर की एडीसी व मंदिर अधिकारी डॉ. निधि पटेल ने कहा कि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा देने के लिए प्रशासन कार्यरत है। (अनंत ज्ञान)




# 500 से अधिक हिमाचली अंगदान के लिए लालायित

## सोटो के तहत करवाया पंजीकरण, अभी तक हुए 5 के करीब लाइव डोनेशन, 1 कैडबरीक डोनेशन व 5 किडनी ट्रांसप्लांट

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

जीवन और मृत्यु प्रकृति का नियम है। यह भी सच है कि हम में से हर कोई व्यक्ति हमेशा जीवित रहना चाहता है, पर क्या यह मुमकिन है? सही से देखें तो यह भी मुमकिन है, किसी और के शरीर में खुद को जीवित रखा जा सकता है। किसी और को अंग दान करके जीवन दान देने का एहसास ही अलग है।

हिमाचल में अभी तक अंगदान के लिए 500 अधिक लोगों ने पंजीकरण करवाया है। अंगदान एक महादान है और बढ़कर कोई जीवनदान नहीं है। ऐसे में लोगों को अंगदान करने के लिए आगे आना चाहिए। अभी तक हिमाचल में 5 के करीब लाइव डोनेशन, एक कैडबरीक डोनेशन व 5 किडनी ट्रांस्पलांट हुए है। देश में अंगदान की कमी के चलते कारण होती है लाखों लोगों की मौतें हो जाती है। विदेशों में तो आज भी लोग अंगदान को लेकर बहुत जागरूक है, लेकिन भारत में ये जागरूकता लोगों तक पहुचाने की जरूरत है, इसके अलावा भारत देश में अंग तस्करी भी बढ़ती जा रही है।

अंगदान की प्रक्रिया अलग-अलग होती है। अंगों की भारी मांग है। यह दुखद है कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में लाखों लोग हर साल प्रत्यारोपण के इंतजार में मर जाते हैं। विभिन्न देशों की सरकारें अंगों की आपूर्ति बढ़ाने के लिए कदम उठा रही हैं और कुछ हिस्सों में दानदाताओं की संख्या बढ़ी है। अब हिमाचल में भी लोग जागरूक हो रहे हैं और अंगदान के लिए आगे आ रहे हैं। लोगों को खुलकर अंगदान के लिए आगे आना चाहिए। इन दिनों स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (सोटो) के तहत लोगों को अंगदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)




### इसलिए जरूरी है अंगदान

**कभी** ऑर्गन फैलियर के चलते तो कभी एक्सीडेंट के कारण ऑर्गन ट्रांसप्लांट जरूरी होता है, लेकिन हर वर्ष लाखों लोगों की मृत्यु सिर्फ इसीलिए हो जाती है क्योंकि उन्हें कोई अंग दाता नहीं मिल पाता। बड़ी आबादी वाले हमारे देश में अंगदान की कमी के चलते अक्सर लोग असमय मौत के मुंह में चले जाते हैं, लेकिन स्थिति को अंगदान करके डाला जा सकता है। वहीं बदलती जीवन शैली के चलते ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हृदय की बीमारी, ब्रेन स्ट्रोक व फेफड़े की बीमारियां बढ़ती जा रही है। इसकी वजह से किडनी हॉर्ट और लीवर बड़ी संया में फेल हो रहे हैं। ऐसे बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए अंगदान वरदान के समान साबित होता है।

### एक व्यक्ति बचा सकता है 8 लोगों का जीवन

**अंगदान** करने वाला एक व्यक्ति ऑर्गन के जरिए 8 लोगों का जीवन बचा सकता है। जीवित अंगदाता किडनी, लीवर का भाग, फेफड़े का भाग और बोन मैरो दान दे सकते हैं, वहीं मृत्युदाता यकृत, गुर्दे, फेफड़े, पेनक्रियाज, कॉर्निया और त्वचा दान कर सकते हैं। गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों और दुर्घटनाग्रस्त मरीजों के ब्रेन डेड होने के बाद यह प्रक्रिया अपनाई जा सकती है।

### पारिवारिक सहमति जरूरी

**अस्पताल** में मरीज को निगरानी में रखा जाता है और विशेष कमेटी मरीज को ब्रेन डेड घोषित करती है। मृतक के अंग लेने के लिए पारिवारिकजनों की सहमति बेहद जरूरी रहती है। डॉ. शोमिन ने बताया कि ब्रेन डेड मरीज के परिजनों को अंगदान के लिए प्रेरित करना बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य है। अंगदान के प्रति अनेक प्रकार की भ्रांतियां उन्हें यह परोपकार के कार्य करने नहीं देती। उन्होंने छात्रों से अनुरोध करते हुए कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों में अंगदान को लेकर जागरूकता फैलाएं ताकि जरूरतमंद को नई जिंदगी मिल सके

### 36 घंटे के भीतर होती है मरीज की मॉनिटरिंग

**अस्पताल** में ब्रेन डेड डिक्लेअर करने वाली कमेटी उपलब्ध होती है। अस्पताल के किसी भी वार्ड के आईसीयू में अगर कोई मरीज ब्रेन डेड की स्थिति में पहुंचता है तो ब्रेन डेथ कमेटी एक्टिवेट हो जाती है। यह कमेटी आगामी 36 घंटे के भीतर मरीज की पूरी तरह से मॉनिटरिंग करती है, पूरी तरह से आश्वस्त होने के बाद ही मरीज को ब्रेन डेड डिक्लेयर किया जाता है। समय रहते गलत धारणाओं और अंगदान के प्रति फैले भ्रम को दूर किया जाना चाहिए।

# सीएम ने की एचआईवी जागरूकता अभियान की शुरुआत

## राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य और अधोसंरचना में सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एचआईवी जागरूकता अभियान की शुरुआत की, जो 12 अक्तूबर तक चलेगा। प्रदेश के सभी जिलों में यह जागरूकता अभियान गांव स्तर तक चलाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एक जागरूकता वाहन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा दो महीने तक चलने वाले इंटिग्रेटिड हेल्थ चेकअप अभियान का भी शुभारंभ किया। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस 'क्लिक से प्रगति की ओर-सतत् विकास के लिए युवा डिजिटल माध्यम' के थीम पर मनाया जा रहा है।

सीएम सुक्खू ने युवा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार एड्स के प्रति जागरूकता लाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। राज्य सरकार एड्स से पीड़ित रोगियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि 'राज्य सरकार एंटी रेट्रो वायरल थैरेपी केंद्रों में निशुल्क उपचार करवाने वाले व्यक्तियों को 1500 रुपए प्रतिमाह की आर्थिक सहायता और पीड़ितों के 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को 300 रुपए से लेकर 800 रुपए प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। इसके साथ ही उपचार के लिए आने वाले व्यक्तियों को फ्री बस यात्रा की सुविधा भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि एचआईवी पीड़ित व्यक्तियों की हर प्रकार से मदद की जा रही है। उन्होंने कहा कि एचआईवी की जांच सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में निशुल्क की जाती है और जांच करवाने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एड्स जागरूकता पर आधारित एक प्रदर्शनी का शुभारंभ भी किया। कार्यक्रम के दौरान आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में कैंसर के बढ़ते मामलों पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसके अध्ययन के लिए राज्य सरकार ने आईसीएमआर से संपर्क किया है।


मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर एचआईवी जागरूकता अभियान की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति को संबोधित भी किया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सरकारी अस्पतालों में कैंसर के मरीजों को उनके उपचार के लिए 42 दवाइयां मुफ्त प्रदान कर रही है। इन दवाइयों को राज्य की अनिवार्य दवा सूची में शामिल किया गया है। इन दवाइयों में कैंसर उपचार के लिए प्रयुक्त होने वाला ट्रासटूजूम्ब टीका भी शामिल है, जिसकी कीमत लगभग 40 हजार रुपए होती है।

राज्य सरकार युवाओं को नशे व अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रखने के लिए खेलों की ओर प्रोत्साहित करने के प्रयास कर रही है। सुक्खू ने कहा कि राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के लिए सरकार ने डाइट मनी को 240 से बढ़ाकर 400 रुपए, जिला स्तर के लिए 300 रुपए और खंड स्तर के लिए 240 रुपए किया है। राज्य से बाहर खेल प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को दी जाने वाली डाइट मनी को 500 रुपए किया गया है। इसके साथ ही प्रदेश सरकार ने प्रदेश से बाहर आयोजित होने वाले खेल आयोजनों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को मिलने वाली यात्रा सुविधाओं में भी बढ़ौतरी की है। 200 किलोमीटर तक की यात्रा के लिए खिलाड़ियों को एसी-थ्री टियर रेल का किराया और 200 किलोमीटर से अधिक यात्रा करने वाले खिलाड़ियों को इकोनोमी क्लास में हवाई सफर का किराया प्रदान किया जा रहा है। विंटर ओलंपिक तथा पैरा-ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेताओं को पांच-पांच करोड़ रुपए, रजत पदक विजेताओं को तीन-तीन करोड़ रुपए तथा कांस्य पदक विजेताओं को दो-दो करोड़ रुपए प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा की गई है।

### युवा हमारे कल का भविष्य

**स्वास्थ्य** एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने कहा कि युवा हमारे शक्ति के स्रोत हैं और कल का भविष्य भी हैं, इसलिए राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि आज युवाओं को नशे से बचाना एक बड़ी चुनौती है। इसके साथ ही एड्स और एचआईवी के बारे में युवाओं को जागरूक करना भी अहम है। उन्होंने कहा कि युवाओं को एचआईवी और यौन रोगों से बचाने के लिए किए जा रहे प्रयासों में तेजी लाई जानी चाहिए, ताकि युवा पीढ़ी को इन रोगों से बचाया जा सके और वह शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रह सके तथा एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण किया जा सके।

# कांग्रेस ने चलाया जनता पर बोझ डालो अभियान: गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने वर्तमान कांग्रेस सरकार पर हमलावर होते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने भाजपा सरकार द्वारा जनता को दी गई सभी सुविधाएं वापस लेना का प्रदेशव्यापी अभियान चला रखा है। एचआरटीसी में महिलाओं, पुलिस कर्मियों, स्टूडेंट्स को मिलने वाली सारी सुविधाएं कांग्रेस सरकार वापस ले रही है।

जयराम सरकार के कार्यकाल में महिलाओं को किराए में पचास फीसदी छूट दी गई थी, सच में जयराम ठाकुर सरकार जनकल्याण के लिए जानी जाती है। पहले ये 25 प्रतिशत छूट थी, पर भाजपा सरकार ने इसे 50 प्रतिशत किया। इस निर्णय से कांग्रेस सरकार ने महिलाओं पर 130 करोड़ का सालाना बोझ डाल दिया है।

एचआरटीसी प्रबंधन के अनुसार सरकारी बसों में हर रोज छह लाख यात्री सफर करते हैं, इनमें से 1.60 लाख महिलाएं हैं और उन्हें किराए में पचास फीसदी छूट मिलती थी। इसी प्रकार हिम केयर योजना में बदलाव करना और हिमाचल प्रदेश की 60 प्रतिशत आबादी को इस जनकल्याणकारी योजना से बाहर करना सरकार के जन विरोधी रवैये को दिखाता है। उन्होंने कहा हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों एवं शिक्षा संस्थानों को बंद करना और मर्ज करना जन हित कर निर्णय नहीं है। अगर स्कूलों की कमी होगी तो उससे निजी स्कूलों को लाभ होगा, सवाल यह उठता है की क्या इस सरकारी स्कूलों को बंद करके सरकार निजी संस्थानों को लाभ पहुंचाना चाहती हैं।


**बोले- शिक्षा संस्थान बंद करना निजी संस्थानों को लाभ पहुंचने का मार्ग**

प्रदेश में लगभग 100 स्कूल बंद किए जा रहे हैं और 460 स्कूलों को विलय किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह ने कहा था कि प्रदेश में जहां एक विद्यार्थी भी होगा वहां भी स्कूल होगा, पर यह कांग्रेस सरकार इस वचन को भूल गई है। अत्मनिर्भत हिमाचल के नाम पर कांग्रेस की सरकार ने जनता को परेशान कर रखा हैं।

उन्होंने कहा कि बल्क ड्रग पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क जैसे बड़े प्रोजेक्ट को भी कांग्रेस सरकार द्वारा अंतर्ध्वंस किया जा रहा है। केंद्र सरकार ने हिमाचल को यह प्रोजेक्ट उद्योगिक प्रगति एवं युवा शक्ति को रोजगार देने के लिए बनाए थे, पर इस सरकार ने इन योजनाओं को धीमा कर दिया हैए रूल बदलकर उद्योग क्षेत्र को हिमाचल से दूर ले जाने का प्रयास किया जा रहा हैं।

### एक विश्वविद्यालय को गलत ढंग से लाभ पहुंचाने का है मामला

# विजिलेंस ने 3.5 लाख रुपए की नकदी समेत किए दो गिरफ्तार

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए विजिलेंस ब्यूरो धर्मशाला की टीम ने रविवार रात को पुलिस स्टेशन रक्कड़ के अंतर्गत पंजाब नंबर की एक क्रेटा कार को पकड़ने में सफलता हासिल की। वाहन में मौजूद दो व्यक्तियों राकेश चावला निवासी न्यू फ्लैट्स जीएसएस कॉम्प्लेक्स कॉलोनी फरीदकोट, पंजाब और पुनीत कुमार निवासी केसी रोड कॉलोनी, जिला बरनाला पंजाब को हिरासत लिया गया है।


बलवीर सिंह, एसपी विजिलेंस नॉर्थ जोन

सोमवार को आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। दोनों पंजाब के दो अलग-अलग विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत थे और उनके कब्जे से 3.5 लाख रुपए बरामद किए गए हैं। दोनों इस पैसे का स्रोत बताने में असमर्थ रहे। पता चला है कि उन्होंने हाल ही में पालमपुर क्षेत्र के एक विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च का निरीक्षण किया था। इस कार्य के लिए इन दोनों को फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा प्रतिनियुक्त किया गया था।

ऐसी आशंका है कि उन्हें अवैध लाभ पहुंचाने के लिए संबंधित संस्थान से अनुचित लाभ प्राप्त हुआ। दोनों के खिलाफ पुलिस स्टेशन, राज्य सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो धर्मशाला में पीसी अधिनियम 1988 (2018 में संशोधित) की धारा 13 (2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी नॉर्थ जोन बलवीर सिंह ने बताया कि विजिलेंस टीम मामले की जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

# शराब के दामों पर आज हो सकता है बड़ा फैसला

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** शराब के मनमाने दाम वसूलने के मामले में होने वाली सुनवाई में मंगलवार को अहम फैसला आ सकता है। वहीं विभागीय सूत्रों की मानें तो अगर मूल्य में कटौती होने का कोई फैसला कांगड़ा जिला में होता है तो इसका असर पूरे प्रदेश पर पड़ेगा तथा शराब के मूल्य में पूरे प्रदेश में कमी आएगी।

बताते चलें कि प्रदेश की नई आबकारी नीति के बाद शराब के मूल्यों में हुई वृद्धि को लेकर ये सुनवाई होगी। बताते चलें कि जिला उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग कांगड़ा ने दो अलग-अलग विवादों में 6 जुलाई को अंतरिम आदेश पारित करते हुए जिला सहायक उपायुक्त आबकारी एवं कराधान विभाग हिमाचल प्रदेश को आदेश दिए हैं कि 13 अगस्त 2024 के बाद जिला कांगड़ा में बिकने वाली शराब की हर बोतल में न्यूनतम खुदरा मूल्य के साथ-साथ अधिकतम खुदरा मूल्य भी स्पष्ट रूप से इंगित किया जाए व लाभांश भी स्पष्ट रूप से दर्शाया जाए।

जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा सदस्य नारायण ठाकुर व आरती सूद की खंडपीठ ने सुनाई के दौरान पाया कि लीगल मेट्रोलॉजी (पॉकेट कमोडिटीज) नियम 2011 के तहत खुदरा बिक्री मूल्य में यह स्पष्ट रूप से दर्शाया जाना चाहिए कि यह सभी करों सहित अधिकतम खुदरा मूल्य है। शिकायतकर्ताओं ने उपभोक्ता आयोग के पास शराब की बोतलों पर ठेकों में अधिक मूल्य वसूलने की शिकायतें की है, जिसकी सुनवाई 13 अगस्त को होनी है। उधर, इस बारे में जब आबकारी विभाग के उपायुक्त कांगड़ा प्रदीप शर्मा से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि संदर्भ में आबकारी आयुक्त को जानकारी उपलब्ध करवा दी गई है।

# शहीद प्रवीण शर्मा को ससम्मान अश्रुपूर्ण विदाई

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

शहीद लांस नायक प्रवीन शर्मा का सोमवार को अपने पैतृक गांव पाहलु में सैन्य ससम्मान के साथ अश्रुपूर्ण अंतिम विदाई दी गई। भारत माता की जय- प्रवीण कुमार अमर रहे के नारे से समूचा पाहलु गांव गूंज उठा। माता रेखा, बहनें व अन्य परिजन प्रवीण की तिरंगे झंडे में लिपटे पार्थिव शरीर को देखकर बिलख बिलख कर रो-रो कर बेसुध हो रहे थे। हर व्यक्ति इस प्रवीण की शहादत को लेकर गमगीन था। लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाए।


शहीद की अंतिम विदाई सेना के जवान व गांववासी तथा (इनसेट) प्रवीण शर्मा की फाइल फोटो।

शहीद के पिता राजेश शर्मा ने अपने इकलौते बेटे को मुखाग्नि दी गई। सेना के जवानों ने इस मौके पर शहीद को अंतिम सलामी दी। इस मौके पर विधायक रीना कश्यप, एसडीएम राजगढ़ राजकुमार ठाकुर, स्थानीय प्रधान रीना ठाकुर सहित भारी संख्या में मौजूद लोगों ने शहीद प्रवीण को अंतिम विदाई दी ।

बता दें कि बीते 10 अगस्त को राजगढ़ ब्लॉक के पाहलू गांव के लांस नायक प्रवीन शर्मा (26) का जम्मू कश्मीर के कोकरनाग में ऑपरेशन रक्षक के दौरान आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हुए है। प्रवीण शर्मा वन पैरा स्पेशल फोर्स में तैनात थे। प्रवीन शर्मा पझौता स्वतंत्रता सेनानी के वंशज से संबध रखते हैं। युवा शहीद प्रवीण शर्मा पालू गावं के राजेश शर्मा के इकलौते पुत्र है अर्थात दो बहनों का इकलौता भाई था। प्रवीण शर्मा के वीरगति प्राप्त करने की खबर से समूचे राजगढ़ क्षेत्र में शोक की लहर है।

# कांग्रेस के चार जिलों के नए जिलाध्यक्ष नियुक्त

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी।** हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस डॉक्टर सेल के प्रदेश चेयरमैन डॉ. आशीष कुमार ने सोमवार को संगठन की मजबूती और प्रभावशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से चार जिलों के लिए नए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा की है। यह नियुक्तियां संगठन के कार्यों में नए उत्साह और ऊर्जा का संचार करने के उद्देश्य से की गई हैं।

हमीरपुर से अंकुश कौशल, मंडी से रंजीत सिंह, ऊना से अनिल गौतम और सिरमौर से रमनदीप कश्यप को नियुक्त किया है। डॉ. आशीष ने कहा कि यह नियुक्तियां डॉक्टर सेल की आगामी गतिविधियों और अभियानों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

उन्होंने नव नियुक्त जिला अध्यक्षों से अपेक्षा जताई कि वे संगठन की नीतियों और कार्यक्रमों को जमीनी स्तर पर लागू करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे और युवाओं को कांग्रेस पार्टी के विचारधारा से जोड़ने का कार्य करेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नव नियुक्त जिला अध्यक्ष संगठन को और मजबूत करेंगे और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्थन बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। (अनंत ज्ञान)

**विश्लेषण** | विधानसभा उपचुनाव में जो हुआ उससे भाजपा नेताओं की हिलीं चूलें

# कई सदमे में, कई इंतजार में, भविष्य को लेकर नेता परेशानी में

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

सूबे की राजनीति में हमीरपुर जिला की स्थितियां-परिस्थितियां हमेशा ही भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों के लिए खास रहती हैं। इस बार बीते लोकसभा और विधानसभा उपचुनावों में इन दोनों ही दलों खासकर भाजपा के परंपरागत कुनबे की चूलें जिस अंदाज में हिली हैं। उसमें अब बड़े बदलाव की ओर इशारा हो रहा है।



अहम बात यह है कि क्या सचमुच में बड़सर, हमीरपुर और सुजानपुर में भीतरघात करने वालों के खिलाफ कोई करवाई हो पाएगी? क्योंकि इन तीनों हक क्षेत्र में भाजपा की राजनीति के अंदाज न केवल बदले हैं बल्कि भविष्य की राजनीति की सवारी के चाहबानों के अरमान अब बुरी तरह टूटकर बिखर भी चुके हैं। जिससे कई नेता सदमे में हैं, तो कई इंतजार में हैं। भविष्य को लेकर जिन नेताओं को परेशानी दिख रही है वह अजीबो-गरीब भूमिका में पहुंच चुके हैं। संगठनात्मक ढांचे की बुनियादी तौर पर इस जिला में जो परख इस बार हुई है, निश्चित रूप में अब यहां पर नए हालात पैदा होने वाले हैं। जिसके लिए अभी कुछ समय तो लगेगा। लेकिन जिन्होंने भीतरघात किया है, वे नेता अजीबोगरीब सन्नाटे वाली परेशानी में हैं।

बड़सर सुजानपुर हमीरपुर के अलावा नादौन में भी पार्टी के संगठनात्मक ढांचे में कई बदलाव होंगे। इसकी सुगबुगाहट तो यहां शुरू हो चुकी है, लेकिन मौजूदा समय में जिन लोगों के हवाले संगठनात्मक ढांचा है, उनके चेहरे पढ़े जा सकते हैं, क्योंकि चुनाव में जो हुआ और जो वे चाहते थे। उसमें बहुत फर्क रहा। बस इसी वजह से अब बदलाव की नई पायदान तैयार हो रही है। यानी नई भाजपा की शुरुआत इन चारों क्षेत्र में अपनी बिसात बिछाने की भूमिका में दिख रही है।

दरअसल में हमीरपुर में पार्टी की भीतरी लड़ाई अब पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के समर्थकों के दरमियान और 'पैनी' हो गई है। इसीलिए इस लड़ाई का असल पड़ाव कब और किस अंदाज में नेताओं पर भारी पड़ेगा? इसी की इंतजार हो रही है। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा की स्थिति तो अजीबो-गरीब

**जो** भी हो भाजपा की स्थिति तो अजीबो-गरीब मरहले में है ही। कांग्रेस के लिए भी परिस्थितियां कोई बहुत गुदगुदाने वाली हों? ऐसा दिखता नहीं है। क्योंकि बड़सर, हमीरपुर में उसे नुक्सान उठाना पड़ा है। उसे उपचुनाव में एक जगह फायदा तो दो जगह खूब नुक्सान हुआ। सुजानपुर में भी भविष्य की राजनीति को लेकर उसकी रणनीति सीधी और स्पाट हो गई हो, ऐसा कतई नहीं दिखता। क्योंकि इन क्षेत्रों में लंबी रेस के घोड़े कांग्रेस को तलाशने में अभी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

# अनुराग ठाकुर सभ्यता भी भूल चुके हैं : सांख्यान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रेस को जारी बयान में प्रदेश कांग्रेस के मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने कहा कि केंद्र की सरकार में दो बार के मंत्री रहे और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद संसद में सभ्यता भी भूल चुके है।



संसद में चल रहे बजट सत्र में सांसद अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस के पूर्वाध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर जो टिपण्णी की है वह अमर्यादित है और उसकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि अनुराग को यदि जातीय जनगणना के विषय पर जानकारी नहीं है तो उनको संसद के नेता प्रतिपक्ष के बारे में सोच-समझ कर बात करनी चाहिए। सांख्यान ने कहा कि अनुराग को कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्रियों की कार्यशैली की जानकारी ही नहीं है तो अनुराग उनके बारे में बात करने का अधिकार नहीं रखते है। अनुराग को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि समाज मे जातिगत जनगणना के मसले में देश मे ओबीसी वर्ग की संख्या कितनी है और इस वर्ग का देश के विकास में क्या योगदान रहा है। सांख्यान ने सांसद की इस बात पर कड़ी आपत्ति जताई है कि ओबीसी का मतलब अनुराग के द्वारा ऑनली फॉर ब्रदर इन लॉ कमीशन है। इस वक्तव्य से अनुराग ने जातिगत जनगणना में जहां ओबीसी वर्ग का उपहास किया है, वहीं पर उन्होंने जो यह फ्रेज दी है वह भी निंदनीय है।

# सालासर में दाढ़ी-मूंछ वाले हनुमान, भक्त के लिए लिया था अनोखा रूप

**सालासर बालाजी मंदिर राजस्थान के चुरू जिले के सुजानगढ़ क्षेत्र में स्थित है। संभवतः यह देश का अकेला ऐसा मंदिर है, जहां हनुमान जी की प्रतिमा दाढ़ी-मूंछ में है। दाढ़ी-मूंछ में यहां भगवान की मूर्ति होने के पीछे एक खास और रोचक कहानी है। बताया जाता है कि एक संत मोहन दास महाराज अपनी बहन कान्ही बाई के घर भोजन कर रहे थे। इसी दौरान बालाजी (हनुमान जी) ने उन्हें साधु के वेश में दर्शन दिए। इसके बाद मोहन दास महाराज ने बालाजी को दाढ़ी-मूंछ में देखा तो उन्होंने दाढ़ी-मूंछ वाले बालाजी की प्रतिमा का ही श्रृंगार किया। यही मूर्ति अब सालासर मंदिर में विराजमान है। हनुमान जी ने भक्त का वचन पूरा करने के लिए ऐसा अवतार लिया था। सिद्ध पुरुष मोहन दास महाराज भगवान हनुमान की खूब भक्ति करते थे। हनुमान जी उनसे बहुत प्रसन्न हुए। उन्होंने दाढ़ी-मंछ वाले अवतार में दर्शन दिए। मोहन दास ने वचन लिया कि आगे भी वो इसी रूप में दर्शन दें।**






## 268 साल पहले स्थापित हुई मूर्ति

**सालासर** धाम की स्थापना करीब 268 साल पहले हुई थी। संत मोहन दास महाराज ने बालाजी के चढ़ावे में आए पांच रुपए से मंदिर का निर्माण करवाया था। मंदिर बनाने के पीछे का मकसद भी श्रद्धा से जुड़ा हुआ है। संवत 1811 श्रावण शुक्ला नवमी शनिवार के दिन बालाजी महाराज की मूर्ति स्थापित हुई थी। इसके बाद संत मोहन दास ने फतेहपुर के नूर मोहम्मद और दाऊ नामक कारीगरों को मंदिर निर्माण के लिए बुलाया। सम्वत् 1815 में निर्माण पूरा हुआ। वर्तमान में मंदिर परिसर लंबे-चौड़े क्षेत्रफल में फैला हुआ है और सभी सुविधाएं भी हैं। देशभर में सालासर धाम अलग पहचान रखता है। कई राज्यों से यहां श्रद्धालु भगवान के दर्शन करने आते हैं।

## बाजरे के चूरमे का लगता भोग

**जब** सालासर बालाजी मंदिर में हनुमानजी की मूर्ति स्थापित की गई थी। सालासर बालाजी मंदिर में हनुमान भगवान बड़े ही चमत्कारिक ढंग से प्रकट हुए थे। इसके पीछे की कथा भी बड़ी रोचक है। घटना 1754 की है जब नागपुर जिले में असोटा गांव में एक जाट किसान अपना खेत



जोत रहा था। तभी उसका हल किसी नुकीली पथरीली चीज से टकराया। उसने खोदा तो देखा कि यहां एक पत्थर था। उसने पत्थर को अपने अंगोछे से साफ किया तो देखा कि पत्थर पर बालाजी भगवान की छवि बनी है। उसी समय जाट की पत्नी खाना लेकर आई, तो उसने भी मूर्ति को अपनी साड़ी से साफ किया और दोनों दंपती ने पत्थर को साक्षात नमन किया। तब किसान ने बाजरे के चूरमे का पहला भोग बालाजी को लगाया। यही कारण है कि सालासर बालाजी मंदिर में शुरू से लेकर अब तक बाजरे के चूरमे का ही भोग लगाया जाता है। मूर्ति के प्रकट होने की बात पूरे गांव के साथ गांव के ठाकुर तक पहुंच गई। एक रात असोटा के ठाकुर को सपने में बालाजी ने मूर्ति को सालासर ले जाने के लिए कहा। वहीं, दूसरी तरफ सपने में हनुमान भक्त सालासर के महाराज मोहनदास को बताया कि जिस बैलगाड़ी से मूर्ति सालासर जाए, उसे कोई रोके नहीं। जहां बैलगाड़ी अपने आप रुक जाए, वहीं उनकी मूर्ति स्थापित कर दी जाए। सपने में मिले इन आदेशों के बाद भगवान सालासर बालाजी की मूर्ति को वर्तमान स्थान पर ही स्थापित कर दिया गया।

## नारियल से पूरी होती है मनौती

**सालासर** बालाजी धाम में नारियल चढ़ावे में खास तौर से रखा जाता है। माना जाता है कि भगवान नारियल की भेंट स्वीकार कर लोगों की मनोकामना पूरी करते हैं। हर साल करीब 25 लाख नारियल मंदिर में चढ़ाए जाते हैं। खास बात यह भी है कि यहां मनौती के इन नारियलों का दोबारा उपयोग में नहीं लिया जाता है। उन्हें खेत में गड्ढा खोदकर दबा दिया जाता है। यहां करीब करीब 200 सालों से श्रद्धालु मंदिर परिसर में ही लगे खेजड़ी के एक पेड़ पर लाल कपड़े में नारियल बांधकर जाते हैं। इन नारियलों को फेंका नहीं जाता है, न ही जलाया जाता है और न ही कोई अन्य उपयोग होता है। इसके पीछे भी एक रोचक कथा है। नारियलों को सालासर बालाजी मंदिर से करीब 11 किलोमीटर दूर मुरड़ाकिया गांव के पास करीब 250 बीघा खेत में गड्डा करके दबा दिया जाता है। शुरुआती दिनों में इन नारियलों को धूने की ज्योत में डालकर जला दिया जाता था, लेकिन तीसरी पीढ़ी के पुजारी परिवार के मुखिया को एक सपना आया। इस सपने में पुजारी ने देखा कि नारियलों के साथ भक्तों की मनोकामनाएं भी जल रही हैं। पुजारी ने अपने परिवारजनों को इकट्ठा कर यह बात बताई। इसके बाद मन्नतों के इन नारियलों को सुरक्षित रखने का फैसला किया गया।



## शरद और चैत्र पूर्णिमा पर मेले

**सालासर** धाम में हर दिन हजारों लोग पहुंचते हैं, लेकिन यहां लगने वाले मेले और भी खास हैं। शरद पूर्णिमा और चैत्र पूर्णिमा पर यहां खास मेले लगते हैं। इन मेलों में लाखों लोग पहुंचते हैं, जिस वजह से सुबह जल्दी ही मंदिर के पट खुल जाते हैं।

### ऐसे पहुंचें

- सालासर के लिए कोई नियमित उड़ान नहीं है, लेकिन इससे कुछ दूरी पर संगानेर एयरपोर्ट है। जहां से सालासर की दूरी करीब 138 किमी है। सांगानेर से सालासर जाने के लिए आपको बस या टैक्सी मिल जाएगी।
- अगर आप ट्रेन से सालासर बालाजी मंदिर जाना चाहते हैं तो यहां के लिए कोई रेलवे स्टेशन भी नहीं है। इसके लिए आपको तालछापर स्टेशन जाना पड़ेगा, जहां से सालासर की दूरी 26 किमी है। वहीं सीकर से इसकी दूरी 24 किमी है और लक्ष्मणगढ़ से यह मंदिर 30 किमी की दूरी पर बसा हुआ है।
- सालासर बालाजी मंदिर बस से जाना है तो आपको किसी भी शहर से सालासर के लिए सीधी बस मिल जाएंगी, जो सीधे आपको सालसर ही छोड़ेंगी। बस से जयपुर से सालासर बालाजी की दूरी 150 किमी है, जहां पहुंचने के लिए 3.5 घंटे का समय लगता है।
- अगर आप खुद की गाड़ी से जा रहे हैं तो दिल्ली से जयपुर होते हुए सीकर और फिर सालासर वाला रूट अपनाना होगा।
- अगर आप इस धाम में जा रहे हैं, तो आपके रुकने से लेकर खाने-पीने तक की पूरी व्यवस्था यहां मौजूद है। यहां ठहरने के लिए कई ट्रस्ट और धर्मशालाएं बनी हुई हैं।

# स्नेह की डोरी का अटूट बंधन 'रक्षाबंधन'

**त्योहार** हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हिंदू धर्म के अनुसार, त्योहार आपसी भाईचारे और एकता का प्रतीक होते हैं। भारतीय परंपरा में विश्वास का बंधन सर्वोपरि है। यह एक ऐसा बंधन है जो हमें पारिवारिक एवं सामाजिक परिवेश में एक-दूसरे के साथ जोड़े रखता है। रक्षाबंधन इसी विश्वास रूपी बंधन का एक पवित्र रिश्ते का त्योहार है। यह पर्व मात्र रक्षा सूत्र के रूप में राखी बांधकर रक्षा का वचन ही नहीं देता अपितु प्रेम, निष्ठा, संकल्प के जरिए हृदय को बांधने का भी वचन देता है। भारतीय परंपरा के अनुसार, इस दिन बहन अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती है और भाई तमाम उम्र अपनी बहन की रक्षा के लिए वचनबद्ध होकर उसके सुख-दुख में साथ देता है। रक्षाबंधन हिंदुओं का प्रमुख त्योहार है जो श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। यह भाई-बहन को स्नेह की डोर में बांधने वाला त्योहार है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, प्राचीनकाल में 12 साल तक देवासुर संग्राम होता रहा, जिसमें देवताओं की हार हो रही थी। दुखी और पराजित इंद्र गुरु बृहस्पति के पास गए वहां इंद्र की पत्नी शचि भी थी। इंद्र की व्यथा जानकर इंद्राणी ने कहा कि कल ब्राह्मण पूर्णिमा है, मैं विधानपूर्वक रक्षा सूत्र तैयार करूंगी। उसे आप ब्राह्मणों से बंधवा लेना। निश्चय ही आपकी विजय होगी। दूसरे दिन इंद्र ने इंद्राणी द्वारा बनाए रक्षा सूत्र को बृहस्पति जी से बंधवा लिया। इसके प्रभाव से इंद्र सहित सभी देवताओं की विजय हुई और तभी से यह रक्षाबंधन पर्व ब्राह्मणों के माध्यम से मनाया जाने लगा। ब्राह्मण घर घर जाकर अपने यजमानों को रक्षा सूत्र बांटते थे और विपत्ति तथा संकट के समय वे अपने यजमानों की रक्षा के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते थे। आज भी घर-घर जाकर पंडित अपने यजमानों को राखियां पहुंचाते हैं और ईश्वर से उनके सुख की कामना करते हैं। इतिहास में कर्णावती और हुमायूं की कथा का वर्णन भी मिलता है जो भाई बहन के इस रिश्ते को और भी प्रगाढ़ बना देता है। द्वापर युग में जब कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से शिशुपाल का वध किया था तो उनकी तर्जनी में चोट आ गई थी। द्रौपदी ने इस समय अपनी साड़ी का टुकड़ा फाड़कर उनकी अंगुली में पट्टी बांध दी थी। बाद में हस्तिनापुर की सभा में श्रीकृष्ण ने इस उपकार का बदला चीरहरण के समय उनकी साड़ी को बढ़ाकर चुकाया था। कहा जाता है कि इस समय से इस अटल बंधन 'रक्षाबंधन' की शुरुआत हुई। तब से लेकर आज तक यह त्योहार भाई बहन के अटूट प्यार का प्रतीक बन गया। रक्षाबंधन के दिन बहनें सुबह स्नान करके पूजा की थाली तैयार करती हैं जिसमें राखी, चावल, कुमकुम, मिठाई और दीपक होता है। वे अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं और उनके माथे पर तिलक लगाकर मिठाई खिलाती हैं। राखी का यह अनमोल रिश्ता महज कच्चे धागों की परंपरा भर नहीं है, अपितु उपहारों का भी त्योहार है। बदले में भाई अपनी बहन को सामर्थ्य के अनुसार उपहार देता है जो वह सहर्ष स्वीकार करती है और अपनी ढेर सारी शुभकामनाएं और आशीर्वाद अपने भाई को देती है। भाई उसकी रक्षा का वचन देखकर उसे गले लगाता है। यह त्योहार सिर्फ हिंदू धर्म में ही नहीं बल्कि भारत के विभिन्न भागों में अलग-अलग धर्मों और समुदायों द्वारा भी मनाया जाता है। यह एकता और भाईचारे का भी प्रतीक है। आज भी हर बहन अपने भाई से इसी तरह की उम्मीद करती है कि जब भी वह किसी मुसीबत या परेशानी में हो तो उसका भाई आकर उसकी मदद करे। जहां यह त्योहार बहन के लिए भाई के प्रति स्नेह को दर्शाता है वहीं, यह भाई को उसके कर्तव्यों का बोध भी कराता है। वर्तमान समय में राखी के दायित्व की रक्षा करना बेहद आवश्यक हो गया है इसीलिए हर भाई को अपनी बहन की प्रति सुरक्षा और सम्मान का दायित्व तो अवश्य निभाना चाहिए। समय के साथ रक्षाबंधन के त्योहार ने आधुनिकता का रूप ले लिया है। अब बहनें डाक या कुरियर के माध्यम से भी भाइयों को राखी भेजती हैं जो दूर रहते हैं। इसके अलावा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी राखियों और उपहारों की खरीददारी बढ़ गई है जिससे यह त्योहार अब और भी व्यापक हो गया है। यह त्योहार हमें याद दिलाता है कि रिश्ते हमारे जीवन की सबसे महत्वपूर्ण संपत्ति है। उन्हें संजोकर रखना हमारा परम कर्तव्य है। रक्षाबंधन हमें प्रेम, सुरक्षा और एकता के मूल्यों की याद दिलाता है जो हमारे जीवन को अधिक सुंदर एवं सार्थक बनाता है।



वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर



# षष्ठमभाव



**षष्ठम** भाव में कन्या राशि का उदय होता है जिस पर बुध का प्रभाव होता है। इस भाव के कारक ग्रह शनि और मंगल है। प्राचीन शास्त्रकारों ने अपने ग्रंथों में ऐसा लिखा है कि छठवां, आठवां और बाहरवां स्थान दु:स्थान है, क्योंकि इन स्थानों में चाहे कोई भी ग्रह क्यों न हो, शुभफल नहीं प्राप्त होता। इसका कारण यही हो सकता है कि षष्ठमभाव के कारक ग्रह जो शनि और मंगल हैं, दु:ख देने वाले ग्रह हैं। अष्टभाव और व्ययभाव का कारक ग्रह शनि है। इस प्रकार से हम देखते हैं कि षष्ठस्थान में आधिभौतिक दु:ख, अष्टम स्थान में आधिदैविक (मानसिक और शारीरिक दु:ख) और व्ययस्थान में आध्यात्मिक दु:ख भोगने पड़ते हैं। प्रापंचिक लोगों के लिए ये अशुभ फल ठीक ही नहीं हैं, किंतु योगी और संन्यासियों के लिए जो कि घरबार छोड़ कर जंगल में जाते हैं और इन्द्रिय निग्रह करने में सफल होते हैं, यहां तक कि जिन के लिए 'शीतोष्ण सुख:दु:खेषु तथा मानापमानयो:' एक ही बराबर है। यह स्थान शुभ फल देने वाला होता है। योगी व संन्यासी की कुंडली में ये तीनों स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्त्री, पुत्र, मकान, खेती आदि में फंसे रहकर त्रिविध ताप भोगे बिना मनुष्य के मन में वैराग्य भाव उत्पन्न नहीं होते। इस स्थान में शीतोष्ण सुखदु:ख, मानापमान आदि का विचार करना चाहिए। अष्टांगयोग साधन में छठवीं सीढ़ी 'धारणा' है ?



-ज्योतिषाचार्य, विभा शर्मा, जोगिंद्रनगर

### 'धारणा' किसे कहते हैं ?

**'देशबंधश्चित्तस्य धारणा'। पातंजल योगसूत्र में पहले विभूतिपाद को भी यही अर्थ दिया हुआ है। अपनी चित्त वृत्तियां अन्य विषयों में स्थिर न कर, नाभिचक्रहृदय, उर, कंठ, नासिका का अग्रभाग आदि दस स्थानों में ही स्थिर करना इसी को 'धारणा' कहते हैं।**

# कुंडली में कई प्रकार के योग




**ज्योतिष शास्त्र में अनेक प्रकार के योगों के विषय में उल्लेख होता है। कुंडली में बनने वाले ये योग जातक के जीवन पर अनेक प्रकार से प्रभाव डालते हैं। इन सभी योगों का जातक के जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इन योगों में कुछ अच्छे, कुछ बुरे और कुछ मिले-जुले प्रभाव देने वाले होते हैं। इन्हीं प्रमुख योगों में एक योग त्रिमूर्ति योग के नाम से बनता है। ब्रह्मा, विष्णु और शिव को त्रिमूर्ति योग के नाम से जाना जाता है।**

### त्रिमूर्ति योग का निर्माण

**इन** त्रिमूर्ति से निर्मित यह योग अपनी सार्थकता को स्वयं ही प्रकट कर देता है, जिसे जानने के लिए किसी अन्य तथ्य को जानने की आवश्यकता नहीं है। कुंडली मे बनने वाला यह योग कई प्रकार से फलिभूत होता है जैसे द्वितियेश से दूसरे, आठवें और बारहवें भाव में अगर शुभ ग्रह हों तो हरि योग बनता है। सप्तमेश से चतुर्थ, अष्टम व नवम भाव में शुभ ग्रह हों तो शिव योग बनता है। लग्नेश से चतुर्थ, दशम और एकादश भाव में शुभ ग्रह हों तो ब्रह्मा योग बनता है। यदि त्रिमूर्ति योग के बनने में अशुभ ग्रह भी साथ में हैं तो यह योग भंग हो जाता है। हरि योग शिव योग ब्रह्मा योगो में से कोई भी एक योग आपकी कुंडली में होता है तो सुख एवं समृद्धि की प्राप्ति होती है।

### त्रिमूर्ति योग का प्रभाव

**हरि,** शिव व ब्रह्मा योग संयुक्त रूप से बनने वाला त्रिमूर्ति योग अपने निम्न रूपों में सामने आता है, जिनमें इसके प्रत्येक स्वरूप को लिया जाता है, क्योंकि प्रत्येक भाव के अनुरूप में स्थित होने पर यह योग त्रिमूर्ति को भिन्न रूप से दर्शाता है। भिन्न भिन्न रूप होने पर भी यह योग एक ही नाम त्रिमूर्ति योग से जाना जाता है।

### त्रिमूर्ति हरि योग

**यह** योग जन्म कुंडली में दूसरे, आठवें और बारहवें भाव में शुभ ग्रह स्थित होने पर बनता है। हरि योग शुभ फलों को प्रदान करने वाला होता है। व्यक्ति को जीवन में सम्मान की प्राप्ति होती है। इसकी शुभता संपत्ति और धन प्रदान करने वाली होती है।

### त्रिमूर्ति शिव योग

**जन्म** कुंडली में सप्तमेश से चतुर्थ, अष्टम व नवम भाव में यदि शुभ ग्रह हों तो शिव योग का निर्माण होता है। यह यह योग शक्ति एवं उर्जा प्रदान करने वाला होता है।

### त्रिमूर्ति ब्रह्मा योग

**जन्म** कुंडली में यदि लग्नेश से चतुर्थ, दशम और एकादश भाव में शुभ ग्रह हों तो ब्रह्मा योग बनता है। इस योग के बनने से कर्मों में शुद्धता आती है तथा विद्वता को पाता है। व्यक्ति अपने कार्यों द्वारा समाज में उच्च स्थिति को पाता है. लाभ एवं समृद्धि की प्राप्ति होती है।
कुंडली में यदि त्रिमूर्ति योग बन रहा हो, लेकिन अशुभ ग्रह भी साथ में स्थित हों तो इस स्थिति में यह योग भंग हो जाता है। जन्म कंडली में हरि योग, शिव योग या ब्रह्म योग में से कोई भी एक योग आपकी कुंडली में बन रहा है तो आप धनी, सुखी, विद्वान स्वत: ही हो जाते हैं।

-अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर

## न्यूज ब्रीफ

### सावन माह के अंतिम सोमवार श्रद्धा अपार



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ में सावन मास के चौथे और अंतिम सोमवार को सारा दिन मंदिर प्रांगण बम बम भोले के जयकारों से गूंजता रहा। मंदिर के कवाट सुबह 3 बजे ही शिव भक्तों के लिए खोल दिए गए थे। भीड़ का आलम तो इस कदर था कि भक्तों को दर्शनों के लिए लाइनों में खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा। वहीं, मिनी हरिद्वार कहे जाने वाले पवित्र खीर गंगा घाट में भी स्नान के लिए भक्तों का भारी हजूम देखने को मिला। मंदिर ट्रस्टी रमेश चड्ढा ने बताया रसीद बुक द्वारा इस बार एक लाख से भी ज्यादा का चढ़ावा एकत्रित होने की उम्मीद है। वहीं, पालमपुर निवासी विजय सूद द्वारा रोजाना लंगर के लिए 21000 रुपए भी भेंट किए जा रहे हैं।

### सतीश बने बढ़ल स्कूल एसएमसी के प्रधान




**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** राजकीय उत्कृष्ट विद्यालय बढ़ल ठोर में एसएमसी कमेटी का गठन किया गया। यह गठन सत्र 2024-25 के लिए सोमवार को स्कूल के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से किया गया। इसमें सतीश सपेहिया को दूसरी बार एसएमसी कमेटी का प्रधान नियुक्त किया गया। सतीश ने कहा कि स्कूल में कोई भी समस्या न आये इसका प्रयास किया जाए, स्कूल प्रबंधन के साथ मिलकर विद्यालय व छात्रों के उत्थान के लिए कार्य किया जाएगा। एसएमसी कमेटी प्रधान बनने पर प्रधानाचार्य दिनेश कुमार ने समस्त नई कमेटी को बधाई दी।

### कबड्डी में थुरल स्कूल ओवरऑल चैंपियन



**अनंत ज्ञान, डरोह।** सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थुरल में अंडर-14 थुरल जोनल लड़के/लड़कियों के चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता के तीसरे दिन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थुरल के कबड्डी के लड़कों की टीम ने फाइनल मैच में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बच्छवाई को हराकर व लड़कियों ने भी फाइनल मैच में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुढ़वा को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। सोमवार को प्रधानाचार्या अनुपम बाला की उपस्थिति में स्कूल के कंप्यूटर साइंस के प्रवक्ता अजीत धीमान ने सभी खिलाड़ियों को नशा मुक्ति की भी शपथ दिलवाई। इस अवसर पर लेख राज हीर, सिकंदर मिन्हास, सीमा समकरिया, पूजा शर्मा, मनोज मेहरा, अनिल जम्वाल, प्रवीण कुमार, राजीव, सुरेश धीमान, अनिल शर्मा, संजीव, सीमा, धीमान, राशि सूद, सभ्या कुमारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### गगल में कूहल को चौड़ा करने का काम शुरू




**अनंत ज्ञान, गगल।** गांववासियों की ओर से बार-बार मांग करने पर लोक निर्माण विभाग ने सोमवार को गगल में कूहल को चौड़ा करने का कार्य शुरू कर दिया। जानकारी देते हुए विभाग के एसडीओ दसमिंद्र सिंह ने बताया के कूहल की चौड़ाई का यह कार्य 10 से 15 दिन में करवा दिया जाएगा। वही कूहल में पानी की निकासी में बाधा बन रहे राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा लगाए गए पिलर के बारे में उन्होंने कहा कि यह हटाना उनके कार्य क्षेत्र में नहीं आता, इसलिए इसे हटाने के लिए राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण की स्वीकृति जरूरी है। जैसे ही इसकी स्वीकृति मिलेगी, इसे यहां से हटा दिया जाएगा। वहीं, व्यापार मंडल के प्रधान देवेंद्र कोहली ने एक बार फिर राष्ट्रीय उच्च मार्ग के अधिकारियों से मांग की है कि कूहल में बाधा बन रहे इस पिलर को शीघ्र यहां से हटाया जाए, ताकि पानी की निकासी में आ रही बाधा समाप्त हो सके।

### गरली में प्रधान ने दिलाई नशा नहीं करने की शपथ



**अनंत ज्ञान, गरली।** ग्राम पंचायत गरली में 12 अगस्त को नशा मुक्ति दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंचायत प्रधान शशिलता की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में आशा वर्कर्स, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के अलावा गांव की महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान पंचायत प्रधान ने महिलाओं को नशा करने से होने वाले नुकसानों से अवगत कराया। साथ ही नशा न करने की लोगों को शपथ भी दिलाई।

### कौना स्कूल में दिलाई नशा मुक्त भारत की शपथ



**अनंत ज्ञान, डरोह।** थुरल तहसील के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कौना में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत कौना के तत्वावधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कौना के विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए प्रधानाचार्य रणदीप सिंह गुलेरिया की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत कौना के उपप्रधान संजय जम्वाल ने कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों व पंचायत प्रतिनिधियों को नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई तथा नशे के दुष्प्रभाव के विषय में विद्यार्थियों को जागरूक किया।

### युवा दिवस पर होगी रेड रन मैराथन : सीएमओ



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा राजेश गुलेरी ने जानकारी देते हुए बताया कि अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में 14 अगस्त को रेड रन मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इसमें जिला कांगड़ा के 20 राजकीय महाविद्यालयों के विद्यार्थी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में 17 वर्ष से 25 वर्ष आयु वर्ग के छात्रों ने भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र के जिला अस्पताल में एचआईवी, एसटीआई से जुडे विशेष जागरूकता कैंप लगाए जाएंगे, जिनमें टेस्टिंग, काउंसलिंग व उपचार की सुविधा दी जाएगी व आईसीसी सामग्री तथा अस्पताल में जागरूकता सामग्री दर्शाई जाएगी।

### वाहन की टक्कर में बाइक चालक घायल

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** पुलिस थाना ज्वालाजी के तहत अरविंद चौहान निवासी गुम्मर ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल व एक गाड़ी को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक दीपक कुमार निवासी झनियारी को चोट आई है व दूसरी गाड़ी को काफी नुकसान हुआ। पुलिस थाना में मामला दर्ज किया गया है।

# सीपीएस ने पंचायतों में चल रहे कार्यों की प्रगति का लिया जायजा

## कहा, पंचायत प्रतिनिधियों के साथ तालमेल बिठाकर काम करें कर्मचारी

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के विकास खंड बैजनाथ में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के लिये बैठक का आयोजन किया गया। खंड विकास अधिकारी कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता मुख्य संसदीय सचिव पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज किशोरी लाल ने की।

किशोरी लाल ने कहा कि गावों के विकास में पंचायती राज संस्थाओं से जुड़े लोगों और खंड विकास कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारियों की भूमिका अहम रहती है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर आम जनमानस को सशक्त करने का सबसे बड़ा माध्यम हमारी पंचायते हैं। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों से सेवा भाव से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने पंचायतीराज



संस्थाओं से जुड़े कर्मचारी को निर्देश देते हुए कहा कि पंचायतों के कल्याण और विकास कार्यों के सुगम संचालन हेतु पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बेहतर तालमेल बनाते हुए कार्य करें। उन्होंने सभी कर्मचारियों को विकास के तय लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। सीपीएस द्वारा 6 महिला मंडलों को दस-दस हजार की राशि वितरित की गई। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र जम्वाल, मीडिया प्रभारी अमित शर्मा, मीडिया कॉर्डिनेटर अजय गौड़, पवन ठाकुर सहित ग्राम पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### विकास कार्यों के लिए आवंटित राशि के सदुपयोग पर दिया बल

**सीपीएस** ने कहा कि सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक और ग्राम रोजगार सेवकों की भूमिका मुख्य होती है। पंचायतों में बेहतर आपसी समन्वय के साथ ही सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जा सकता है। विधायक ने पंचायतों में विकास कार्यों के लिए आवंटित धनराशि का सदुपयोग करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर निर्माण कार्यों का नियमित तौर पर निरीक्षण किया जाए तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने विकास खंड से जुड़े अधिकारी कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करना जरूरी है ताकि विकास कार्यों को पूर्ण करने में तेजी लाई जा सके। सीपीएस किशोरी लाल ने विकास खंड अधिकारी को निर्देश दिए कि जो भी कार्य शेष हैं ऐसे कार्यों को जल्दी पूरा करने के दिशा-निर्देश दिए और विकास कार्यो में तेजी लाने का आह्वान किया।

### डीएलएड के लिए काउंसिलिंग 16 से 31 तक

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा दो वर्षीय डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन सीईटी सत्र 2024-2026 के लिए सरकारी डाईट एवं निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु प्रथम चरण की काउंसिलिंग प्रक्रिया बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में 16 से 31 अगस्त तक प्रात: 10 बजे से आयोजित करवाई जा रही है। यह जानकारी देते हुए हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला के सचिव मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि मेरिट लिस्ट अनुसार काउंसलिंग प्रक्रिया हेतु चयनित अभ्यर्थियों की तिथिवार सूची बोर्ड बेवसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने अभ्यर्थियों को निर्देश दिए कि वे बोर्ड वेबसाइट पर उपलब्ध तिथिवार सूची अनुसार ही काउंसिलिंग हेतु बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला पहुंचे। अभ्यर्थी अपने साथ बोर्ड वेबसाइट पर उपलब्ध बायो डाटा फार्म को भरकर तथा मूल शैक्षिणिक प्रमाण पत्र आदि के साथ इन की सत्यापित छायाप्रतियां भी साथ लाना सुनिश्चित करें।

## हैप्पी बर्थडे



मंडी जिले के सरकाघाट के श्रेयांश को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



नगरोटा बगवां के गदियाड़ा के रणवीर को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# निष्ठा इनर व्हील क्लब धर्मशाला की अध्यक्ष

## स्नेह महाजन को क्लब की सचिव के रूप में किया गया नियुक्त

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

इनर व्हील क्लब सिविल लाइंस धर्मशाला के लिए एक महत्वपूर्ण विकास में निष्ठा वासन को औपचारिक रूप से क्लब की अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया। समारोह में वासन ने उन चुनौतियों को उजागर किया, जिनका सामना कई महिलाएं अपने जीवन में करती हैं।

अक्सर अपने परिवार और काम को सामाजिक कार्यों के ऊपर प्राथमिकता देती हैं। वासन ने कहा 'सालों से, हम अपनी जिम्मेदारियों में इतने व्यस्त रहे हैं कि हमें सामाजिक कार्यों में शामिल होने या जिन कारणों की परवाह करते हैं, उनके लिए योगदान करने का अवसर नहीं मिला। लेकिन अब हमारे पास इसे करने के लिए समय और साधन दोनों हैं।' वासन ने इनर व्हील क्लब जैसे संगठनों में शामिल




होने के महत्व पर जोर दिया, जिनकी समर्पित सामाजिक सेवा का एक लंबा इतिहास है। उन्होंने दूसरों को भी ऐसे प्रयासों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा, 'अब समय आ गया है कि हम समाज को वापस कुछ दें, और इनर व्हील जैसे संगठन इसके लिए आदर्श मंच प्रदान करते हैं।' वासन के साथ ही स्नेह महाजन को क्लब की सचिव के रूप में नियुक्त किया गया। इस कार्यक्रम की शोभा कार्यकारी सदस्यों और चेयरवुमन, मनमोहन सूरी ने बढ़ाई, जो विशेष रूप से जालंधर से इस स्थापना समारोह में शामिल होने के लिए आई थीं।

वासन और महाजन के नेतृत्व में, इनर व्हील क्लब, सिविल लाइन्स धर्मशाला, अपने प्रभावशाली सामुदायिक सेवा के इतिहास को जारी रखने की उम्मीद है और अधिक से अधिक व्यक्तियों को इस नेक कार्य में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

# लॉरेट फार्मेसी कॉलेज में हवन यज्ञ से नए सत्र का आगाज



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

कथोग स्थित लॉरेट फार्मेसी शिक्षण संस्थान में नया शैक्षणिक सत्र सोमवार से शुरू हो गया। इस नए सत्र शुरू होने के दौरान शिक्षण संस्थान में हवन करवाया गया। पहले दिन बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला।

पहले दिन बच्चे अपने साथियों से मिलकर काफी खुश हुए। सबसे ज्यादा उत्साह उन बच्चों के अभिभावकों को था, जिनके बच्चे पहली बार कॉलेज पहुंचे। शिक्षण संस्थान के प्रबंधक एवं निदेशक डॉ. रण सिंह, निदेशक एवं प्राचार्य डॉ. एमएस आशावत, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सीपीएस वर्मा एवं एचओडी डॉ. विनय पंडित तथा स्टाफ के सदस्य ने छात्रों का स्वागत किया तथा सभी छात्रों और अभिभावकों ने हवन के दौरान आहुतियां भी डालीं। डॉ. एमएस आशावत ने अपने संबोधन में कहा कि वह सभी नए विद्यार्थियों का कॉलेज में दिल से स्वागत करते हैं। वह यह सुनिश्चित करते हैं कि नए छात्रों को सर्वोत्तम संसाधन, व्यावहारिक अनुभव और प्रशिक्षण विधियों से लैस करने में हर संभव प्रयास करेंगे।

### नगरोटा अस्पताल मार्ग को नो पार्किंग जोन किया घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राष्ट्रीय राजमार्ग-154 से सिविल अस्पताल नगरोटा बगवां को जाने वाला मार्ग अब से 'नो पार्किंग जोन' रहेगा। जिलाधीष कांगड़ा हेमराज बैरवा ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 117 में प्रदत्त शक्तियों का उपायोग करते हुए इस बाबत अधिसूचना जारी कर दी है। आदेशों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधीश ने बताया कि अस्पताल नगरोटा बगवां को जाने वाले मार्ग के दोनों ओर लोग अपनी गाड़ियों और दोपहिया वाहन खड़े करते हैं, जिसके कारण अस्पताल मार्ग पर एंबुलेंस और उपचार के लिए आने वाले मरीजों को आने-जाने में समस्या होती है।

# संदिग्धों के स्कैच जारी होने पर पठानकोट में रेड अलर्ट जारी

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

जम्मू के जिला कठुआ की पुलिस ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर जैसे ही चार संदिग्धों के स्कैच जारी किए तो पठानकोट की खूफिया एजेंसियां भी अलर्ट हो गईं। ऐसे में पठानकोट को रेड अलर्ट पर रखा गया है। सूत्रों के मुताबिक जिला कठुआ के भाद्दू, बिलावर समेत कई क्षेत्र में इनकी मूवमेंट दर्ज की गई है और ऐसे में अब इनकी प्लानिंग जम्मू और पंजाब को आपस में जोड़ने वाले अटल सेतू को पार कर पठानकोट के मामून कैंट की तरफ जाने की बताई गई है। 15 अगस्त से पहले यह किसी बड़ी वारदात की



तैयारी में हैं। थाना मामून कैंट की प्रभारी रजनी बाला ने कहा कि कठुआ जिला की पुलिस द्वारा जिन संदिग्धों के स्कैच जारी किए गए हैं उनकी पठानकोट में घुसने की प्लानिंग चल रही है। इसके बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों का मामून क्षेत्र में पहरा सख्त कर दिया गया है। हालांकि सर्च भी चल रही है और किसी भी तरह का कोई संदिग्ध नहीं मिला। जिले में रेड अलर्ट भी जारी है। (अनंत ज्ञान)

### लोगों को गुमराह कर रहे विधायक : राजेश

**कांगड़ा।** युवा नेता राजेश परिहार ने कहा कि कांगड़ा के विधायक पवन काजल जनता को गुमराह करते आ रहे हैं। गत महीनों से कांगड़ा के स्थानीय कुलथी, तरसूह तथा ललेहड पंचायत के लोग फोरलेन के निर्माण के बाद उपजे अव्यवस्थित रास्तों की समस्याओं का सामना करते आ रहे हैं, परंतु विधायक ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात का एक फोटो अखबारों में लगाकर सुर्खियां बटोरनी चाहीं। परंतु वह केंद्रीय मंत्री को वास्तु स्थिति से अवगत करवाने में नाकामयाब रहे, जिस कारण इन समस्याओं का हल होता नजर नहीं आ रहा है तथा जनता त्रस्त हो रही है।

# प्रियदर्शनी स्कूल पट्टी में आयोजित हुए 'टैलेंट का महासंग्राम' के ऑडिशन

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

आपना कांगड़ा एंटरटेनमेंट चैनल के बैनर तले टैलेंट के महासंग्राम के ऑडिशन पूरे हिमाचल में ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से लिए जा रहे हैं। इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए टैलेंट का महासंग्राम के ऑडिशन प्रियदर्शनी स्कूल पट्टी में लिए गए।

इसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रियदर्शनी स्कूल के संचालक राकेश कुमार ने शिरकत की। कार्यक्रम में समाजसेवी बाबा त्रिलोकनाथ विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में



स्कूल के समस्त स्टाफ ने अपना भरपूर सहयोग दिया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने मॉडलिंग, डांसिंग, सिंगिंग, योग, लेखन प्रतियोगिता के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी, जिसे की निर्णायक मंडल ने अपनी तीखी नजरों से परखा। निर्णायक मंडल में मॉडलिंग और डांसिंग के क्षेत्र में अंजलि गढ़वाल और साहिल डटकरु ने अपनी मुख्य भूमिका निभाई।

मुख्य अतिथि राकेश कुमार ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में टैलेंट की कोई कमी नहीं है और इस प्रकार के आयोजन हिमाचल में होने चाहिए और उनका साथ हमेशा आपना कांगड़ा और टैलेंट का महासंग्राम की टीम पर बना रहेगा। सानिया ठाकुर और मीना कुमारी ने सेमीफाइनल राउंड क्वालीफाई करके फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली। (अनंत ज्ञान)

**सातवें नवरात्र को बज्रेश्वरी मंदिर में चढ़ा 1.84 लाख रुपए का चढ़ावा**

# सात हजार श्रद्धालुओं ने टेका माथा

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

श्री बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा में सावन अष्टमी मेले के आठवें नवरात्र को मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की काफी चहलपहल रही। सुबह से भारी संख्या में श्रद्धालुओं का मंदिर में ढोल-नगाड़े बजाते हुए टोलियों में पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। शहर के मुख्य तहसील चौक से होते हुए यात्री नाचते गाते मंदिर में मां के दर्शनों को कतारों में लगकर जाते रहे। इन श्रावण के नवरात्रों में अधिकतर यात्री दो पहिया वाहनों वा ट्रकों में भरी संख्या में आ रहे है। इन नवरात्रों



में कांगड़ा के पार्किंग वालों की भी खूब चांदी रही। मंदिर अधिकारी एवं तहसीलदार कांगड़ा मोहित रत्न ने बताया की श्री ब्रजेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में माता के श्रावण अष्टमी मेले के आठवें दिन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। आठवें मेले पर लगभग 7000 श्रद्धालुओं ने माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके साथ ही सावन अष्टमी मेले के सातवें दिन 1 लाख 84 हजार 443 रुपए का चढ़ावा श्रद्धालुओं द्वारा माता के चरणों में अर्पित किया गया।

### सीयू में इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के धौलाधार परिसर-2 के सेमिनार हॉल में 2024-2026 बैच के नव प्रवेशित एमए (पत्रकारिता एवं जनसंचार) छात्रों के लिए एक इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। इंडक्शन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार थे। उन्होंने विद्यार्थियों के लिए भविष्य की योजना बनाने के महत्व पर बल दिया तथा उन्हें विश्वविद्यालय में उपलब्ध अवसरों का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

# बाढ़ से टूटे चाह पुल के हिस्से की मरम्मत का काम शुरू

**राकेश डोगरा, डरोह**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल गढ़ जमूला से चाह- चांदड़ तक बनी सड़क में गांव चाह के साथ लगते बरसाती नाले पर बने पुल का एक तरफ का हिस्सा जल भराव से टूट गया है। स्थानीय निवासी रंजीत ने बताया कि वर्ष 2019-2023 में इस रोड को बाबा बर्फानी नाथ मंदिर चांदड़ से जोड़ दिया था। इस लिंक को जुड़ने से यह सड़क खैरा-भौरा के साथ लगती पंचायतों को मोल घाटी की पंचायतों के अतिरिक्त गढ़, थुरल, पुढ़वा एवं धीरा मंडल से जोड़ने में महत्वपूर्ण योगदान करती है। इस पुल के टूटने से इन सभी का आपस में लिंक बिलकुल समाप्त हो गया है। इस समस्या से निजात पाने के लिए रंजीत सिंह ने सुलह एक्स सर्विसमैन सेल के अध्यक्ष चंचल राणा (अनु) को बताया। उन्होंने सुलह कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान को इस बारे फोन पर सूचित किया। संजय चौहान ने पीडब्ल्यूडी के आला अधिकारी से बात की। इस बीच सोमवार से पुल बनाने का काम शुरू हो गया है। (अनंत ज्ञान)

# आर्ट ऑफ लिविंग संस्था ने तीन जगह करवाई रुद्र पूजा

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के वैदिक धर्म संस्थान द्वारा श्रवण मास में हिमाचल प्रदेश में भी रुद्र पूजा का आयोजन किया गया। इसमें जिला कांगड़ा के धर्मशाला, पालमपुर व ठाकुरद्वारा के रोडी गांव में रुद्र पूजा की गई। इसमें श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए संपूर्ण मानवता के कल्याण, सुख, समृद्धि तथा शांति की कामना की। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था से आए हुए स्वामी अनुराग ने रुद्राभिषेक से पहले गुरु पूजा संपन्न की। उनके साथ आए हुए पंडितों द्वारा



वेद मंत्रों के उच्चारण से सारा वातावरण शिवमय हो गया। स्वामी ने बताया कि लोगों में सेवा भाव और परहित की भावना का होना अति आवश्यक है। निस्वार्थ सेवाभाव के बिना आत्म शांति नहीं मिलती है। अपने तक सीमित न रहकर समाज सेवा से ही आत्म शांति मिल सकती है। यह जानकारी रुद्र पूजा कोर्डिनेटर हितेश राय ने दी।

**पौधरोपण** | **कांगड़ा जिले में वितरित किए जाएंगे अश्वगंधा के 20 हजार पौधे : आशीष बुटेल**

# सीपीएस ने नीलकंठ में रोपा अश्वगंधा का पौधा

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

मुख्य संसदीय सचिव शहरी विकास एवं शिक्षा, आशीष बुटेल ने सोमवार को राष्ट्रीय अश्वगंधा अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत पढियारखर के नीलकंठ में अश्वगंधा का पौधा रोपित किया और 50 पौधे वितरित किए।

आशीष ने कहा कि अश्वगंधा बहुत उपयोगी असंख्य औषधीय गुणों से परिपूर्ण पौधा है। इसके महत्व और उपयोगीता को देखते हुए उन्होंने राष्ट्रीय अश्वगंधा अभियान को मिशन के रूप में अपनाने की जरूरत पर बल दिया।



उन्होंने कहा कि जिला कांगड़ा में 20 हजार अश्वगंधा पौधे वितरित किए जाने का लक्ष्य है। अश्वगंधा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा और इसे विभाग के अधिकारी जन जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि अश्वगंधा पौधा औषधि गुणों से भरा हुआ है। उन्होंने आयुष विभाग को भी बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह एक बेहतर पहल है, जिसके तहत लोगों को अश्वगंधा के पौधे वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से भी आह्वान किया कि हर किसी को अश्वगंधा का पौधा लगाकर उसका सही रखरखाव और इस्तेमाल करना चाहिए।

सीपीएस ने पढियारखर क्षेत्र में किया जा रहे विकासात्मक कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि 9.62 करोड रुपए की लागत से रामपुर-रजेहड़-सारसावा वाया कपेण संपर्क सड़क मार्ग का निर्माण कार्य प्रगति पर है। ग्राम पंचायत पढियारखर में पंचायत लर्निंग सेंटर की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि यहां के लोगों की सभी समस्याओं को पूर्ण किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### मेडिकल कॉलेज में शिव परिवार की मूर्ति स्थापित



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में सोमवार को सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर ने शिव परिवार की संगमरमर की मूर्तियां स्थापित कीं। इन मूर्तियों में भगवान भोलेनाथ, माता पार्वती और विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश भी विराजमान हैं। इस शुभ अवसर पर भगवान दास शास्त्री और हंस राज शास्त्री ने वेद मंत्रों से मूर्तियों की स्थापना की और पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर सीनियर सिटीजन काउंसिल के सलाहकार मुख्य जजमान दीप चंद शर्मा ने पूजा अर्चना कर मूर्तियों की स्थापना में अहम भूमिका निभाई। सीनियर सिटीजन काउंसिल के प्रधान विजय कुमार पुरी ने काउंसिल के अनुरोध पर 30 किलो लड्डू एवं हलवा और चने का प्रसाद भी अस्पताल में आने वाले लोगों को वितरित किया। भगवान दास शास्त्री ने बताया कि आरती करने के पश्चात सभी लोगों ने शिव परिवार के समक्ष नतमस्तक होकर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर काउंसिल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओपी शर्मा, हेमराज शर्मा, सुरेश कुमार, दीनानाथ भारद्वाज, शंकर दास भारद्वाज, तेजनाथ तेज, कुलदीप कमल, बिहारी लाल, जोगिंद्र पाल, लेखराज, डॉ. कश्मीर सिंह, कै. रमेश चौहान, पीसी वर्मा, अजय शर्मा, अनिल कुमार, यशवीर सिंह पठानिया व मेडिकल कॉलेज के सहयोगी कर्मचारी व महिलाएं उपस्थित रहीं। सीनियर सिटीजन काउंसिल के प्रधान विजय कुमार ने बताया कि संस्था द्वारा धार्मिक और मरीजों की मदद के लिए आगे भी इस तरह के कार्य करती रहेगी।

### राज राजेश्वरी कॉलेज में प्रेरक कार्यक्रम का आगाज



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा में बीए सत्र 2024-25 के नए छात्रों के आगमन पर एक प्रेरक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सबसे पहले कॉलेज प्राचार्य डॉ. राज कुमार धीमान ने सभी नए छात्रों का स्वागत किया और उन्हें महाविद्यालय प्रबन्धन कमेटी तथा स्टाफ के साथ रूबरू करवाया। डॉ राज कुमार धीमान ने महाविद्यालय द्वारा छात्रों को मुहैया करवाई जा रही विभिन्न शैक्षणिक सुविधाओं से अवगत करवाया। जबकि डॉ जीतू (एच ओ डी) ने छात्रों को तीन वर्षीय कोर्स की विस्तार से जानकारी दी व कॉलेज में होने वाली शैक्षणिक सहपाठयचर्य और कॉलेज के पाठयेत्तर गतिविधियों से विद्यार्थियों को परिचित करवाया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधन कमेटी के चेयरमैन मनजीत सिंह ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे सभी अपने अपने माता-पिता के सपनों को पूरा करने के लिए खूब मेहनत करें और अच्छे अंक लेकर महाविद्यालय का भी नाम रोशन करें। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधन कमेटी के सचिव कुलबीर सिंह ठाकुर के अलावा स्टाफ के सभी सदस्य मौजूद रहे।

### शतरंज प्रतियोगिता में भगवती स्कूल का दबदबा



**नादौन।** खंड स्तरीय लड़कों व लड़कियों की तीन दिवसीय शतरंज टूर्नामेंट अंडर-14 में भगवती स्कूल के बच्चों का शानदार प्रदर्शन रहा। लड़कियों में भगवती स्कूल की आरोही ने ब्लॉक स्तर पर पहला, जबकि लड़कों में आहन ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, जिससे यहां खुशी का माहौल है। स्कूल पहुंचने पर इनका जोरदार स्वागत किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल आरती कटोच ने बताया कि 9वीं कक्षा के आहन का चयन जिला स्तरीय स्पोर्ट्स टूर्नामेंट शतरंज अमरोह के लिए हुआ, जबकि आदित्य का चयन जिला स्तरीय स्पोर्ट्स टूर्नामेंट बैडमिंटन मुंडखर के लिए हुआ। स्कूल की प्रिंसिपल आरती कटोच ने इन बच्चों के प्रयासों की सराहना की और बधाई दी।

### डीएवी स्कूल भड़ोली में मनाया जा रहा श्रावणी पर्व



**नादौन।** डीएवी भड़ोली में स्वामी दयानंद के सपनों को साकार करने के लिए वैदिक प्रचार सप्ताह का आयोजन प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा की दिशा-निर्देश में किया गया। इसमें युवाओं को नैतिक और आध्यात्मिक रूप से एक आदर्श युवा आर्य बनने के लिए स्कूल के द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया है । प्रथम दिवस का शुभारंभ हवन यज्ञ से किया गया, जिसमें संगीत विभाग ने भजन गायन किया। कक्षा आठवीं की आराध्या राजपूत ने 'श्रावणी पर्व पर चर्चा की। यशिका ठाकुर ने शिव तांडव की प्रस्तुति देकर सबको मंत्रमुग्ध किया। प्रिंसिपल सुरजीत कुमार ने कहा कि डीएवी संस्थाएं लोगों में वेदों के शाश्वत मूल्यों के प्रचार एवं प्रसार के लिए पूरी तरह से समर्पित हैं। प्रथम दिवस का समापन शांति पाठ से किया गया ।

### बाल स्कूल में विभिन्न खेलों का आयोजन



**नादौन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल नादौन में शिक्षण सप्ताह के अंतर्गत स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बच्चों ने कबड्डी, वॉलीबाल, खो-खो और दौड़ आदि प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्कूल के प्रिंसिपल दिली पोसवाल ने बच्चों को खेलों के प्रति अत्यधिक भाग लेने और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया ।

# चिकित्सकों ने कोलकाता में प्रशिक्षु डॉक्टर की हत्या का जताया विरोध

## कहा-अस्पताल में चिकित्सकों तथा पैरामेडिकल स्टाफ के लिए हों सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के रेजिडेंट डॉक्टर, फैकल्टी और प्रशिक्षु डॉक्टर कोलकाता में हुई प्रशिक्षु डॉक्टर की हत्या का विरोध करते हुए।

डॉ राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के रेजिडेंट डॉक्टरों, फैकल्टी और प्रशिक्षु डॉक्टरों ने कोलकाता के एक मेडिकल कॉलेज में हुई महिला चिकित्सक की हत्या का कड़ा विरोध जताया है। सोमवार सुबह ओपीडी में जाने से पहले चिकित्सकों ने गेट मीटिंग कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

शाम के समय मेडिकल कॉलेज से गांधी चौक तक रेजिडेंट डॉक्टरों व प्रशिक्षु चिकित्सकों ने कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान प्रशिक्षु चिकित्सकों ने हाथों में पोस्टर लेकर न्याय दिलाने के लिए शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया।

प्रशिक्षु डॉक्टरों का कहना है कि अस्पताल में चिकित्सकों के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम होने चाहिएं। ड्यूटी के दौरान महिला चिकित्सक की दुष्कर्म के बाद हत्या कर देना चिंताजनक विषय है। प्रशिक्षु चिकित्सक की हत्या के मामले में संलिप्त पाए जाने वालों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

गौर रहे कि कोलकाता के एक सरकारी अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात छाती रोग विभाग की द्वितीय वर्ष की छात्रा की हत्या की गई है। प्रशिक्षु डॉक्टर का शव नग्न अवस्था में मिला था। इसके बाद देश के मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में कार्यरत सभी चिकित्सकों की सुरक्षा को लेकर सवाल पैदा हो गया है और इस मामले को लेकर माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है।

चिकित्सक तथा पैरामेडिकल स्टाफ अपनी सुरक्षा के इंतजाम करने की मांग कर रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के साथ ही अगर ऐसा होगा तो फिर उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी होगी।

रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. रजित ने कहा कि हमारा यह प्रोटेस्ट डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में चिकित्सकों तथा पैरामेडिकल स्टाफ के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने चाहिएं। कोलकाता में हुई चिकित्सक की हत्या निंदनीय है। इस तरह से सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमारा एक ही उद्देश्य है कि डॉक्टर बिना किसी चिंता के अपनी ड्यूटी पूरी कर सकें, जिसके लिए सुरक्षा के इंतजाम होना आवश्यक है। (अनंत ज्ञान)

### कोलकाता में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म-हत्या से भरेड़ी में गुस्सा, निकाला कैंडल मार्च



**वाईके भरद्वाज, भरेड़ी।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या से भरेड़ी में भी रोष है। भरेड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरेड़ी डॉक्टरों ने कैंडल मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। महिला के साथ हुई घटना के बाद से पूरे देश में गुस्सा है। वहीं, भरेड़ी के विभिन्न स्वस्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने आरोपियों को सख्त सजा देने की मांग उठाई है। इस मौके पर डॉ. वैंकटेश्वर सिंह रणोत, महेंद्र सिंह, राज कुमारी, नेहा, रंजू देवी, विकास शर्मा ने कहा कि आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

## दो दिन भारी बारिश से 10 करोड़ से ज्यादा की क्षति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** जिले में शनिवार और रविवार को हुई भारी बारिश से लगभग 10.15 करोड़ के नुकसान का अनुमान है। सोमवार दोपहर तक जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को प्राप्त आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान जिला में एक कच्चा मकान क्षतिग्रस्त हुआ है। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग की विभिन्न सड़कों और डंगों को लगभग 2.53 करोड़ का नुकसान पहुंचा है। इस दौरान जल शक्ति विभाग को सबसे ज्यादा क्षति हुई है। विभाग की विभिन्न पेयजल योजनाओं को लगभग 7.56 करोड़ रुपए की क्षति पहुंची है। बिजली बोर्ड की लाइनों का भी लगभग साढ़े पांच लाख रुपए का नुकसान हुआ है। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि इस मॉनसून सीजन में अभी तक सार्वजनिक एवं निजी संपत्ति के नुकसान का आंकड़ा 40.14 करोड़ से अधिक हो गया है। उन्होंने राजस्व विभाग और अन्य विभागों के सभी फील्ड अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वे हर नुकसान की विस्तृत रिपोर्ट प्रेषित करें।

## पुलिस, एनसीसी कैडेट्स व एनएसएस के स्वयंसेवियों ने की मार्चपास्ट की रिहर्सल

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

भरेड़ी में 15 अगस्त को खंड स्तरीय स्वतंत्रता दिवस मनाने को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। पहली बार खंड स्तरीय स्वतंत्रता दिवस खंड मुखालय से बाहर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी के खेल मैदान में मनाया जा रहा है। स्वतंत्रता दिवस के सफल आयोजन को लेकर सोमवार को भोरंज एसडीएम संजय स्वरूप की अध्यक्षता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी में बैठक हुई।

इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लेकर स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाई। स्वतंत्रता दिवस पर भोरंज पुलिस थाना के जवानों के साथ रावमापा भरेड़ी, भोरंज और लक्ष्मीबाई वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी के एनसीसी कैडेट्स व एनएसएस के स्वयंसेवी मुख्यातिथि को मार्चपास्ट की सलामी देने में भाग लेंगे। इसी तरह सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा बनाई गई। स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री रावमापा भोरंज, भरेड़ी, डीएवी लझयाणी, स्वामी विवेकानंद कॉलेज तरक्वाड़ी व राजकीय महाविद्यालय भोरंज के छात्र सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। इससे पहले भोरंज एसडीएम संजय स्वरूप स्वतंत्रता दिवस स्थल पुलिस, एनसीसी व एनएसएस के स्वयंसेवियों की मार्च पास्ट सलामी की रिहर्सल का निरीक्षण किया।

बैठक में महाविद्यालय भोरंज के प्राचार्य डॉ. विजय ठाकुर, मुख्यमंत्री रावमापा भोरंज के प्रधानाचार्य अनिल डोगरा, भरेडी के डॉ. राजगीर, लक्ष्मीबाई वरिश्ठ माध्यमिक पाठषाला भरेड़ी के प्रबंधन विरेंद्र चौधरी आदि उपस्थित थे।

### आयुष हेल्थ वेलनेस केंद्र बड़ा में बांटे अश्वगंधा के पौधे



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** नेशनल आयुष अश्वगंधा कैंपेन के अंतर्गत सोमवार को नादौन के कस्बा बड़ा के आयुष हेल्थ वेलनेस केंद्र में अश्वगंधा ओषधी के ऊपर एक किसान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह जागरूकता शिविर आयुष हेल्थ वेलनेस केंद्र बड़ा के प्रभारी डॉ. दिनेश भाटिया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस शिविर में केंद्र की फार्मासिस्ट अंजलि हल्ला भी विशेष रूप से उपस्थित थी। इस अवसर पर डॉ. दिनेश भाटिया ने किसानों को अश्वगंधा के औषधीय पौधों की खेती के गुणों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि अश्वगंधा आयुर्वेद की प्रमुख ओषधी है, जिसका प्रयोग मानसिक विकार, सामन्य दोर्बलय, माशपेशियों जोड़ों एवं हड्डियों के रोगों एवं गठिया में बल्य ओर रसायन के तोर पर बड़े पैमाने पर प्रयोग किया जाता हैं। आयुर्वेदिक ओषधीय दवाइयों में अश्वगंधा प्रमुख औषधी मानी जाती हैं। इस दौरान केंद्र द्वारा किसानों को अश्वगंधा के पौधे भी बांटे गए।

## स्कूलों को मर्ज करने की बजाय नामांकन बढ़ाने के अवसर मिलने चाहिए : संघ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**कहा, 30 सितंबर तक स्कूल मर्ज न करे सरकार, नहीं तो अभिभावक करेंगे उच्च न्यायालय का रुख**

सरकारी प्राथमिक और मिडल स्कूलों में 5 से कम नामांकन के आधार पर तालाबंदी होने वाली है। हाल ही में कैबिनेट में लिए निर्णय के बाद हिमाचल प्रदेश में बंद और मर्ज होने वाले 560 सरकारी स्कूल सितंबर से नजदीकी शिक्षण संस्थानों में शिफ्ट होंगे।

इस प्रक्रिया में सरप्लस होने वाले 750 शिक्षकों को नए स्कूलों में नियुक्ति के बाद ही 560 स्कूलों के विद्यार्थी नजदीकी स्कूलों में शिफ्ट किए जाएंगे। शून्य नामांकन वाले 108 स्कूल बंद करने और पांच व पांच से कम विद्यार्थियों की संख्या वाले 452 स्कूल मर्ज करने का सरकार ने फैसला लिया है। प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय ने जिला उपनिदेशकों से 10 दिन में शिक्षकों को नई जगह नियुक्ति देने की सूची मांगी है। मगर विभागीय सूची में ऐसे भी स्कूल शामिल हैं, जिनमें नामांकन बढ़ रहा है और एडमिशन होने के चलते बच्चों की संख्या 8 से अधिक हो चुकी है।

प्री प्राइमरी विद्यार्थियों की संख्या मिलाएं तो यह आंकड़ा और अधिक हो रहा है। मिड-डे मील और यू डाइज के नामांकन में पूरे प्राथमिक स्तर के बच्चे शामिल किए जाते हैं, मगर स्कूल मर्ज या बंद करते समय इनका आंकड़ा भी देखना चाहिए, ऐसे में राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश सरकार से अपील की है कि स्कूल मर्ज करने की प्रक्रिया फिलहाल सितंबर माह का नामांकन फाइनल होने के बाद पूरी की जाए ताकि केवल वही स्कूल मर्ज किए जाएं, जिनका सकल नामांकन 5 से कम हो।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल और महासचिव विजय हीर ने कहा कि मर्ज किए जा रहे अधिकांश स्कूल ऐसी जगह हैं जो स्कूल 2 से 3 किलोमीटर पैदल दूरी पर हैं, जिसे प्राथमिक स्तर के नौनिहालों को रोजाना तय करना मुश्किल है। इसके अलावा इन स्कूलों में मौजूद शिक्षकों को भी नामांकन बढ़ाने का एक अवसर मिलना ही चाहिए क्योंकि कुछ स्कूल बिना शिक्षक या सिंगल टीचर लंबे समय रहे जिसके चलते लोगों ने अपने बच्चे दाखिल नहीं करवाए या उनको अन्य स्कूलों में शिफ्ट किया। दिवंगत मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने एक बच्चे के लिए भी जापान की तर्ज पर स्कूल खुला रखने की घोषणा की थी और वर्तमान सरकार से भी अभिभावक आशा लगाए बैठे हैं कि इन स्कूलों को मर्ज करने की बजाय नामांकन बढ़ाने के अवसर मिलने चाहिए।

संघ ने कहा कि 30 सितंबर 2024 का डाटा ही यू डाइज और युक्तिकरण हेतु फाइनल होता है और ऐसे में इस प्रक्रिया को फिलहाल होल्ड किया जाए। इसके साथ ही शिक्षा विभाग स्कूलों के नामांकन को फिर से जांचे, अन्यथा ज्यादा नामांकन होने के बावजूद स्कूल बंद करने के खिलाफ अभिभावक उच्च न्यायालय का रुख कर सकते हैं।

### खेलकूद प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल लझयाणी का शानदार प्रदर्शन




**अनंत ज्ञान, भरेड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बडैहर में आयोजित अंडर-14 खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल लझयाणी की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए अनामिका शर्मा, कीर्ति शर्मा, रिद्धिमा और अराध्या शर्मा का चयन हुआ। भोरंज में आयोजित खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में बेहतर प्रदर्शन करते हुए आर्यन शर्मा और अर्जुन राजवंशी जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। इसके साथ ही नौवीं कक्षा के छात्र शिवा ठाकुर ने शिमला में आयोजित राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया। विद्यार्थियों की उपलब्धि ने माता-पिता और स्कूल को गौरवान्वित कर दिया है। प्रधानाचार्य सुनील ठाकुर ने विजयी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि अगर मन में लक्ष्य को लेकर आगे बढ़े तो सफलता अवश्य मिलेगी।

## युवा देश की मजबूत नींव : देशराज

**अनंत ज्ञान, जाहू**


अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित स्कूल के छात्र।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ में सोमवार को प्रधानाचार्य देशराज कमल की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य देशराज कमल ने कहा कि युवा देश की मजबूत नींव है, इसलिए युवाओं को समाज के साथ-साथ देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस दौरान स्कूल के मार्गदर्शन और परामर्श कमेटी के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ प्रवक्ता मनी राम शर्मा ने भी स्कूली बच्चों को करियर में होने वाले बदलावों से जागरूक करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे अधिक जानकारी न होने के उच्च शिक्षा के मार्ग का चयन नहीं कर पाते, ऐसे में शिक्षण संस्थाओं में गठित मार्गदर्शन और परामर्श कमेटियों बच्चों को हर माह जागरूक करने का कार्य कर रही है। इसका सभी बच्चे लाभ लेकर उज्वल भविष्य की नींव रखें।

इस दौरान प्रवक्ता चमन लाल, वीना वर्मा, संजीव कुमार, अशोक गुलेरिया, पवन रांगड़ा, सुनील दत्त, नीलकमल, प्रीतम चंद, अमर नाथ, नीतू वर्मा, पिंकी देवी सीमा देवी, राकेश कुमार, संजीव कुमार, चंद्रकांत व अन्य उपस्थित रहे।

## सीएमओ ने गर्भवती महिलाओं को लेकर दिए दिशा-निर्देश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर डॉ. प्रवीण चौधरी की अध्यक्षता में सीएमओ ऑफिस में जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय जगोता, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राकेश ठाकुर व डॉ. अजय अत्री व सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, लेखाकार, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चौधरी द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही स्कीमों की विस्तार से चर्चा की गई और जिला के सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण व बच्चे के टीकाकरण का डाटा सही व समय पर एक्सेल शीट पर पंजीकृत करें और उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की सही समय पर पहचान व जांच करें।

**प्रण** विद्यार्थियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और पंचायत जनप्रतिनिधियों ने ली शपथ

## देश को नशामुक्त बनाने के लिए हम देंगे योगदान




नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला हमीरपुर में भी विभिन्न शिक्षण संस्थानों और सभी कार्यालयों में नशा मुक्ति की शपथ ली गई।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सोमवार को जिला हमीरपुर में भी विभिन्न शिक्षण संस्थानों, व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों, अन्य संस्थानों और सभी कार्यालयों में नशा मुक्ति की शपथ ली गई।

इस दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, पंचायत जनप्रतिनिधियों और अन्य लोगों ने देश को नशामुक्त बनाने के लिए अपनी क्षमता के अनुसार हरसंभव योगदान देने तथा इस बदलाव की शुरुआत स्वयं से करने का संकल्प लिया।

जिला के विभिन्न शिक्षण संस्थानों और कार्यालयों के अलावा सलासी स्थित जिला पंचायत संसाधन केंद्र हमीरपुर में आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण शिविर के प्रतिभागी पंचायतीराज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों ने भी नशा मुक्त भारत अभियान में सक्रिय योगदान देने की शपथ ली। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी बहुत जरूरी है।

विशेषकर, युवाओं को इस अभियान में अधिक से अधिक संख्या में जुड़ना चाहिए। तभी हम नशे की समस्या का उन्मूलन करके मजबूत राष्ट्र एवं स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। उपायुक्त ने जिला के सभी शिक्षण संस्थानों में 'विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र' विषय पर आधारित भाषण प्रतियोगिताएं, नुक्कड़ नाटक, रैलियां, पौधरोपण, खेलकूद, मैराथन और अन्य गतिविधियां आयोजित करने की अपील भी की, ताकि नशामुक्ति का संदेश हर बच्चे एवं युवा तक पहुंच सके।

### विधायक से की स्कूली बच्चों को बस सुविधा मुहैया करवाने की मांग



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पटलांदर में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान विधायक कैप्टन रणजीत सिंह से अभिभावक व क्षेत्र के ग्रामीण, राजिंद्र स्वदेशी राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रभारी की अगुवाई में मिले। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्रवासियों के लिए आम प्रयोजनों हेतु बस की समस्या एवं बच्चों के लिए छुट्टी के बाद कोई बस सुविधा उपलब्ध न होने बारे विधायक को अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि इस रूट पर कोई भी बस न होने के कारण स्कूली बच्चों को कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है, जिससे उनका काफी समय बर्बाद हो जाता है एवं शारीरिक थकावट भी होती है। गौर रहे कि सुबह 9 बजे के बाद सुजानपुर टीहरा से वाया पटलांदर, री से हमीरपुर के लिए कोई सीधी बस उपलब्ध नहीं है। इस क्षेत्र के लोगों को अपने रोजमर्रा के कामों को पूरा करने में बड़ी कठिनाई का सामना प्रतिदिन करना पड़ता है। उन्होंने विधायक से इस रूट पर 3 बजे सुजानपुर टीहरा से हमीरपुर के लिए बस सुविधा उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। यदि इस रूट पर बस चलती है तो टीहरा, कनेरड़, थाना घबड़ियाणा, चलोह, रंगड़, जोल लम्बरी, पटलांदर, री, टिब्बी, नरेली, कुठेड़ा इत्यादि के सभी क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### ब्लॉक प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



**अनंत ज्ञान, चंबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा आज प्रशामक देखभाल, बुजुर्गो की देखभाल एवं मानसिक स्वास्थ्य देखभाल क़े बारे में ब्लॉक प्रशिक्षकों के लिए छः दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया जिसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विपन ठाकुर ने की इस प्रशिक्षण क़े बाद यह प्रशिक्षक अपने ब्लॉक में जाकर आशा वर्कर कों इन देखभाल क़े बारे में प्रशिक्षत करेंगे तथा प्रशिक्षण क़े बाद आशा वर्कर अपने अपने क्षेत्र में मानसिक रोगियों, बुजुर्गो तथा असहाय ( दूसरों पर आश्रित ) बीमार लोगों का पता लगाएंगी तथा उन्हें स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सीएचओ तथा नजदीकी स्वास्थ्य संस्थान चिकित्साअधिकारी की संयुक्त टीम क़े साथ ऐसे लोगों की देखभाल करेंगी तथा यदि उन्हें चिकित्सिय उपचार की जरूरत होगी तो उन्हें उपचार उपलब्ध करवाने में सहायता करेगी।

### योजनाओं को सुदृढ़ करने की आवश्यकता: उद्योग मंत्री

**अनंत ज्ञान, शिमला।** खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड हिमाचल प्रदेश के निदेशक मंडल की 242वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अर्नतगत प्रदेश के अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं, कारीगरों, बुनकरों आदि को सुक्ष्म व लघु औद्योगिक इकाईयां स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उद्योग मंत्री ने प्रधान सचिव उद्योग की अध्यक्षता में सभी कार्यान्वयन एजेंसियों जैसे खादी और ग्रामोद्योग आयोग, जिला उद्योग केन्द्र तथा खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की एक समीक्षा बैठक करने के निर्देश दिए ताकि प्रदेश के युवाओं के लिए अधिक रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए आवश्यक कदम उठाये जा सकें। निदेशक मंडल ने गांधी जयंती पर 2 अक्तूबर से खादी के उत्पादों पर 20 प्रतिशत की विशेष्ठ छूट प्रदान करने का निर्णय लिया।

### पुलिस कर्मियों की यात्रा के फैसले को वापस ले सरकार : जयराम

**अनंत ज्ञान, शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार द्वारा पुलिस कर्मियों को मिल रही एचआरटीसी की सुविधा को वापस लेने के फैसले की निंदा करते हुए उसे वापस लेने की मांग की है। शासकीय कार्यों से बस की यात्रा करने के बदले सभी पुलिस कर्मी हर महीनें अपने वेतन से सरकार द्वारा निर्धारित धनराशि कटवाते हैं। इसके बाद भी कहा जा रहा है कि वह मुफ़्त यात्रा कर रहे हैं। सरकार की तरफ़ से इससे शर्मनाक बयान नहीं हो सकता है। जो पुलिस बल हर साल एचआरटीसी को पांच करोड़ रुपये का आर्थिक सहयोग कर रहा है। उसी पर सरकार में बैठे लोगों द्वारा अशोभनीय टिप्पणियाँ की जा रही हैं। जैसे पुलिस बल बिना किसी कार्य के ही बसों में यात्रा करता है। सरकार के मंत्रियों द्वारा पुलिस बल के लिए मुफ़्त यात्रा और एचआरटीसी का 'मिसयूज़' जैसे शब्दों का प्रयोग किया गया। यह आपत्तिजनक है, इसके लिए सरकार को माफ़ी मांगनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार चाहे तो सर्वे करवा ले पुलिस बल का एक बड़ा हिस्सा बस सेवाओं का इस्तेमाल कभी नहीं करता है।

### तत्तापानी में श्रद्धालुओं के लिए लगाया खीर का भंडारा



**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** तत्तापानी में जन कल्याण सेवा समिति व स्थानीय ग्रामीणों के सौजन्य से तत्तापानी में खीर भंडारे का आयोजन किया गया। खीर भंडारा ग्रहण करने के लिए काफी संख्या में लोग पहुंचे। राहगीरों ने भी खीर भंडारे का भरपूर आनंद उठाया।

### 20 सूत्री कार्यक्रम के तहत विकास कार्यों की कुलदीप पठानिया ने की समीक्षा बैठक

# लंबित कार्य को 6 माह में पूरा करने के आदेश

**ओपी शर्मा, चंबा**

जिला योजना तथा 20 सूत्री कार्यक्रम के तहत विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा के संबंध में जिला मुख्यालय चंबा में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष एवं जिला योजना विकास तथा 20 सूत्री कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा गैर सरकारी सदस्यों ने भी हिस्सा लिया।

बैठक में बीस सूत्री कार्यक्रम के तहत मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम, ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतीकरण लघु सिंचाई योजनाओं, स्वच्छता कार्यक्रम के तहत स्वच्छ भारत अभियान, टीबी नियंत्रण कार्यक्रम, मिड-डे मील, एकीकृत बाल विकास परियोजना के तहत बच्चों के कल्याण हेतु चलाई जा रही योजनाओं, पर्यावरण संरक्षण व पौधारोपण आदि के तहत से संबंधित कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक के उपरांत विभिन्न विभागों के अधिकारियों को





बैठक में मौजूद कुलदीप पठानिया व अन्य तथा (नीचे)मौजूद अधिकारी।

संबोधित करते हुए में कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में विकास के लक्ष्यों को हासिल करने में अधिकारियों व कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है उन्होंने कहा कि जिला चंबा में विभिन्न विभागों में अधिकारियों व कर्मचारियों के रिक्त पदों को भरने के लिए प्रदेश स्तर पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे ताकि न्यूनतम समय अवधि में विकास के लक्ष्यों को हासिल करते हुए क्षेत्र के लोगों को विकास कार्यों व योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विकास दर की दृष्टि से जिला चंबा देश के आकांक्षी जिलों में शामिल है जिसके लिए अतिरिक्त धन की उपलब्धता सहित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों तथा जन प्रतिनिधियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए परिश्रम के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार जिला चंबा में विकास कार्यों को विशेष प्राथमिकता दे रही है तथा हाल ही में मिंजर मेले के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा जिला चंबा के लिए लगभग 120 करोड़ रुपए के विकास कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास किए है।

विधानसभा अध्यक्ष ने उपायुक्त चंबा को निर्देश दिए कि आज की बैठक में विकास के जिन महत्वपूर्ण मुद्दों पर विशेष रूप से चर्चा की गई है उन्हें भविष्य में जिला स्तर पर विकास कार्यों की प्रगति से संबंधित होने वाली बैठकों में भी विशेष रूप से शामिल किया जाए ताकि भविष्य में विकास के महत्वपूर्ण पहलुओं के सकारात्मक परिणाम दिखाई दें। लंबे समय से लंबित कार्यों को अगले 6 माह के भीतर पूरा करें तथा उनके उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करवाएं। बैठक में जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश ठाकुर ने विधानसभा अध्यक्ष को अवगत करवाया कि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान जिला के 1 लाख 40 हजार मनरेगा जॉब कार्ड धारकों से 55 लाख 86 हजार कार्य दिवस कार्य करवाया गया जो कि निर्धारित लक्ष्य 45 लाख 50 हजार कार्य दिवसों की तुलना में 123 प्रतिशत अधिक है तथा इस पर 21 करोड़ 71 लाख खर्च किए गए हैं। स्वच्छ भारत अभियान के तहत 700 व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण किया गया जो कि निर्धारित लक्ष्य का शत-प्रतिशत है।

# सामाजिक सुरक्षा व संतुलित विकास सरकार का मुख्य उद्देश्य : पठानिया

**अनंत ज्ञान, चंबा**

सामाजिक सुरक्षा, जन कल्याण व संतुलित विकास हिमाचल प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य है तथा प्रदेश सरकार इस दिशा में बेहतर कार्य कर रही है। यह बात विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने जिला मुख्यालय चंबा में जिला कल्याण समिति की बैठक में उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कही। सरकार द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यको तथा दिव्यांग जनों के सशक्तिकरण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं आरंभ की है जिसका लाभ जिला चंबा के विभिन्न क्षेत्र वासियों को मिल रहा है।

पठानिया ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत सरकार द्वारा जिला चंबा में वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 86 करोड़ 54 लाख 43 हजार 100 रुपए खर्च किए गए हैं तथा इससे विभिन्न वर्गों के 53616 पात्र व्यक्तियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत 84 करोड़ 31 लाख 40 हजार 700 सौ रुपए खर्च किए गए हैं तथा इससे 52885 व्यक्तियों को पेंशन योजना का लाभ दिया गया है।

गृह अनुदान योजना के अंतर्गत 1 करोड़ 24 लाख 50 हजार खर्च किए गए हैं तथा इससे 83 व्यक्तियों को गृह निर्माण के लिए आर्थिक मदद मुहैया करवाई गई है। अंतरजातीय विवाह पुरस्कार योजना के तहत 7 लाख रुपए खर्च कर 15 व्यक्तियों को योजना का लाभ प्रदान किया गया है। कंप्यूटर एप्लीकेशन योजना के तहत 8 लाख 21 हजार 900 रुपए खर्च कर 234 पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ प्रदान किया गया है। विकलांग छात्र-छात्राओं को दी जाने वाली छात्रवृत्ति योजना के तहत 20 लाख 50 हजार 500 रुपए खर्च किए गए हैं तथा इससे 148 दिव्यांग विद्यार्थियों को योजना का लाभ मिला है।

विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत पेंशनरों की विभिन्न श्रेणियां के 54806 पेंशनरों के मामलों को स्वीकृति प्रदान की गई।

## डीसी ने सेईकोठी की प्रधान को जारी किया कारण बताओ नोटिस

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने ग्राम पंचायत सेईकोठी की प्रधान को विकास कार्यों में अनियमितताओं और पद के दुरुपयोग के चलते कारण बताओं नोटिस जारी किया है।

उपायुक्त द्वारा जारी कारण बताओं नोटिस में कहा गया है कि ग्राम पंचायत सेईकोठी की प्रधान कुमारी सोनाली रशपा को विकास कार्यों में अनियमितताओं और पद के दुरुपयोग के चलते 24 अगस्त 2023 को निलंबित किया गया था। मामले की वास्तविकता जानने के लिए हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 के तहत उपमंडलाधिकारी (ना.) चुराह् को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया था । जांच अधिकारी द्वारा प्रस्तुत की गई विस्तृत रिपोर्ट में दर्शाए गए तथ्यों का अध्ययन करने के उपरांत प्रधान के खिलाफ निर्माण कार्य लिंक रोड सेईकोठी से खबली नाला, ग्राम पंचायत बैठक की करवाई रजिस्टर के साथ छेड़छाड़, निर्माण कार्य लिंक रोड सेईकोठी से खबली नाला के निष्पादन में विहित औपचारिकताएं पूर्ण न करना आरोप सिद्ध पाए गए हैं।

डीसी द्वारा जारी कारण बताओं नोटिस में यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्रधान द्वारा बर्ती गई विभिन्न वित्तीय अनियमिताओं के तहत कार्रवाई की जानी वांछित है। प्रधान को कारण बताओं नोटिस के प्राप्ति के 10 दिनों के भीतर उत्तर देने को कहा गया है ।

## जनता पर बोझ बढ़ा रही सरकार: सुरेश

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा की कांग्रेस सरकार लगातार हिमाचल प्रदेश की जनता पर बोझ बढ़ाने का कार्य कर रही है। जब चुनाव आते हैं तो कांग्रेस सरकार के नेता जनता से जन सेवा का वादा करते हैं, पर जैसे ही चुनाव चले जाते हैं तो यही नेता जनता को जेब बोझ बड़ाने की नीति तय कर देते हैं।

पुलिस के बाद अब स्टूडेंट महिला सबसिडी पर मंथन करने का काम यह कांग्रेस सरकार कर रही है। कैबिनेट ने पुलिस कर्मियों की बस यात्रा को एक्नुअल टिकट पर कर दिया है। अब छात्र- छात्राओं को दी जा रही फ्री यात्रा और महिलाओं को दिए जा रही आधी छूट पर चिंतन शुरू हुआ है।

## स्वतंत्रता दिवस पर स्कूलों में चलाया स्वच्छता अभियान

**मुकेश कुमार, डलहौजी**




स्वच्छता अभियान के दौरान मौजूद गणमान्य।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्थानीय प्रशासन द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के तहत सोमवार को डलहौजी में एक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में नगर परिषद, डलहौजी के कर्मचारियों और विभिन्न निजी स्कूलों के छात्रों एवं शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की।

सफाई के साथ स्वच्छता के संदेश का प्रचार अभियान की शुरुआत सुभाष चौक से की गई, जहां सभी ने सफाई का कार्य किया और लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने सुभाष चौक और अन्य सड़कों पर सफाई की और स्लोगनों के माध्यम से स्वच्छता का प्रचार किया। इसके साथ ही, लोगों को डलहौजी में स्वच्छता बनाए रखने, गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग डस्टबिन में डालने, और पॉलीथीन का संग्रहण अलग करने के बारे में जानकारी दी गई।उपमंडलाधिकारी नागरिक डलहौजी, अनिल भारद्वाज ने कहा कि इस अभियान में भाग लेने के लिए डलहौजी के विभिन्न स्कूलों और उनके अध्यापकों का आभार जताते हैं। स्वच्छता केवल कहने की बात नहीं है, बल्कि इसे अपने जीवन में अपनाना होगा।

नगर परिषद डलहौजी की कार्यकारी अधिकारी, राखी कौशल ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के तहत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत आज का स्वच्छता अभियान सफल रहा और सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर तहसीलदार रमेश चौहान, गुरु नानक पब्लिक स्कूल, डलहौजी पब्लिक स्कूल, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्रेड हार्ट स्कूल, हिलटॉप स्कूल और हिलदारी सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## एचआईवी और हेपेटाइटस पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, चंबा**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा ने राज्य एड्स कंट्रोल सोसायटी के द्वारा अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस को आज जिला कारागृह चंबा राजपुरा मे एकीकृत स्वास्थ्य अभियान के तहत निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें काराग्रह में रह रहे सभी केदियों की एचआईवी हेपेटाइटस बी ओर सी के साथ साथ बीपी और शुगर की जांच की गई तथा सभी को एचआईवी और हेपेटाइटस से जुड़ी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरित पुरी ने बताया की इस अभियान के तहत जिले भर में खंड स्तर पर जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिसके




जागरूकता कैंप के दौरान मौजूद गणमान्य।

चलते जिला कारग्रह राजपुरा मे हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जिले में कार्य कर रहे टारगेट इंटरवेंशन-एनजीओ ओसन नें युवाओं के लिए एक जागरूकता शिविर और रैली का आयोजन किया गया। इसी अभियान के तहत जिला डिग्री कॉलेज चम्बा के रेड रिबन क्लब और सकुंतला मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज चंबा में छात्रों की विभिन्न प्रतियोगिता करवाई गई।

उन्होंने बताया कि एचआईवी एड्स एक लाइलाज बीमारी है तथा इसका बचाव एकमात्र जागरूकता ही है । उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर आईसीटीसी मेडिकल कॉलेज चंबा, सिविल हॉस्पिटल भरमौर, किहार और चुवाडी में एचआईवी की जांच निशुल्क करवा सकते हैं जिस की जानकारी विभाग द्वारा गोपनीय रखी जाती है ।

## डॉ. हरेंद्र चौधरी अभिलाषी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर

**अनंत ज्ञान, मंडी**

अभिलाषी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर के पद पर अब कृषि विवि पालमपुर के पूर्व वाइस चांसलर डॉक्टर हरेंद्र कुमार चौधरी को नियुक्ति मिली है। उन्होंने सोमवार को अपना कार्यभार भी ग्रहण कर लिया। उनकी इस नियुक्ति से अवश्य ही जहां अभिलाषी यूनिवर्सिटी को नई दिशा मिलेगी वहीं पर उनके अनुभव का अभिलाषी यूनिवर्सिटी को अवश्य ही फायदा मिलेगा।



डॉ. हरेंद्र चौधरी।

इससे पहले प्रो. हरेंद्र कुमार चौधरी कृषि विवि पालमपुर में बतौर वीसी तीन साल तक अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके हैं। इस दौरान उनकी उपलब्धियां भी ढेर सारी रहीं हैं। पालमपुर कृषि विवि को उनकी सेवाओं से जहां नई ऊंचाइयां मिलीं हैं, वहीं अब अभिलाषी यूनिवर्सिटी को भी उनकी सेवाओं का लाभ मिलेगा। प्रो. हरेंद्र कुमार चौधरी वह क्रोमोसोम इंजीनियरिंग मोलेकुलर ब्रीडिंग के विशेषज्ञ रहे हैं। उन्होंने बतौर प्रोफेसर और हैड के रूप में कई सालों तक प्लांट ब्रीडिंग एंड जेनेटिक्स में अपनी सेवाएं दीं।

उन्होंने प्लांट ब्रिडिंग में पीएचडी कर रखी है, जबकि मोलेकुलर जेनेटिक में इंग्लैंड और जापान की यूनिवर्सिटी ओसाका क्योकू से पोस्ट डॉक्टरेट 2003 में की। उन्होंने वर्षा आधारित 20 पापुलर फसलों पर भी बेहतरीन काम किया। प्रो. चौधरी ने गेहूं की वैरायटी में सुधार लाने के लिए नए प्रयोग किए। उनके 205 रिसर्च पेपर अब तक पब्लिश हो चुके हैं। 1997 में उन्हें यंग साइंटिस्ट के सम्मान से भी नवाजा गया। जापान की यूनिवर्सिटी क्योकू में भी उन्हें ऑनरेरी विजिट से सम्मानित किया गया। कॉमनवेल्थ फैलोशिप का सम्मान उन्हें लंदन से हासिल हुआ। इसके अलावा यूएसए, लंदन, थाईलैंड, चाइना, नीदरलैंड सहित कई अन्य यूनिवर्सिटियों में उन्हें पुरस्कृत किया गया है।

> डॉ. हरेंद्र कुमार चौधरी अभिलाषी यूनिवर्सिटी के अब नए वीसी होंगे। उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। उन्होंने पदभार ग्रहण कर लिया है। अवश्य ही उनके अनुभव का यूनिवर्सिटी के छात्रों को लाभ मिलेगा।
> -डॉ. आरके अभिलाषी चांसलर अभिलाषी यूनिवर्सिटी।

# बच्चों को नशे से दूर रहने का दिया सुझाव



बच्चों के साथ अध्यापक व साथ हैं अन्य।

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी/भटियात**

आज जन चेतना समिति चंबा ने अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर राजकीय उच्च पाठशाला भराडी में जागरूकता शिविर का आयोजन किया जिसमें जन चेतना समिति चंबा के अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर और संचीब जीत कुमार मौजूद रहे, जिसमें सचिव जीत कुमार ने आए दिन नशे के ऊपर स्कूल के बच्चों के साथ युवा बचाओ देश बचाओ अभियान के ऊपर स्कूल बच्चों के साथ नशा ज्ञान के ऊपर चर्चा पर चर्चा की।

इस दौरान अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर ने नशे के प्रभाव आए दिन हमारे समाज पर ध्यान देना अग्रसर होता जा रहा है, सबसे ज्यादा स्कूल के बच्चे प्रभावित हो रहे हैं और स्कूल के बच्चों को नशे से दूर रहने के सुझाव दिए। अंत में सचिव जीत कुमार ने समस्त स्टाफ और और बच्चों का धन्यवाद किया।

**सूडोकु 0025** (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु 0024 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 |

## विद्यार्थियों की करवाई निबंध लेखन और भाषण प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

अटल बिहारी वाजपेई राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में पूर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्यातिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर रामलाल शर्मा रहे।

यह कार्यक्रम महाविद्यालय में अगले तीन दिनों तक चलेगा जिसके तहत छात्रों द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन के संदर्भ में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन और प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता प्रमुख रही। कार्यक्रम के आरंभ में इस कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर मनमोहन ने तीन दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम की रूपरेखा रखी । प्राचार्य डॉ रामलाल शर्मा ने सभी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की यह हम सभी का दायित्व बनता है कि जिन स्वतंत्रता सेनानियों ने भारत को आजाद करने के लिए अपना खून पसीना बहाया है ।

## अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

**अनंत ज्ञान, चंबा**




प्रतियोगिता के समापन पर बच्चों को सम्मानित करते गणमान्य।

आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शेरपुर में अंडर 14 वर्ग के लड़कों के खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ।

इस आयोजन में पूर्व शिक्षा मंत्री एवं पूर्व विधायिका आशा कुमारी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की बता दें लगातार एक के बाद एक दूसरी बार वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगाली के बच्चों ने मार्च पास्ट का खिताब अपने नाम कर अपने स्कूल का नाम रोशन किया। नगाली स्कूल के खेल अध्यापक टंडन ने जानकारी देते हुए बताया कि मार्च पास्ट के लिए बच्चों ने काफी मेहनत की थी जिसका नतीजा इस बार के खिताब को भी लगातार दूसरी बार अपने नाम कर अंडर 14 खेलकूद प्रतियोगिता में मार्च पास्ट में अपना दबदबा कायम रखा।

**अनंत ज्ञान**

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

13 अगस्त, 2024, मंगलवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** श्रावण, **तिथि** अष्टमी : (9:33): **नक्षत्र :** विशाखा (10:44), **पक्ष :** शुक्ल, **योग:** ब्रह्म (4:32) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:59 - 12:52), **राहुकाल** (03:43 -05:22) ।

**विशेष दिन**

- 13 अगस्त 2024 : मासिक दुर्गाष्टमी आज।
- 13 अगस्त 2024 : भौमाष्टमी आज।

**मेष:** आपकी वाणी से आपके आस-पास के लोग प्रभावित होंगे। मन में नकारात्मक विचार आने से मन उदास रहेगा। वाहन का प्रयोग सावधानीपूर्वक करें।

**वृषभ:** आज आप स्वार्थी लोगों से दूर रहें। शत्रु पराजित होंगे। अपने खर्चों पर नियंत्रण रखने की कोशिश करें। वाणी पर संयम रखें अन्यथा किसी को ठेस पहुंच सकती है।

**मिथुन:** आज आप पारिवारिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। पिछले अनुभव से सबक लेकर आगे बढ़े, सफलता मिलेगी प्रियजन से मुलाकात होगी।

**कर्क:** प्रभावशाली लोगों से संपर्क का लाभ मिलेगा। सहज व्यवहार विरोधियों को भी मित्र बना सकता है। आय से अधिक खर्च परेशानी में डाल सकता है।

**सिंह:** राजकीय मामलों में सफलता मिलेगी। भाग्योदय संभव है। धार्मिक यात्रा की रूपरेखा बनेगी। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी।

**कन्या:** आज आपके अटके काम पूरे होंगे। जोखिम के कार्यों से दूर रहे हैं। बातचीत में नरमी बरतें। विवादस्पद मामले सुलझेंगे। राजकीय मामले पक्ष में हल होंगे।

**तुला:** आज आपका झुकाव आज कुछ हद तक आध्यात्मिकता की और रहेगा। आप किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल हो सकते हैं। आप आज ऊर्जा से भरे हैं।

**वृश्चिक:** जीवन में एक नई ऊर्जा का प्रवेश होगा। खुद को शांत रख पाने की किसी क्रिया के साथ दिन की शुरुआत करें। जीवनसाथी से मधुरता का भाव रहेगा।

**धनु :** आज के दिन आपको किसी खास से कुछ मिल सकता है। सामूहिक कार्यों में सब की सलाह से आगे बढ़ना लाभदायक रहेगा। धैर्य से काम लें।

**मकर:** आज आपके लिए दिन बहुत अच्छा है आज आपको अपने हर एक कार्य में अच्छा लाभ होने वाला है। आज आप किसी नये प्रोजेक्ट में भागीदार बन सकते है।

**कुंभ:** कार्य क्षेत्र में नये आयाम मिलने वाले है। साथ ही साथ आज आपको आपका कोई पुराना मित्र या फिर रिश्तेदार मिल सकता है। आज पहले से कुछ ज्यादा अच्छा महसूस करेंगे।

**मीन:** आज आप अपने काम में पूरी तरह से खरे उतरेंगे। पारिवारिक आयोजनों में व्यस्त रहेंगे। आस्था बढ़ेगी आज आपको किसी से कोई गिफ्ट या फिर पैसे मिल सकते है।

## कुपवी छात्र कल्याण संघ ने लगाया रक्तदान शिविर



रक्तदान शिविर के दौरान मौजूद गणमान्य लोग।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

कुपवी छात्र कल्याण संघ शिमला इकाई द्वारा हिमाचल प्रदेश एड्स कंट्रोल सोसायटी के साथ अंतराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष पर 9वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसका शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल, मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी और शिमला शहर के विधायक श्रीमान हरीश जनारथा ने किया। कुपवी छात्र कल्याण संघ लगातार शिमला के अंदर हर वर्ष सामाजिक कार्यक्रम के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी समय समय पर आयोजन करता रहता है। इस अवसर पर संघ के सभी वरिष्ठ और कनिष्ठ कार्यकर्ताओं का दिल से आभार प्रकट किया।

## आईआईटी मंडी ने इनोवेशन श्रेणी में 8वां स्थान किया हासिल

**अनंत ज्ञान, मंडी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी ने भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) 2024 की इनोवेशन श्रेणी में 8वां स्थान हासिल किया है।

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एनआईआरएफ इंडिया रैंकिंग के नौवें संस्करण के परिणामों की घोषणा की। इनोवेशन श्रेणी में अपनी सफलता के अलावा, संस्थान ने अन्य क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय प्रगति की है। आईआईटी मंडी ने इस वर्ष इंजीनियरिंग श्रेणी में अपनी रैंकिंग में सुधार करते हुए 31 और समग्र श्रेणी में 72 स्थान प्राप्त किया है।

## पहाड़ी से गिरे पत्थरों की चपेट में आने से चाची-भतीजे की मौत

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा विधानसभा क्षेत्र की प्रौथा पंचायत में पहाड़ी से पत्थर गिरने से चाची-भतीजे की मौत हो गई। तीन वर्षीय बच्चा भी पत्थर की चपेट में आने से चोटिल हो गया। मृतक की पहचान अर्पणा (26) पत्नी प्यारो निवासी गांव ओथल तहसील जिला चंबा और अक्षय (9)पुत्र चुन्नी लाल निवासी गांव ओथल तहसील जिला चंबा के रूप में हुई है। जबकि तरुण (3) पुत्र प्यारो घायल है, जोकिअर्पणा ने अपनी पीठ पर बांध रखा था।

अर्पणा अपने भतीजे को स्कूल छोड़ने जा रही थी। डिबरू नामक स्थान पर पहुंचने पर अचानक पहाड़ी से पत्थर उनके ऊपर आ गिरे। इससे वह चोटिल होकर जमीन पर गिर गए। वहां से गुजर रहे अन्य लोगों ने उन्हें देखा और उन्हें बचाने का प्रयास किया। इससे पहले कि लोग उन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचा पाते, गहरे जख्मों के कारण दोनों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। घायल बच्चे को उपचार के लिए साहो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया और प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया।

इस घटना की सूचना मिलते ही पूरे इलाके में मातम छा गया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने साहो सीएचसी में पोस्ट मार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किए। पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने घटना की पुष्टि की है।

जो आपकी बात को सुनते हुए इधर-उधर देखे उस आदमी पर कभी भी विश्वास न करे। - चाणक्य

## संपादकीय

# हिंडनबर्ग का जिन्न

हिंडनबर्ग का जिन्न एक बार फिर बाहर निकल आया है। आखिर हिंडनबर्ग की रिसर्च में कितना दम है? इस सवाल का जवाब सभी जानने को आतुर हैं। हिंडनबर्ग की हालिया रिसर्च पर आजकल देश में खासा बवाल मचा है। हिंडनबर्ग अमेरिकी शॉर्ट सेलर फर्म है। यह फर्म एक बार फिर अपनी रिपोर्ट को लेकर चर्चा में है। इस बार हिंडनबर्ग ने रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि अडाणी ग्रुप और सेबी के बीच मिलीभगत है और अडाणी के विदेशी फंड में सेबी चीफ माधुरी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच की हिस्सेदारी है। हालांकि, बुच दंपती ने इन आरोपों को खारिज किया है। बुच दंपती का कहना है कि उन्होंने कुछ भी नहीं छिपाया है। आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है। वहीं, अडाणी ग्रुप ने आरोपों को आधारहीन बताया और इसे मुनाफा कमाने और बदनाम करने की साजिश करार दिया। रिपोर्ट के बाद सियासत गर्मा गई है। बयानबाजियों का दौर शुरू हो गया है। विपक्ष खासकर इस मसले पर भाजपा को घेरने की जुगत में है तो वहीं, सरकार के मंत्री सोच समझकर बयानबाजी कर रहे हैं यानी वे रक्षात्मक मुद्रा में आगे बढ़ रहे हैं। हिंडनबर्ग की जब पिछली रिपोर्ट आई थी, उस समय भी बवाल हुआ था और गौतम अडाणी की संपत्ति पर भी उसका असर पड़ा था। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर हिंडनबर्ग क्या बला है? इसे चलाता कौन है और किस तरह की रिपोर्ट तैयार की जाती है, जिसके रिलीज होने के एकदम बाद बवाल मच जाता है। दरअसल, इस फर्म की शुरुआत साल 2017 में नाथन एंडरसन ने की थी।

हिंडनबर्ग शॉर्ट सेलिंग के जरिए अरबों रुपए की कमाई करती है। शॉर्ट सेलिंग एक तरह की ट्रेडिंग या इन्वेस्टमेंट स्ट्रेटजी होती है। इसमें कोई व्यक्ति किसी खास कीमत पर स्टॉक या सिक्योरिटीज खरीदता है और फिर कीमत ज्यादा होने पर उसे बेच देता है, जिससे उसे तगड़ा फायदा होता है। साथ ही इसमें ब्रोकर्स से उधार शेयर लेकर भी दूसरी जगह निवेश किया जाता है। शॉर्ट सेलिंग के साथ ही यह कंपनी फॉरेंसिक फाइनेंस रिसर्च, वित्तीय अनियमितताओं, क्रेडिट, इक्विटी आदि की जांच करती है और उनका विश्लेषण करती है। इसके अलावा यह कंपनी अनैतिक कारोबारी तरीकों और गुप्त वित्तीय मामलों और लेनदेन की जांच करती है। किसी भी कंपनी में हो रही गड़बड़ी का पता लगाकर उस पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाती है और फिर उसे प्रकाशित किया जाता है। इनमें अकाउंटिंग में गड़बड़ी, मैनेजमेंट के स्तर पर खामियां और अनडिस्क्लोज्ड रिलेटेड पार्टी ट्रांजेक्शंस जैसे कारकों पर विशेष तौर पर गौर किया जाता है। हिंडनबर्ग के आरोपों के मुताबिक, सेबी प्रमुख के पैसे का इस्तेमाल शेयरों के दामों में तेजी लाने के लिए किया गया है। इस पूरे मामले को लेकर अब सवाल उठ रहे हैं और एक्सपर्ट इसके पीछे विदेशी साजिश होने का संदेह बता रहे हैं। उनका तर्क है कि हिंडनबर्ग के आरोपों के पीछे लाभ हासिल किए जाने की मंशा छिपी हो सकती है। चूंकि, पिछली रिपोर्ट से मार्केट में बड़े स्तर पर उथल-पुथल देखने को मिली थी। ऐसे में नई रिपोर्ट से भी मार्केट को प्रभावित किया जा सकता है। कुछ समय के लिए शेयर मार्केट और अडाणी के स्टॉक्स पर असर पड़ सकता है। हालांकि, लंबे समय तक बड़े इंपैक्ट या रिस्क नहीं है। अगर गिरावट आती है तो निवेशक अडाणी के स्टॉक्स खरीदने पर विचार कर सकते हैं। फर्म का नाम 1937 में हिंडनबर्ग दुर्घटना से लिया गया है, जो एक विनाशकारी घटना थी। हिंडनबर्ग रिसर्च एजेंसी की रिपोर्ट अक्सर व्यापक मीडिया कवरेज प्राप्त करती है और शेयर बाजार में कंपनियों के शेयर मूल्यों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालती है। फर्म की जांच कंपनियों के लिए अक्सर विवादास्पद और विनाशकारी होती है और कई कंपनियों ने फर्म के आरोपों से इनकार किया है और इसके तरीकों की आलोचना की है। हिंडनबनर्ग की ओर से अडानी ग्रुप के अलावा डोर्सी स्क्वायर इंक, निकोला मोटर्स, लॉर्ड्सटाउन मोटर्स, ब्लॉक इंक, एडब्ल्यूएस टेस्ला और नाइकी जैसी मशहूर कंपनियों के खिलाफ आरोप लगाया गया था कि उन्होंने अपनी वित्तीय रिपोर्टिंग में धोखाधड़ी की है।

इन आरोपों के बाद उनके शेयरों में भारी गिरावट देखी गई थी। साल 2020 के बाद से अब तक हिंडनबर्ग ने 30 कंपनियों की रिसर्च रिपोर्ट जारी की। बड़ी बात यह है कि रिपोर्ट जारी होने के अगले ही दिन इन कंपनियों के शेयर औसतन 15 फीसदी तक टूट गए। बहरहाल, ताजा आरोपों की समीक्षा करना जरूरी है ताकि सच सबके सामने आ सके। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारतीय सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री

**श्रीदेवी** भारतीय सिनेमा की मशहूर अभिनेत्रियों में से एक थी, जिनका पूरा नाम श्री अम्मा यंगर अय्यपन था। श्रीदेवी ने हिंदी फिल्मों के अलावा तमिल, मलयालम, तेलुगु और कन्नड़ फिल्मों में भी काम किया था। उन्होंने अपने सिने करियर की शुरुआत 1979 में फिल्म 'सोलवां सावन' से की थी, लेकिन उन्हें बॉलीवुड में सही पहचान फिल्म 'हिम्मतवाला' से मिली। इस फिल्म के बाद वह हिंदी सिनेमा की सुपरस्टार अभिनेत्रियों में शुमार हो गईं। इस फिल्म में उनके अपोजिट जितेंद्र नजर थे। यह फिल्म 1983 की ब्लॉकस्बस्टर फिल्म थी। इसके बाद उन्होंने कई फिल्में जितेंद्र के साथ कीं। उसके बाद उनकी फिल्म 'तोहफा' आई, जिसने उस दौर में कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। श्रीदेवी का जन्म तमिलनाडु में हुआ था। श्रीदेवी भारतीय सिनेमा की जानी मानी हस्तियों में शामिल हैं। अपनी फिल्मों में अपने बेहतरीन डांस और अदाओं से दर्शकों के दिलोदिमाग पर जादू कर देने वाली इस अदकारा ने 'मवाली', 'तोहफा', 'मिस्टर इंडिया', 'हिम्मतवाला', 'खुदा गवाह', 'चालबाज', 'नगीना' और 'लम्हे' जैसी बेहतरीन फिल्मों में काम किया। ■



श्रीदेवी
जन्म : 13 अगस्त, 1963
मृत्यु : 24 फरवरी, 2018

## अपनी बात

**जीवन** में ऊंचा मुकाम पाने के लिए उच्च लक्ष्य निर्धारण करना अति आवश्यक है। विद्यार्थी जो अपने जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करते हैं, उन्हें सफलता अवश्य प्राप्त होती है। जिंदगी में कोई भी कार्य असंभव नहीं है, जो इंसान नहीं कर सकता, इसके लिए दृढ़ इच्छाशक्ति का होना अत्यावश्यक है। आजकल प्रतियोगिता के इस दौर में हर विद्यार्थी जी-तोड़ मेहनत कर रहा है। वर्तमान समय में हर पग पर कितनी ही चुनौतियां का सामना करना पड़ता है। आत्मविश्वास और आत्मावलोकन से विद्यार्थी हर चुनौती का सामना भली-भांति कर सकता है। इसके लिए जरूरी है अध्ययन की समय-सारिणी। जब तक आप अपनी दिनचर्या निर्धारित नहीं करते, तब तक आप अनुशासित होकर पढ़ाई नहीं कर सकते। दिनचर्या ऐसी होनी चाहिए जिसमें आपका खाना-पीना, सोना, उठना बैठना और स्वास्थ्य संबंधी भी कोई परेशानी न आए। यदि आप शारीरिक रूप से स्वस्थ नहीं होंगे तो पढ़ाई में भी मन नहीं लगेगा, इसीलिए स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना अनिवार्य है।

-अमन, धर्मशाला

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।

# एक शिक्षक का भविष्य निर्माता के रूप में चुनौतीपूर्ण कार्य

वैसे तो युगों-युगों से शिक्षक को ईश्वर के समकक्ष या इससे भी ऊपर का स्थान दिया गया है। संत कबीर जी ने भी इसका सुंदर व्याख्यान किया है कि यदि गुरु व गोविंद साथ खड़े मिल जाए, तो पहले किस महान विभूति के चरण स्पर्श करूं। आगे उन्होंने अपनी वाणी में यह भी कहा कि सर्वप्रथम पूज्य गुरु हैं, जिन्होंने ईश्वर के दर्शन की सौभाग्य शिक्षा मुझे प्रदान की। उस समय गुरु बनने के मानक उच्च कोटी के रहा करते थे, तप व ईश्वरीय कृपा विशेष कारक रहते थे। सतयुग, त्रेता व द्वापर युग तक समृद्ध गुरु-शिष्य परंपरा कायम रही। मगर कलयुग में इस क्षेत्र में हमेशा क्यों ग्रहण लगता दिखाई देता है।

प्रबुद्ध आचार्य चाणक्य जी ने कहा था कि शिक्षक कभी साधारण नहीं होता, प्रलय और निर्माण उसकी गोद में पलते हैं, यह कथन शिक्षक की असाधारण विशेषता को दर्शाता है। समाज को दशा व दिशा दिखाने वाला गुरु कलयुग में किस बात का ग्रास बन गया है। यह विचारणीय पहलू है, क्या शिक्षक आज अक्षम है? यदि है तो इसका कारक कौन है? क्या कोई विद्वान खुद में ही शिक्षक बन जाता है या कोई सरकारी प्राधिकरण या माध्यम शिक्षक की नियुक्ति करता है। यदि करता है तो किस उद्देश्य से और किन मानकों पर बहुत सारी विसंगतियां नजर आ सकती है यदि देखना चाहते हैं, पेपर लीक होना देश व राज्यों में एक आम बात हो गई है। शिक्षक की नियुक्ति विश्व के सर्वोच्च मानकों पर होनी चाहिए, फिर उसे अपने कार्य करने हेतु स्वतंत्र व निर्भीक बनाना होगा। क्या वर्तमान में शिक्षक की नियुक्ति बच्चों को शिक्षा प्रदान करने हेतु ही की जाती है या जनहित के सभी कार्य करने वाले व्यक्ति के रूप में। आज बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु सभी पहलुओं को स्पष्टतया परिभाषित करने की पुन: आवश्यकता है। अन्यथा भविष्य में शिक्षक के रूप में अपना व्यवसाय चुनना शायद ही कोई युवा पसंद करेगा।



लेखक : हंस ठाकुर
बग्गी, सुंदरनगर

शिक्षक के बारे में एक अन्य कथन भी प्रचलित है कि एक डॉक्टर ,इंजीनियर या प्रशासनिक अधिकारी की गलती फाइलों में दबकर रह जाती है, मगर एक शिक्षक की गलती युगों-युगों तक परिलक्षित होती रहती है। मात्र कागजी सर्टिफिकेट देकर बच्चों को जीवन जीने योग्य नहीं बनाया जा सकता है। सभी बच्चे एक जैसे नहीं हो सकते, मगर आज सभी अभिभावक भी अपने बच्चों को डॉक्टर या इंजीनियर ही बनाना चाहते हैं और अपनी आकांक्षाओं का बोझ उन पर जोर जबर्दस्ती लाद देते हैं और बच्चे मानसिक अवसाद का शिकार होते भी देखे जा सकते हैं। जो व्यवसाय पूर्व में सर्वोत्तम स्थान पर माना जाता था, आज उसका महत्व गौण क्यों होता जा रहा है।

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हर विभाग का कर्मचारी सिर्फ अपने ही विभाग के कार्य देखता है, मगर शिक्षक को क्यों वर्तमान में मल्टीटास्क वर्कर बनाया जा रहा है। क्या इस बात से शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ सकती है? सभी वर्तमान हुक्मरान व प्रशासनिक अधिकारी भी कहीं न कहीं किसी विद्यालय के विद्यार्थी रहे होंगे, उनके गुरुजनों के आशीर्वाद से ही उन्होंने आज अपना वर्तमान हासिल किया होगा। क्या आज अपने गुरुजन व उनकी प्रदत्त शिक्षा सभी को विस्मरण हो गई? शायद आज कोई इस बात को भी विस्मरण कर चुका होगा कि सनातन संस्कृति विश्व में सबसे प्राचीनतम है । इस दुनिया में जिस संस्कृति में गुरुजनों को जब तक यह विश्वास नहीं हो जाता था कि उनका शिष्य संपूर्ण शिक्षा प्राप्त कर चुका है, उसे गुरुकुल से बाहर नहीं भेजा जाता था। मगर आज के विद्यार्थियों को हर हाल में अगली कक्षा में भेजने की क्वायत व बाध्यता क्यों? जहां आज पूरा विश्वसनातन संस्कृति के गुणों को अपनाना चाहता है वही अपने देश-प्रदेश में इसका महत्त्व क्यों कम किया जा रहा है। सच में सुधार चाहते हो, तो जिसका कार्य के लिए जिस किसी भी कर्मचारी को नियुक्त किया जाता है, उससे ईमानदारी पूर्वक वही कार्य लीजिए। अबोध बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह होते हैं और गुरु उस कुम्हार की तरह जो उन्हें उनकी इच्छा व योग्यता के अनुसार सुंदर वर्तन का रूप देने में जुटा रहता है। यह सभी कार्य एक निश्चित समयावधि में ही संभव हो पाते हैं। एक पौधे को विशालकाय वृक्ष बनाने के लिए समय समय पर उसकी हर तरह से देखरेख करनी पड़ती है। बच्चों के मामले में शिक्षक-अभिभावकों के साथ-साथ सामाजिक तत्व भी उसकी देखरेख के पहलू होते हैं।

आज शिक्षक बनना वर्तमान परिस्थितियों में बेरोजगार युवा विद्वतजनों की मजबूरी न बन जाए। यदि आप सच में एक विद्वान शिक्षक नियुक्त करना चाहते हैं, तो नियुक्ति के समय निष्पक्षता,योग्यता,पारदर्शिता व समय-समय पर बदलने वाले तथाकथित रचित नियमों का अनुपालन सख्ती से कीजिए। जब आपके नियम ही न्यायालय में चुनौती बन जाते हैं, तो स्पष्ट है कि उसमें कलयुग का असर व खोट है।

पढ़े-लिखे युवाओं के साथ कहीं न कहीं अन्याय हो रहा है। सेवा काल के किन्हीं एक-दो हिस्सों में परिवर्तन व सुधार करने से कर्मचारी व समाज को फायदे व हो रहे नुकसान का आंकलन करना भी अनिवार्य है। यदि सही में किसी का आंकना है तो उसके द्वारा किए गए वास्तविक कार्यों से आंकिए। जो शिक्षक वर्षभर ईमानदारी से कार्य करता है और नकल जैसी कुरीतियों का विरोधी है, तो क्या उसे तथाकथित नियमों व प्रावधनों हेतु कलयुग की अनावश्यक परंपराओं को अपनाना होगा। उसके परिणाम सत्यनिष्ठा से भरे होंगे व अन्य कलयुगी परिणाम बेशक शत- प्रतिशत भी हो सकते हैं।

मतलब दंड का भोगी सत्य निष्ठा पूर्वक कार्य का निर्वहन करने वाला ही अंतत: होगा। सुधार-बीच से उपजी समस्याओं के हल नहीं, बल्कि मूल से उपजी समस्याओं को लेकर होना चाहिए। ताकत हमेशा नहीं रहती, मगर कर्मों का फल फलीभूत सदैव होता है। अत: शिक्षक को भी स्वतंत्र रूप से कार्य करने का अधिकार प्रदान करना होगा। दोषियों के ऊपर कार्रवाई होनी चाहिए, परंतु स्मरण रहे कोई निर्दोष उसका शिकार न बने वरना भविष्य में कोई भी युवा शिक्षा क्षेत्र में आने से पहले सौ बार सोचेगा। सिर्फ नियम बनाने से परख सर्वे में सुधार शायद ही हो, परंतु अध्यापकों को सम्मान व स्वायत्तता देने से कुछ बेहतर परिणाम मिल सकते हैं। सिर्फ निर्देश देने से ज्यादा लाभ शिक्षकों की आत्मीयता को सम्मान देने से हो सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# चंद लोगों की बजह से पूरे समाज पर लगता है प्रश्नचिन्ह

हाल ही में लखनऊ से एक मानवता को तार-तार कर देने वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था, जिसमें कुछ हुड़दंगी, अराजक लोग बाइक सवार एक लड़का और एक लड़की पर मानवता की सारी हदें पार करते हुए साफ-साफ नजर आ रहे थे। ऐसी ही पिछले साल मणिपुर से एक शर्मसार करने वाली वीडियो सामने आईं थीं। जिससे पूरा मानव समाज शर्मिंदगी से पानी-पानी हो गया था।

एक घटना हमारे हिमाचल के कांगड़ा में भी हुई थी, जिसमें एक सिरफिरे युवक द्वारा एक लड़की पर दराट से हमला किया गया था। इसी तरह की न जाने कितनी खबरें रोजाना छपती है या कई वीडियो सामने आते हैं, जिसमें लड़कियों को बदसलूकी, दुर्व्यवहार, यौन उत्पीड़न, ब्लेकमेलिंग न जाने कैसे-कैसे अत्याचार से गुजरना पड़ता है। वैसे तो महिलाएं मौजूदा दौर में हर क्षेत्र में पुरुषों से कंधा से कंधा मिलाकर चल रही है, बल्कि कई क्षेत्रों में तो एक दो कदम आगे ही है, मगर सुरक्षा के मामले में अभी भी बहुत पिछड़ापन है।



लेखिका : बिषना गाजटा
शिमला, हि.प्र.

वो समय कब आएगा जब महिलाएं बेखौफ, निडर और स्वतंत्र होकर रह पाएगी। यह एक बहुत बड़ा सवाल है। जिसका आज तक कोई जवाब नहीं मिला। घटनास्थल के आसपास मौजूद लोग भी तमाशबीन बनकर वीडियो शूट करना ज्यादा जरूरी समझते हैं, न कि यथासंभव कोई मदद करना। प्रत्येक व्यक्ति यदि यही सोच रखेगा, तो गुनाह रुकेंगे कैसे। देशभर में रोजाना कहीं न कहीं से महिला बदसलूकी के मामले प्रकाशित होते हैं, चाहे यौन उत्पीड़न के हो या छेड़छाड़, या फिर घरेलू हिंसा, जिसमें अपराधी कई बार पकड़े जाते हैं और कई बार पैसे से सारा मामला रफा-दफा किया जाता है। कई मामलों में जनता का अत्यधिक दबाव पड़ने से मामला कोर्ट तक पहुंच जाता है। अपराधी, अपने अपराध अनुसार सजा भी पाता है, किसी को दो-चार साल कैद, किसी को उम्रकैद, यहां तक कि फांसी भी हो जाती है।

मगर अमानवीय कृत्य फिर भी रुकने का नाम नहीं ले रहे बल्कि और ज्यादा बढ़ रहे हैं। इसका सीधा सा मतलब है कि अपराधियों को सजा का कोई भय ही नहीं है। जिस सजा का कोई भय नहीं है, वो सजा दी क्यों जातीं हैं? या तो सजा देने के तरीके बदलें जाए, कोई ऐसी सजा मूककर की जाएं, जिससे अपराध करने से पहले अपराधी की रुह कांप उठे या कोई ऐसा तरीका खोजा जाए, जिससे अपराधिक मामले थोड़े तो कम हो। वरना चंद लोगों की निम्न मानसिकता के कारण संपूर्ण समाज पर प्रश्नचिन्ह लग जाता है। इसका एक कारगर तरीका यह हो सकता है, यदि मानसिकता में परिवर्तन लाया जाए। मगर यह परिवर्तन आएगा कैसे? परिवर्तन एक दिन, एक महीना या एक साल में तो संभव नहीं है। इसकी एक ठोस बुनियाद रखनी पड़ेगी। जो कि अभिभावकों और अध्यापकों द्वारा ही संभव हो सकती है। बच्चों को बचपन से ही ऐसे संस्कार ऐसी शिक्षाएं दी जानी चाहिए, जिसमें नैतिक मूल्यों, महिला सशक्तिकरण को मुख्य रूप से रखा जाना चाहिए।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

कविता

## आओ गाएं मिल सभी



शिव सन्याल, जवाली (कांगड़ा)

*आओ गाएं मिल सभी, कोई ऐसा गीत।*
*सब के मन को खींच ले, ऐसा हो संगीत।*
*प्यार भरी गंगा बहे, निष्ठुर मन दे सींच।*
*अंकुर फूटे प्रेम के, हृदय धरा को भींच।*
*कोयल सा मीठा कहें, चातक सी हो पीर।*
*कोई ऐसा गीत हो, बहे नैन से नीर।*
*सावन की ऋतु है लगी, मन में नाचे मोर।*
*आंगन में महके सदा ,खुशहाली चहुं ओर।*
*झूले मन के आ पड़ें, झूलें आ बन मीत।*
*दिल की तारें छेड़ दें, कोई ऐसा गीत।*
*धर्म कर्म की बात हो, सदा सत्य की जीत।*
*नफरत को सब छोड़ दें, करें सभी से प्रीत।*
*मानवता जीवित रहे, दुख सुख में दें साथ।*
*संकट जब भी आ पड़े, थामें दे कर हाथ।*
*मानवता ही धर्म है, रीत रही सन्याल।*
*भूल न जाए रीत यह, रखो सदा संभाल।*

# विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का ओलंपिक में निराशाजनक प्रदर्शन

विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत द्वारा पेरिस ओलंपिक 2024 में अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन न करने को विडंबना कहे या नाकामयाबी। यदि सही मायने में देखा जाए, तो विश्व की सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश भारत की ओलंपिक में अत्यंत दयनीय स्थिति रही है। यहां तक कि हमारा हम साया देश पाकिस्तान जहां से भारत के 117 खिलाड़ियों की अपेक्षा केवल सात खिलाड़ियों ने ओलंपिक 2024 में हिस्सा लिया, हमारे से आगे निकलकर एक गोल्ड लेकर 62वां स्थान हासिल करने में कामयाब रहा। जबकि विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था वाला देश 69वां स्थान ही हासिल कर सका। भारत ने इस साल पदक तालिका में काफी निराशाजनक प्रदर्शन किया है। यह 32 साल बाद है जब भारत पदक तालिका में पाकिस्तान से भी पीछे है। इससे पहले 1992 में पाकिस्तान पदक तालिका में भारत से ऊपर रहा था। पाकिस्तान ने उस साल एक ब्रांज मेडल जीता था और भारत अपना खाता भी नहीं खोल पाया था। 1992 के बाद यह पहली बार है जब पाकिस्तान भारत से ऊपर पहुंच गया है। दरअसल नदीम के गोल्ड ने भारत अंक तालिका में पीछे धकेल दिया।

भारत ने इस साल ओलंपिक में सिर्फ 6 मेडल जीते हैं और गोल्ड मेडल हासिल नहीं हुआ है। वहीं, पाकिस्तान के अरशद नदीम ने जेवलिन थ्रो में ओलंपिक रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया और भारत के नीरज चोपड़ा दूसरे स्थान पर रहे और सिल्वर पदक हासिल किया। नदीम के गोल्ड जीतते ही पदक तालिका से बाहर पाकिस्तान भारत से ऊपर पहुंच गया है। यहां तक कि हमारा पड़ोसी मुल्क चीन 90 मेडल जीतकर विश्व में दूसरे स्थान पर रहा जो कि अपने आप में ही एक विशेष उपलब्धि है। भारत के खराब प्रदर्शन से आंकलन लगाया जा सकता है कि भारत में खेलों का स्तर किस प्रकार का है। दरअसल भारत को चीन, अमेरिका जैसे देशों से सीख लेनी चाहिए कि कैसे अव्वल खिलाड़ियों को तैयार किया जाता है। देखा जाए तो भारत में खेल संस्कृति का अभाव है। दरअसल विश्व स्तरीय खेलों में निराशा जनक प्रदर्शन हमारी मानसिकता की समस्या है। हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे जेईई पास करें, कंप्यूटर वैज्ञानिक बनें, या एनईईटी में अच्छा प्रदर्शन करें और एम्स जाएं।



लेखक : प्रवीण राणा
आलमपुर, जिला कांगड़ा

हम उन्हें कोटा जैसी जगहों पर भेजते हैं और आगे बढ़ने के लिए उनसे ट्यूशन करवाते हैं। हम बस इतना चाहते हैं कि वे डॉक्टर या वकील या इंजीनियर बनें, अच्छी तनख्वाह पाएं और बूढ़े होने पर हमें पैसे दें, और इज्जत के साथ रहें। बेशक, इस मानसिकता में कुछ भी गलत नहीं है कई मायनों में, यह भुगतान कर रहा है। माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, सभी बड़ी कंपनियों के सीईओ भारतीय हैं, पैदा हुए। न्यूयॉर्क, लंदन में चिकित्सा, कानून और इंजीनियरिंग और दुनिया के सभी महान शहर भारतीयों के प्रभुत्व वाले क्षेत्र हैं, लेकिन जाहिर है, इस मानसिकता के अपने नुकसान हैं। उनमें से एक सबसे स्पष्ट बात यह है कि हम अपने बच्चे को एथलीट नहीं बनने देंगे, कहीं ऐसा न हो कि वह असफल हो जाए और खराब वेतन वाले पेशे में फंस जाए, क्योंकि ईमानदार रहें, प्रत्येक पीवी सिंधु के लिए, सौ असफल बैडमिंटन खिलाड़ी हैं, जिन्हें स्टेट कप और नेशनल कप में नॉकआउट किया जा रहा है। हमारे बच्चों के साथ ऐसा नहीं हो सकता और न ही होगा। बेहतर होगा कि वह एक वकील, एक डॉक्टर बने और एक सुरक्षित करियर की राह पर चले।

इसलिए हमारे बच्चे एथलीट नहीं बनते और अगर वे करते भी हैं, तो उनके पास संसाधन या कोचिंग नहीं होगी, क्योंकि हम एथलीटों के लिए सार्वजनिक संसाधनों के वित्त पोषण की परवाह नहीं करते। यही सब कारण है, जिसके चलते हम भारत में अच्छे खिलाड़ी पैदा नहीं कर पाते हैं तथा विश्व स्तर पर होने वाले गेम्स के दौरान हम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं। यदि गहनता से देखा जाए तो देश के खराब ओलंपिक रिकॉर्ड की जड़ें बहुत गहरी हैं। दरअसल भारतीय नागरिक पारंपरिक रूप से स्वयं को व्यक्ति के रूप में नहीं, बल्कि अपनी जाति, जनजाति या क्षेत्र के सदस्य के रूप में देखते हैं। यहां तक कि जब लोग खेल में उत्कृष्टता हासिल करते हैं, तो अक्सर उनके परिवार और व्यापक समुदाय द्वारा उन्हें शीर्ष स्तर तक पहुंचने से हतोत्साहित किया जाता है और सामाजिक स्तरीकरण का अर्थ यह है कि विभिन्न जातियां एक साथ खेल नहीं खेलतीं। भारत की आबादी में बड़ी संख्या निचली जातियों की है और ये निचली जातियां ही वे हैं जिनकी शिक्षा तक पहुंच कम है, अच्छे पोषण और स्वास्थ्य तक उनकी पहुंच कम है। यही सब कार्ड है कि भारत को खेलों में अपनी पहचान स्थापित करने में संघर्ष करना पड़ रहा है। इसका मतलब यह है कि भारत की आबादी का एक बड़ा हिस्सा खेलों में भाग नहीं ले पाया है और उसे खेल सुविधाओं तक पहुंच नहीं मिल पाई है। यदि भारतीय खेलों की ओर नजर दौड़ाई जाए तो भारत में एक खेल ऐसा है जिसमें भारत बेशक बेहतरीन है वो है क्रिकेट। पेशेवर टीमें जितना पैसा लगा सकती हैं, उसका मतलब है कि सर्वश्रेष्ठ एथलीट लगभग अनिवार्य रूप से क्रिकेट की ओर आकर्षित होते हैं, जिससे अन्य खेलों के लिए उपलब्ध पूल खत्म हो जाता है। कई बुद्धि जीवियों का कहना है कि भारत में खेलों का राजनीतिकरण किया जाता है। बहुत सारे खेल संघ में राजनीति से संबंध रखने वाले लोग महत्वपूर्ण पदों पर बैठे हैं जो कि खेलों को अपने मनमाफिक संचालित करते हैं जबकि खेल को स्वतंत्र रूप से जमीनी स्तर पर खेल भावना का स्वरूप दिया जाना अति आवश्यक है।

अभी भी समय है कि इस और विशेष ध्यान दिया जाए तथा हमारी संकीर्ण मानसिकता को बदलकर खेल जगत में व्यापक सुधार करके अच्छे खिलाड़ी तैयार की जाएं जो कि अन्य देशों की तरह भारत का परचम भी विश्व में लहरा सके। गली, कूचों गांवों में रहने वाले खेल के प्रति रुचि रखने वाले प्रतिभाशाली बच्चों की पहचान करके उन्हें बचपन से ही प्रशिक्षित किया जाना चाहिए ताकि वह आगे चलकर देश को पदक दिला सके, क्योंकि जिन देशों में अंक पत्र तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है वह उनके खिलाड़ियों की वर्षों की मेहनत का प्रतिफल है। पदक जीतने के लिए निरंतर अभ्यास व कड़ी मेहनत की जरूरत होती है। ऐसा कदापि संभव नहीं है कि कोई खिलाड़ी सीधा जाए और ओलंपिक में मेडल जीत के ले आए। सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिए तथा खेल के प्रति लोगों को जागरूक करना चाहिए तथा ज्यादा से ज्यादा खेल अकादमियां शुरू करनी चाहिए, जहां पर बचपन से ही बच्चों को खेलने का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए, ताकि बच्चे समय के अनुसार खेल में प्रवीणता हासिल करके देश को खेलों की दुनिया में नई पहचान दिलाने में सार्थक भूमिका निभा सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## पाठकों के पत्र...

**दैनिक** अनंत ज्ञान समाचार पत्र पाठकों को स्टीक और त्वरित जानकारियां पहुंचाने का कार्य कर रहा है। खबरों के अलावा हिमाचल की कला और संस्कृति को उजागर करने की पहल सराहनीय है। बेहतरीन लेआउट के साथ खबरों का चयन और प्रस्तुतीकरण सूझबूझ तरीके से किया जा रहा है। यह अनुभवी टीम और बेहतर प्रबंधन से ही संभव है। हर गांव कुछ कहता है और हेल्थ कॉलम का प्रकाशन अच्छी पहल है। हेल्थ, सीने जगत और नारी शक्ति विशेष कॉलम से पाठकों की रोचकता बनी रहेगी।

**भावना ओबरॉय, सोलन**

**दैनिक** अनंत ज्ञान ने कम समय में ही जो अपनी पहचान बनाई है, वह सराहनीय है। इसमें हर प्रकार के लेख, समाचार, गांव से संबंधित सामग्री, धर्म और स्वास्थ्य जैसे विषय आकर्षित करते हैं, क्योंकि पाठकों को ऐसी ही सामग्री अच्छी लगती है। भविष्य में इस परिवार की लग्न व मेहनत से अनंत ज्ञान भी स्तरीय पन्नों में स्थान पा सकता है, इसमें कोई शक नहीं है। मैं इसके स्वर्णिम भविष्य की कामना करते हैं।

**राकेश कुमार, कांगड़ा**

**अनंत** ज्ञान समाचार पत्र ने कम समय में अपनी खास पहचान बनाई है। पूरे प्रदेश के समाचार जहां एक ही एडिशन में पढ़ने को मिल जाते हैं, तो वहीं ब्यूटी टिप्स पर आधारित निखार पेज पर युवाओं को काफी उपयोगी जानकारी मिल पा रही है। गृह जिले कांगड़ा से लेकर पूरे देश तथा दुनिया की खबरों के साथ धर्म आधारित पेज गृहणियों के अलावा खासकर बुजुर्गों को काफी पसंद आ रहा है। इसके अलावा अखबार में प्रकाशित किया जा रहा फिल्मों से जुड़ा पेज भी मनोरंजन के लिहाज से बढ़िया है। कृप्या करियर को लेकर भी नियमित कॉलम का प्रकाशन अगर किया जाए तो इससे बेरोजगार युवाओं को काफी मदद मिलेगी।

**राजीव शर्मा, रानीताल**

**दैनिक** समाचार पत्र अनंत ज्ञान हर रोज एक नए आयाम के साथ हमारे बीच में पहुंच रहा है। इससे भी बेहतर व अच्छी बात यह है कि साथ में वेब टीवी का संचालन सोने पर सुहागा प्रतीत हो रहा है। अभी तक के प्रकाशन व प्रसारण में बेहतर तरीके से संचालन हो रहा है। हमारा सुझाव है कि इसमें जनहित के मुद्दे ज्यादा उठाए जाने चाहिएं। जिन मुद्दों से आम जनता का ज्यादा जुड़ाव है, अगर उन्हें उठाया जाएगा तो लोग अखबार से और अधिक संख्यमों में भी जुड़ेंगे। इसमें ग्रामीण व शहरी क्षेत्र को बराबर अधिमान दिया जाना चाहिए। बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन पर लगातार चिंतन, मंनन और जागरूकता की जरूरत है।

**मोहित ठाकुर,मंडी**

**मैं** जिला ऊना से हूं। महोदय हमारे क्षेत्र अंब में अधिकांश लोग कृषि पर आधारित हैं। यहां जंगली जानवरों की समस्या प्रमुख है। क्षेत्र के साथ लगते जंगली क्षेत्र है। बंदरों की समस्या से सब परेशान हैं। यहां अधिकांश लोग कृषि व्यवसाय से भी जुड़े हैं और किसानों की समस्याएं भी अधिक हैं। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। कृषि संबंधी जानकारी के कई समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अखबार का डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। डिजिटल संस्करण काफी रोचक लगा है। अखबार की प्रति लेने के लिए जिला मुख्यालय भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास अभी भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए तो झलेड़ा से पंजावर आदि रूट पर समाचार पत्र पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा समाचार पत्र में रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए।

**सोनाली धीमान, ऊना**

महोदय हमारे क्षेत्र में अवैध खनन और वन माफिया की समस्या प्रमुख है। यहां कृषि के कार्य से जुड़े लोग भी हैं। यहां लोग कृषि से जुड़े हैं, इसलिए किसानों की समस्याएं भी हैं। इन समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। हमारी जानकारी पर कुछ समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अनंत ज्ञान समाचार पत्र जिला के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए तो नारी, बसाल, टक्का और धमांदरी आदि क्षेत्र में समाचार पत्र पहुंचाने की व्यवस्था की जाए।

**कमलेश ठाकुर, चंबा**

पाठक अपने पत्र और सुझाव यहां भेज सकते हैं
*Email : editoranantgyaan@gmail.com*
*Whatsapp no. :* 88945-21702

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### लोगों के लिए लगाया खीर का लंगर



मंडी। सोमवार को श्री नौबाही देवी के प्रांगण में खीर का भंडारा लगाते भक्तजन।

### एबीवीपी ने लगाया खीर का भंडारा



**अनंत ज्ञान, मंडी।** वल्लभ राजकीय महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा खीर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 2500 से अधिक छात्र-छात्राओं को खीर वितरित की गई। इस अवसर पर एबीवीपी के इकाई मंत्री राहुल चौहान ने कहा कि सावन का महीना धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, और इस पावन अवसर पर खीर वितरण कर संगठन ने छात्रों के बीच आपसी भाईचारे और एकता का संदेश देने का प्रयास किया है।

### बाबा भूतनाथ मंदिर में श्रीमद् भागवत पुराण कथा 23 से

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश ब्राह्मण सभा मंडी खंड जिला मंडी 23 से 29 अगस्त तक बाबा भूतनाथ मंदिर परिसर में विश्व कल्याण के लिए श्रीमद् भागवत पुराण कथा का आयोजन करने जा रही है। ब्राह्मण सभा कि महासचिव प्रकाश चंद शर्मा ने कहा कि श्रीमद् भागवत पुराण कथा के आयोजन में ऐच्छिक सनातनी अपने पूर्वजों की स्मृति में कलश रख सकता है। इसके साथ ही भागवत कथा में यजमान की भूमिका का निर्वाह भी कर सकता है। वर्तमान समय में स्थानाभाव व कई अन्य कारणों से ऐसे आयोजनों को करवाना मुश्किल कार्य हो गया है। इस प्रकार के आयोजन सामूहिक रूप से करवाने की मांग को ध्यान में रखते हुए ब्राह्मण सभा द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है, जो पूरे विधि विधान से वैदिक पूजा पद्धति के अनुसार कर्मकांडी ब्राह्मणों द्वारा सनातनी परंपराओं के अनुरूप करवाया जाएगा।

### एचआईवी के प्रति निकाली जागरूकता रैली



**अनंत ज्ञान, मंडी।** जोनल अस्पताल मंडी में मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार भारद्वाज की अध्यक्षता में में संपन्न हुआ, जिसमें डॉ. अनुराधा शर्मा कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. अरिंदम राय जिला क्षय रोग नियंत्रण अधिकारी, डॉ. पवनेश परिवार नियोजन कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. प्रीति ठाकुर व वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों तथा जिला के 11 स्वास्थ्य खंडों के प्रमुखों व सहयोगी स्टाफ ने भाग लिया। बैठक से पहले मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के जिला स्तरीय समारोह का शुभारम्भ करते हुए जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### रक्षाबंधन के त्योहार से पहले डाकघर में लोगों का हुजूम

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** रक्षाबंधन से पहले भाई-बहन के स्नेह के प्रतीक रक्षाबंधन के पर्व पर मंडी जिला समेत जोगिंद्रनगर में डाक विभाग महिलाओं के लिए अतिरिक्त काउंटर स्थापित करेगा। जोगिंद्रनगर में रक्षाबंधन से दस दिन पहले चार अतिरिक्त काउंटर स्थापित किए जाएंगे। रविवार के अवकाश के दिन भी डाकिया घर-घर राखी लेकर पहुंचेगा। इन दिनों डाकघरों में दो अतिरिक्त काउंटर भी राखियों के लिए शुरू कर दिए हैं। रोजाना 100 से अधिक राखियां डाकघर जोगिंद्रनगर में ही पहुंच रही है मानसून सीजन में राखियां खराब न हों इसलिए दस रुपए के विशेष वाटरप्रूफ लिफाफे में छह रुपए की टिकट के साथ देश के हर कोने में राखी डाक विभाग के डाकिए पहुंचाएंगे।

### राजकीय संस्कृत महाविद्यालय में बांटी खीर



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय संस्कृत महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी के कार्यकर्ताओं द्वारा खीर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 800 से अधिक छात्र-छात्राओं को खीर वितरित की गई। इस अवसर पर एबीवीपी के इकाई अध्यक्ष तनिश शर्मा ने कहा कि संगठन ने छात्रों के बीच आपसी भाईचारे और एकता का संदेश देने का प्रयास किया है।

### आजीविका जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर के वाणिज्य विभाग तथा कैरियर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरी ऑफ इंडिया के सौजन्य से महाविद्यालय में आजीविका जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी आशुतोष ठाकुर जो की इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरी से एक सर्टिफाइड कंपनी सेक्रेटरी हैं तथा शिमला में प्रैक्टिस करते हैं मुख्य वक्ता रहे महाविद्यालय के लगभग 150 विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया तथा कंपनी सेक्रेटरी बनने की विधि एवं उसके बाद उपलब्ध नौकरियों तथा व्यवसायों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

### ट्रक से टकराई स्कूटी, महिला की मौत

**आदर्श, नेरचौक।** लोहारा पंचायत में एक स्कूटी के ट्रक से टकरा जाने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि स्कूटी चालक घायल हो गया, जिसका उपचार चल रहा है। महिला की दान गांव की रमा देवी के रूप में की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी बल्ह ने मामले की पुष्टि की है।

# सावन के अंतिम सोमवार मंदिरों में लगी भक्तों की भीड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सावन मास में भगवान शिव के शिवालय और मंदिरों में भीड़ लगी ही रहती है और भक्ति भारी संख्या में भगवान शिव के दर्शनों के लिए आते है। वहीं सावन के अंतिम सोमवार को बाबा भूतनाथ मंदिर में सुबह 4 बजे से ही दर्शनों के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और दिन भर बाबा भूतनाथ के दर्शनों के लिए लंबी कतारें लगी रही। हजारों भक्तों ने अंतिम सोमवार को बाबा भूतनाथ मंदिर में दर्शन किए।

वहीं महंत देवानंद सरस्वती ने बताया कि सावन का माह भगवान शिव को समर्पित रहता है और सावन में सोमवार के दिन भगवान शिव की पूजा अर्चना करने से वह भगवान शिव को प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि सावन माह का शिव भक्तों को बड़ी बेसब्री से इंतजार रहता है और महीना भर भक्त भगवान शिव की आराधना में प्रभु को प्रसन्न करने में अपना अधिक से अधिक समय देते है। महंत देवानंद सरस्वती ने बताया कि बाबा भूतनाथ मंदिर में साल के 365 दिन तक भक्तों द्वारा लगातार बाबा भूतनाथ के मंदिर में जलाभिषेक और पूजा पाठ जारी रहता है सावन मास विशेष होता है जिसमें बाबा भूतनाथ के दर्शनों के लिए देश के हर राज्य से बाबा के दर्शनों के लिए छोटी काशी आते हैं।

वहीं सोमवार को बाबा भूतनाथ मंदिर में भक्तों के लिए जलाभिषेक और दर्शनों के लिए भी उचित व्यवस्था की गई है। साथ महिलाओं द्वारा बाबा भूतनाथ मंदिर परिसर में भजन एवं किर्तन भी किए गए और मंदिर में खीर के भंडारे का आयोजन कि किया गया।



बाबा भूतनाथ के दर्शनों के लिए लगी भक्तों की लंबी कतारें।



## कभी सर्वर डाउन तो कभी सप्लाई लेट, बार-बार चक्कर लगाने से तंग हो गए उपभोक्ता

# चीनी की सप्लाई न पहुंचने से उपभोक्ता परेशान

## टेंडर प्रक्रिया में विलंब होने से बार-बार आ रही समस्या

**आदर्श, नेरचौक**

टेंडर प्रक्रिया में विलंब होने से मंडी जिला में सिविल सप्लाई के गोदामों में लेवी चीनी का कोटा नहीं पहुंच पाया है। लेवी चीनी की सप्लाई न पहुंचने से इस माह भी उपभोक्ताओं को एक मुस्त सस्ते राशन की सप्लाई नहीं मिल पाएगी।

टेंडर प्रक्रिया में विलंब होने से उपभोक्ता बार-बार परेशान होते हैं। उपभोक्ताओं को एक मुश्त राशन नहीं मिल पाता है। डिपो पर कभी तेल, कभी चीनी तो कभी दालों की सप्लाई देरी से पहुंचती है, जिससे उपभोक्ताओं को बार-बार डिपुओं के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

गौरतलब है कि कभी कभी तो स्थिति यह होती है कि सर्वर डाउन होने के कारण उपभोक्ताओं को कई बार डिपुओं के चक्कर लगाने पड़ते हैं। सरकार न सर्वर डाउन होने का विकल्प तैयार कर पाई और न ही समय पर उपभोक्ताओं को राशन का प्रबंध कर पा रही है, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानियां का सामना करना पड़ता है। वहीं सर्वर डाउन की समस्या से अब लोगों को जूझना पड़ रहा है, लोगों ने मांग उठाई है की इस समस्या का जल्द समाधान किया जाए। (अनंत ज्ञान)

### जुलाई में सरसों तेल की समय पर नहीं पहुंची थी सप्लाई

**गौर** हो कि जुलाई माह में सरसों तेल की सप्लाई समय पर नहीं पहुंच पाई थी, जिससे अधिकांश उपभोक्ताओं को जुलाई माह में सरसों तेल उपलब्ध नहीं हो पाया था। निगम के गोदामों में सरसों तेल की सप्लाई भी टेंडर प्रक्रिया देरी से होने के कारण समय पर नहीं पहुंच पाई थी।




**प्रदेश** सरकार की ओर से उपभोक्ताओं को उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से सस्ते दामों पर उपलब्ध करवाई जा रही चीनी, तेल व दाल के टेंडर हर तीन माह में होते हैं। इस प्रक्रिया में कई बार देरी हो जाती है, जोकि मार्केट दरों पर निर्भर करता है। विलंब होने पर उपभोक्ताओं को आगामी माह दो महीने का कोटा जारी किया जाता है।
-विजय सिंह हमलाल, जिला नियंत्रक, खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग।

### उपभोक्ताओं ने की एकमुश्त राशन मुहैया करवाने की मांग, ताकि समय पर मिले राशन

**उपभोक्ता** राम सिंह, श्याम लाल, बिहारी लाल, गिरधारी लाल, नंदलाल, जयंती, राधा सुनीता व चंपा ने बताया कि टेंडर में विलंब होने से कई वर्षों से यह समस्या पैदा हो रही है और उपभोक्ताओं को विभाग एक मुस्त राशन मुहैया नहीं करवा पा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं को डिपुओ के बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं। इन उपभोक्ताओं ने सरकार से टेंडर प्रक्रिया को एडवांस में पूर्ण करवाने की मांगा की है, ताकि उपभोक्ताओं को समय पर एकमुश्त राशन मिल सके।

# विकास सभा माता कंचनापुरी का हुआ पुनर्गठन, रूपलाल बने प्रधान

**रितेश, सरकाघाट**

धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाली प्रसिद्ध माता कंचनापुरी विकास सभा का पुनर्गठन किया गया जिसमें रूपलाल बिष्ट प्रधान सुनील कुमार उप प्रधान नानक चंद चंदेल सचिव नीरज गुलेरिया गरलीवाले, महासचिव राजकुमार सकलानी कोषाध्यक्ष सह कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार गरलीवाले, स्टोर कीपर कमल किशोर सह स्टोर कीपर अशीष बिष्ट, मुख्य सलाहकार सुनील कुमार मनु व हेमराज घरबासड़ा, लेखा प्रशिक्षक व्यास देव शर्मा प्रेस सचिव पवन कुमार सकलानी भड्डु, वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में जीत सिंह गरली धर्मपाल चसवाल, देशराज अनस्वाई, मेहर सिंह डरवाड़, कर्म सिंह छतरैणा शशि बिष्ट घरबासड़ा, बिकी सकलानी घरबासड़ा, कश्मीर सिंह गुलेरिया गरली, विवेक कुमार को विकास सभा की पूर्ण प्रक्रिया के अनुसार समस्त लोगों की सहमति से सभा का पुनर्गठन व उपरोक्त सभी को जिम्मेदारी सौंपी गई।

यह गठन तीन वर्षों के लिए किया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि अगर किसी द्वारा कार्य में किसी प्रकार की कमी पाई गई, तो उसे तुरंत उसके पद से हटा दिया जाएगा और उसकी जगह दूसरे सदस्य की नियुक्ति की जाएगी। मंदिर परिसर में नशा वर्जित किया गया है, वहीं कमेटी के सदस्यों द्वारा श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया कि नगदी दान पत्र में डालें तथा अन्य प्रकार के चढ़ावे कमेटी के सदस्यों के सामने ही भेंट किए जाएं, वहीं पर मंदिर परिसर में किसी भी प्रकार का नाश करने पर पूर्ण प्रतिबंध है।



माता कंचनापुरी।

**पवन बने प्रेस सचिव नानक चंद चंदेल सचिव**

प्रेस सचिव पवन कुमार सकलानी ने बताया कि मंदिर के जितने भी नए सदस्य बनाए गए हैं उन्हें मंदिर के बनाए गए संविधान के अनुसार ही कार्य करना होगा। मंदिर कमेटी का संचालन अध्यक्ष द्वारा किया जाएगा। श्यामलाल को पैटर्न नियुक्त किया गया। (अनंत ज्ञान)

# लडभड़ोल-सांडापतन मार्ग भूस्खलन से अवरुद्ध

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

लडभड़ोल तहसील में भारी बारिश से एक बार फिर लडभड़ोल सांडापतन मार्ग तैण के पास भारी भूस्खलन से मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है।

लडभड़ोल-सांडापतन मार्ग में भारी भूस्खलन होने से व भारी चट्टान गिरने से मार्ग बड़े वाहनों के लिए पूरी तरह अमरुद हो गया है विभाग इस मार्ग को खोलने के लिए जुट गया है। बता दें कि क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से जहां सड़कों पर पानी भर गया है नदी नाले भी उफान पर नजर आ रहे हैं तैण के पास भारी भूस्खलन होने से मार्ग अवरुद्ध होने से बड़े वाहनों की आवाजाही भी ठप्प हो गई है।



लोक निर्माण विभाग लडभड़ोल के कनिष्ठ अभियंता राकेश गुप्ता ने बताया कि लडभड़ोल सांड़ापतन मार्ग में तैण के पास भारी भूस्खलन होने से मार्ग बंद हो गया है जिसे खोलने के पूरे प्रयास किया जा रहे हैं।

### कोठी के समीप धंसी सड़क

**बैजनाथ** लडभड़ोल कांढापतन सड़क में तुलाह से लेकर कांढापतन पुल तक जगह जगह लहासे गिरने से दोपहर तक यातायात बाधित रहा। कोठी के समीप लगभग 100 मीटर सड़क में दरारे तथा सड़क धंस चुकी हैं तथा कभी भी सड़क धंस सकती है या ऊपर से भारी भरकम ल्हासा गिर सकता है। यही हाल गदयाड़ा के पास की सड़क का है। नेरी से लेकर कांढापतन पुल तक भी सड़क की हालत दयनीय बनी हुई है। लोकनिर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता किशोरी लाल ने बताया कि बारिश से सड़क कई जगहों पर अवरुद्ध हो गई थी, दोपहर बाद यातायात के लिए बहाल कर दिया गया।

## 9 मील को बहाल रखने का किया जा रहा प्रयास : अपूर्व देवगन

**अनंत ज्ञान, मंडी**

उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि मंडी जिला में भारी बारिश हुआ भूस्खलन से बंद सड़कों की बहाली का कार्य युद्धस्तर पर चलाया गया है।

बारिश से जिला में 71 सड़कें बंद हुई थीं जिनमें से 38 सड़कों को आज सोमवार 3 बजे तक खोल दिया गया है। जिला में नुकसान की बात करें तो अभी तक मंडी जिला में बरसात से अब तक 160 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हो चुका है। पिछले दिन 3.91 करोड़ रुपये का नुकसान आंका गया है। नुकसान की मानिटरिंग एसडीएम द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस बरसात में मंडी-कुल्लू एनएच को पंडोह के पास 9 मील स्थान पर बहाल रखने में बड़ी चुनौती पेश आ रही है। वहां पर भारी मशीनरी तैनात है इसे बहाल रखने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

बारिश के कारण 9 मील पर मिट्टी काफी लूज हो चुकी है और मिट्टी लगातार सड़क पर आ रही है। विपरीत परिस्थितियों में दिन रात कार्य करके कोशिश की जा रही है कि एनएच खुला रहे। उन्होंने बताया कि सोमवार को एनएच पर यातायात एकतरफा यातायात के लिए खुला है।

## बीबीएमबी की वर्कशाप बनी कूड़े कचरे का ढेर

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** बीएसएल परियोजना की 100 बीघा भूमि में फैली इसकी वर्कशाप दयनीय स्थिति में इसमें लगें हजारों पेड़ पौधों की हरियाली पर बीबीएमबी के अधिकारियों की लापरवाही भारी पड़ गई है। डैम साइट में जो भी कूड़ा कचरा प्लास्टिक आता है उसे वर्कशॉप एरिया में फेंका गया है। कूड़े के बड़े बड़े ढेर बीबीएमबी की आईएसओ प्रमाण की कलाई खोल रही है। पंडोह डैम के वरिष्ठ अधिशासी अभियंता वीवेक चौपड़ा ने बताया कि चारदीवारी फ्लड में बह जाने से समस्या आ रही है। एस्टीमेट तैयार है।

## एक्स सर्विसमैन लीग सरकाघाट में मनाएगी स्वतंत्रता दिवस समारोह

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

एक्स सर्विसमैन लीग सरकाघाट इकाई 15 अगस्त को सरकाघाट के सैनिक रेस्ट हाउस में भूतपूर्व सैनिकों व वीर नारियों द्वारा बड़ी धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा इस समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस महासचिव पवन ठाकुर होंगे। सैनिक लीग के अध्यक्ष कैप्टन प्यार चंद ने जानकारी देते हुए। बताया कि समारोह सुबह 10 बजे सैनिक रेस्ट हाउस में शुरू होगा 11 बजे मुख्य अतिथि ध्वजारोहण करने के पश्चात वीरगति को प्राप्त हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे इसके उपरांत उपस्थित सभी भूतपूर्व सैनिकों और वीर नारियों के लिए जलपान का आयोजन भी लीग द्वारा किया गया है। लीग के अध्यक्ष कैप्टन प्यार चंद ने सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के तमाम भूतपूर्व सैनिकों में वीर नारियों को इस समारोह में भाग लेने की प्रार्थना की है । इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिक लीग के सचिव कैप्टन बलदेव राज सीनियर वाइस चेयरमैन कैप्टन हुकम चंद कैप्टन रघुवीर सिंह, कैप्टन सुरेंद्र, नायक सूबेदार कमलेश कुमार, सूबेदार मेजर विजय कुमार, नायक स डोगरा, नायक जय प्रकाश, सुशील कुमार सहित आदि मौजूद थे।

## रिटायरी पुलिस कर्मियों ने 15 तक का दिया अल्टीमेटम

**अनंत ब्यूरो, मंडी।** पुलिस के कर्मचारी भले ही एचआरटीसी की बस में सफर करें या न करें मगर उनके वेतन से हर महीने 210 रुपए इसके लिए काटे जाते हैं जो सालाना 5 करोड़ रुपए बनता है। पुलिस से रिटायर कर्मियों ने सरकार के खिलाफ इस मामले को लेकर मोर्चा खोल दिया है। हिमाचल प्रदेश राज्य पुलिस पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक राज्य प्रधान चमन भाटिया की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने मांगों को लेकर 15 अगस्त तक का अल्टीमेटम दिया है, उसके बाद कठोर निर्णय लेने पर मजबूर होगी।

# मंडी व पनारसा में राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस की धूम

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

राजकीय वल्लभ महाविद्यालय मंडी और पनारसा में लाइब्रेरी प्रोफेशनल्ज और लाइब्रेरी समितियों के सौजन्य से राष्ट्रीय लाइब्रेरियन दिवस मनाया गया। पुस्तकालय विज्ञान के जनक रंगनाथन की जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों की अध्यक्षता मंडी में प्राचार्य डा. सुरीना शर्मा और पनारसा में प्राचार्या डा. उरसेम लता ने की।

कार्यक्रमों की विधिवत शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन व डा. ऐसआर रंगानाथन के चित्र पर माल्यार्पण करके की गई। कार्यक्रम संचालन मंडी में डॉक्टर अर्चना शर्मा और पनारसा में रवि शर्मा द्वारा किया गया। पनारसा कॉलेज की लाइब्रेरियन बिंदु सूर्यवंशी ने रंगनाथन के जीवन पर प्रकाश डाला और पुस्तकालय के विविध आयामों पर चर्चा की। लाइब्रेरी सोसायटी के सदस्यों प्रदीप, लक्ष्मी, संगीताव तुषार ने कई बिंदुओं पर चर्चा की।



पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्राचार्य सुरीना शर्मा व अन्य।

वल्लभ महाविद्यालय मंडी में लाइब्रेरी समिति के सदस्यों व संयोजक डॉक्टर संजय शर्मा के मार्गदर्शन में रुमा देवी, चंद्र चौहान, भगवती भारद्वाज व हेमनलिनी के संयुक्त प्रयासों से पुस्तकालय में पुस्तक प्रदर्शनी लगाई गई। प्राचार्या डॉक्टर सुरीना शर्मा ने कहा कि कॉलेज की लाइब्रेरी के रीडिंग रूम को ज्यादा समय के लिए पाठकों के लिए खुला रखा जाएगा।

**आस्था**

## मंडी का एक ऐसा शिव मंदिर जहां पानी की बूंदें गिरने से तैयार होते हैं शिवलिंग

# यहां सूखा पड़ने पर प्राकृतिक शिवलिंगों का होता है जलाभिषेक

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर उपमंडल की ग्राम पंचायत लडभड़ोल के कुड्डु में एक प्राचीन गुफा है जहां पर प्राकृतिक तौर पर अनेकों शिवलिंग का निर्माण होता रहता है। वर्तमान में इस प्राकृतिक गुफा में ऐसे अनेकों शिवलिंग निर्मित हो चुके हैं तथा यह प्रक्रिया अभी भी निरंतर जारी है। एक बड़ी पहाड़ी के नीचे स्थापित यह प्राकृतिक गुफा महादेव के प्रति आस्था रखने वालों को बरबस ही आर्किषत करती है। श्रद्धालु इस गुफा के दर्शन करते हुए इसे एक छोर से दूसरे छोर तक आसानी से पार करते हैं। इस बीच प्राकृतिक तौर पर गिरती पानी की बूंदे जहां श्रद्धालुओं में महादेव के प्रति आस्था को मजबूत करती है तो वहीं प्रकृति का एक अनुपम अनुभव भी मिलता है।

इसी प्राकृतिक गुफा के सामने एक विशाल चट्टान का छत्र है जिसके नीचे भी भगवान शिव, महाकाली तथा हनुमान जी के मंदिरों के साथ नवग्रहों की भी स्थापना की गई है। यह एक ऐसा स्थान है जहां पर बारिश की एक भी बूंद नहीं गिरती है तथा प्राकृतिक तौर पर निर्मित यह छत्र भी श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करता है। इस प्रसिद्ध धार्मिक स्थान का यहां पर समय-समय पर निवास करते रहे साधु महात्माओं ने जीर्णोद्धार किया है, जिनमें श्री राम गिरि, ब्रह्मलीन बाबा कालू, महंत प्रेमगिरि तथा महंत इन्द्र गिरि प्रमुख हैं। मंदिर परिसर का विकास निरंतर जारी है तथा मंदिर संचालन के लिए एक समिति भी गठित की गई है। इस प्राचीन धार्मिक स्थान की एक विशेषता यह है कि जब कभी लंबे समय तक वर्षा न हो तथा सूखा पड़े तो आसपास क्षेत्रों के लोग यहां एकत्रित होते हैं।



प्राकृतिक तौर पर बने शिवलिंग।

प्राचीन गुफा में निर्मित शिवलिंगों का जलाभिषेक किया जाता है तथा यह प्रक्रिया तब तक जारी रखते हैं जब तक जलाभिषेक का पानी प्राकृतिक गुफा के नीचे बह रही सरिता (खड्डु) में न पहुंच जाए। कहते हैं कि ऐसा करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं तथा वर्षा होती है। ज्येष्ठ माह में यहां पर मेले का आयोजन भी किया जाता है।

### इस तरह पहुंचें मंदिर

**यह** प्रसिद्ध धार्मिक स्थान बैजनाथ-लडभड़ोल-कांढ़ापत्तन-सरकाघाट मुख्य सड़क पर तहसील मुख्यालय लडभड़ोल के समीप बलोटू गांव से संपर्क मार्ग के माध्यम से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर है। यह स्थान उपमंडल मुख्यालय जोगिंद्रनगर से वाया गोलवां लगभग 40 किलोमीटर, प्रमुख धार्मिक स्थान बैजनाथ से लगभग 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

यह पवित्र धार्मिक स्थान विश्व प्रसिद्ध पैराग्लाइडिंग साईट्स बीड़-बिलिंग से महज 25 किलोमीटर की दूरी पर है।

## धर्मपुर कॉलेज में एमए अंग्रेजी शुरू करने की मिली मंजूरी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर जिला मंडी ने नई ऊंचाइयों की ओर कदम बढ़ाना शुरू कर दिए हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश धलारिया ने बताया कि सत्र 2024-25 से एमए अंग्रेजी की कक्षाएं शुरू करने की सरकार से मंजूरी मिल चुकी है और इसी आशय को लेकर डायरेक्टर हायर एजुकेशन ने क्लासेस शुरू करने को लेकर पत्र भेज दिया है।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने 25 जनवरी को धर्मपुर के कॉलेज ग्राउंड में आयोजित पूर्ण राज्यत्व दिवस के मौके पर धर्मपुर विधायक चंद्रशेखर की मांग पर महाविद्यालय में एमए अंग्रेजी विषय की कक्षाएं शुरू करने की घोषणा की थी, जो कि अब जाकर पूरी हो गई है।

# सिटी ऑफ ग्रेटर बेंडिगो परिषद का चुनाव लड़ेंगे अभिषेक अवस्थी

**अनंत ज्ञान, मंडी**

आस्ट्रेलिया के बेंडिगो शहर में बीते 14 वर्षों से रह रहे मंडी शहर निवासी 40 वर्षीय अभिषेक अवस्थी अब वहां राजनीति के क्षेत्र में भी कदम रखने जा रहे हैं। आस्ट्रेलिया में सरकारी व गैर सरकारी क्षेत्रों में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं देने के बाद अब अभिषेक ने चुनाव लड़ने का ऐलान किया है।

अभिषेक अवस्थी सिटी ऑफ ग्रेटर बेंडिगो परिषद के चुनावों में केनिंग्टन वार्ड के लिए काउंसलर का चुनाव लड़ेंगे। शनिवार को उन्होंने अपने चुनावी अभियान का विधिवत आगाज कर दिया। यह पहला मौका होगा जब बेंडिगो शहर के सबसे बड़े चुनावों में कोई भारतीय अपनी किस्मत आजमाएगा। सिटी ऑफ ग्रेटर बेंडिगो परिषद के यह चुनाव 7 अक्तूबर से 26 अक्तूबर तक आयोजित किए जाएंगे। आस्ट्रेलिया के नियमों के अनुसार यहां सभी नागरिकों को अपने मताधिकार का इस्तेमाल करना अनिवार्य है।



अभिषेक चुनावी कैंपेन शुरू करते हुए ।

यहां चुनावी प्रक्रिया को लंबे समय तक आयोजित किया जाता है। अवस्थी ने बताया कि केनिंग्टन वॉर्ड में 14 वर्षों के दौरान बहुत कुछ सीखने को मिला।

## न्यूज ब्रीफ

### जियान तक्खी ने नवोदय प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की



**गुरदेव कुमार, दौलतपुर चौक।** यदि मन में लक्ष्य हासिल करने का जज्बा हो तो वह मंजिल तक हर हालत में पहुंच ही जाता है। ऐसा कुछ कर दिखाया है गगरेट क्षेत्र के गांव गोंदपुर बनेहड़ा अप्पर के जियान तक्खी ने जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा उतीर्ण कर जवाहर नवोदय विद्यालय पेखुवेला में नवीं कक्षा में प्रवेश कर लिया। जियान तक्खी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व अध्यापकों को दिया है। उनके पिता अधिवक्ता रमेश तक्खी ने बताया कि जियान शुरू से ही पढ़ाई में अव्वल रहा है और पिछले कई दिनों से जवाहर नवोदय विद्यालय के परीक्षा की तैयारी कर रहा था। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता पाने वाले व्यक्ति को खुद पर भरोसा ही कठिन समय से लड़कर लक्ष्य तक पहुंचाने का हौसला देगा। जियान की माता उषा कुमारी अध्यापिका (शास्त्री) ने कहा कि मजबूत इरादे के आगे कोई मंजिल दूर नहीं होती। (अनंत ज्ञान)

### अलग-अलग स्थानों पर भक्तजनों ने लंगर लगाए



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** जिला ऊना के प्रसिद्ध व ऐतिहासिक सदा शिव धौमेश्वर महादेव मंदिर तलमेहड़ा बही में सावन माह के दिनों में भोलेबाबा के भक्तजन हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली सहित अन्य स्थानों से इस स्थान पर पहुंच रहे हैं और भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। वहीं, भोलेबाबा के भक्तजनों द्वारा लंगरों का आयोजन भी करवाया जा रहा है। इस मौके पर लुधियाना से ऐटवोकेट गगनदीप सैणी, सतीश शर्मा कपूरथला, लक्की ठाकुर ठठल, जुगल किशोर, अमित साहनी सहित अन्य युवाओं द्वारा मिलकर हर वर्ष की तरह इस बार भी गलुआ तथा सदा शिव ध्यूसंर महादेव मंदिर परिसर में जलेबी, आईसक्रीम, खीर तथा मालपुड़ों तथा पकौड़े का लंगर आयोजित करवाया गया। इसमें सैकड़ों भक्तजनों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया( मंदिर में सुबह से ही भक्तजनों की लाइनें देखने को मिलीं। इस मौके पर मंदिर परिसर में पूरा दिन लंगर का आयोजन करवाया गया।

### समलाड़ा में युवाओं ने लगाया खीर का लंगर



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के तहत गांव समलाड़ा में श्रावण मास के चलते सोमवार को शिव मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी खीर का प्रसाद बांटा गया। समस्त ग्रामीण हर वर्ष श्रावण मास में खीर प्रसाद राहगीरों को बांटते हैं। इस मौके पर स्थानीय युवा अमित शर्मा, लक्की शर्मा, पवन शर्मा, नरेंद्र ठाकुर, नरेश ठाकुर, सुनंदन शर्मा, सौरभ शर्मा आदि मौजूद रहे।

### मुबारिकपुर स्कूल में मनाया युवा दिवस



**गुरदेव कुमार, दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुबारिकपुर में सोमवार को प्रधानाचार्य दिलबाग सिंह की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एन एस एस स्वयंसेवियों ने स्कूल परिसर में साफ सफाई की तथा झाड़ियों की कांट-छांट की। प्रधानाचार्य दिलबाग सिंह ने बच्चों से कहा कि किसी भी देश के विकास में युवाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन विकसित और विकासशील दोनों देशों में, युवाओं को मानसिक और सामाजिक जैसी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, इसलिए, युवाओं को इन चुनौतियों के बारे में जागरूक करने, देश के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक मुद्दों पर उनकी भागीदारी बढ़ाने और उनकी क्षमता का सम्मान करने के लिए हर साल 12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। (अनंत ज्ञान)

### धौमेश्वर मंदिर में पूर्व मंत्री कंवर ने की पूजा



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के प्रसिद्ध धौमेश्वर मंदिर गांव बही तलमेहड़ा में राज्य भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने पत्नी मीना कंवर के साथ सावन मास के चौथे सोमवार को विधिवत पूजा अर्चना की और रुद्राभिषेक करके समस्त जनता के लिए स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, मंदिर कमेटी द्वारा पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर एवं उनकी पत्नी मीना कंवर को सम्मानित भी किया गया।

### बाथू-बाथड़ी में जांचा 210 लोगों का स्वास्थ्य

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।** बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य जांच के लिए सांसद स्वास्थ्य मोबाइल टीम भी आगे आई है। स्वास्थ्य शिविर के दौरान स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य की सामान्य जांच की गई। मरीजों को उपयुक्त उपचार सलाह एवं दवाइयों का वितरण भी निशुल्क किया गया। इस दौरान बाढ़ ग्रस्त औद्योगिक क्षेत्र बाथू-बाथड़ी व ईसपुर मे 210 लोगों की स्वास्थ्य जांच व 15 लोगों की रक्तजांच की गई। इस दौरान विशेषकर बुजुर्गों, बच्चों व महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच करते हुए लोगों की रक्त जांच भी की गई। मरीजों को उचित उपचार सहायता व निशुल्क दवाइयों का वितरण भी टीम द्वारा किया गया। प्रयास संस्था ने लोगों से आग्रह किया की स्वास्थ्य उपचार संबंधित सहायता के लिए आप सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम के इंचार्ज डॉ. प्रदीप से उनके संपर्क नंबर 9816749654 पर संपर्क कर सकते हैं।

### ऊना में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 14 हुई

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जेजों और बाथड़ी में हुए बाढ़ कारण हादसों में मरने वालों की संख्या 14 हो गई है। बताया जा रहा है कि इनोवा गाड़ी में 12 लोग सवार थे जिसमें 11 की मौत हो चुकी है। यह सभी रिश्तेदार थे। इसके अलावा बाथड़ी में बाढ़ में दो बच्चियों समेत 3 लोग अकाल मौत का ग्रास बने हैं।

# उपमुख्यमंत्री ने बाढ़ से हुए नुकसान का लिया जायजा

## मुश्किल घड़ी में हरोली विधानसभा क्षेत्र के प्रभावितों के साथ खड़ी है हिमाचल सरकार : मुकेश अग्निहोत्री

**राजेश शर्मा, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरोली विधानसभा क्षेत्र में भारी बारिश और बाढ़ से हुए व्यापक नुकसान का जायजा लिया। सोमवार को अपने दौरे में उन्होंने बाथू-बाथड़ी क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित इलाकों, विशेष रूप से औद्योगिक इकाइयों में हुई क्षति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रीतिका ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज, वर्धमान इस्पात और बाथड़ी में एक पेट्रोल पंप को हुए नुकसान का भी जायजा लिया। उपमुख्यमंत्री ने प्रभावित औद्योगिक इकाइयों के संचालकों और कर्मचारियों से मुलाकात कर उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार इस कठिन समय में उनके साथ खड़ी है।

उपमुख्यमंत्री के दौरे में उपायुक्त जतिन लाल, पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, संयुक्त निदेशक उद्योग अंशुल धीमान, जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता नरेश धीमान सहित अन्य विभागीय अधिकारी, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रणजीत राणा, कांग्रेस के जिला ओबीसी सैल के अध्यक्ष प्रमोद कुमार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद बिट्ठू, बाथू की प्रधान सुरेखा राणा तथा अन्य पंचायतीराज संस्थानों के प्रतिनिधि और जिला कांग्रेस के पदाधिकारी उनके साथ रहे। (अनंत ज्ञान)



बाथड़ी में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते उपमुख्यमंत्री मुकेश, साथ हैं अन्य।

### पंजाब सरकार से करेंगे जैजों में पुल निर्माण की बात

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली की सीमा से लगता जैजों क्षेत्र पंजाब राज्य के अंतर्गत आता है, ऐसे में वहां पुल निर्माण के मुद्दे पर पंजाब सरकार से बातचीत की जाएगी। यह पुल हिमाचल के लोगों के आवागमन के लिए भी महत्वपूर्ण है, खासकर हरोली में 2200 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला ड्रग पार्क इससे कनेक्ट होगा। ऐसे में वहां पुल की स्वाभाविक आवश्यकता है।

### राहत और पुनर्वास कार्यों को प्राथमिकता

मुकेश अग्निहोत्री ने सभी प्रभावित क्षेत्रों में राहत और पुनर्वास कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही और जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि कोई भी प्रभावित व्यक्ति राहत कार्यों से वंचित न रहे। उन्होंने सभी विभागीय प्रमुखों को जल्द से जल्द बुनियादी ढांचे की मरम्मत करने और राहत कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रविवार की बारिश और बाढ़ से हरोली विधानसभा क्षेत्र में सड़कों, जल परियोजनाओं और बिजली की स्कीमों को भारी क्षति पहुंची है। आपदा के चलते बिजली विभाग के 150 ट्रांसफार्मरों को नुकसान पहुंचा है, जिससे 25 प्रतिशत क्षेत्र बिजली की समस्या से प्रभावित हुआ है। बिजली की समस्या से निपटने के लिए खंभे, तार और ट्रांसफार्मर मंगवाए गए हैं, ताकि लोगों के घरों में जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल की जा सके। हरोली में जल शक्ति, पीडब्ल्यूडी और बिजली विभागों के डिवीजन खोले गए हैं, इससे लोगों को बहुत सुविधा होगी तथा पुनर्निर्माण कार्यों को अधिक गति से पूरा किया जा सकेगा। आपदा के चलते लोगों के घरों को हुए नुकसान का आकलन भी राजस्व विभाग के माध्यम से किया जाएगा।

### कारणों की होगी विस्तृत जांच

इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि रविवार को हुई भारी बारिश के चलते हरोली के बाथू-बाथड़ी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि खड्ड का रास्ता किसी कारण से बाधित होने के चलते ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न हुई। हरोली विधानसभा क्षेत्र जो विकास के मॉडल के रूप में जाना जाता है, में बाढ़ के कारण उत्पन्न स्थितियों की विस्तृत जांच के लिए डीसी ऊना को निर्देश दिए गए हैं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

### 14 लोगों की मौत पर जताया दुख

मुकेश ने बाढ़ के कारण ऊना जिले में अलग-अलग हादसों में 14 लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया और पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने प्रभावित परिवारों को सरकार की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। बता दें, रविवार को हुई भारी बारिश के कारण ऊना जिले में जान माल की व्यापक क्षति हुई है, जिसमें बाथू-बाथड़ी क्षेत्र में तीन प्रवासी बच्चियों की बाढ़ की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। इसके अलावा, जैजों गांव (हिमाचल-पंजाब सीमा) के पास एक वाहन बह गया, जिससे देहलां और भटोली के रहने वाले 11 लोगों की मौत हो गई।

## मुकेश ने जैजों हादसे के पीड़ित परिजनों से की मुलाकात, जताई संवेदनाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सोमवार सायं ऊना के देहलां और भटोलीकलां जाकर जैजों हादसे के पीड़ित परिजनों से मुलाकात की और अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि यह हादसा अत्यंत दुखद है और प्रदेश सरकार इस दुख की घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है। इस दौरान उनके साथ ऊना के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष रणजीत राणा और अन्य पार्टी पदाधिकारी भी मौजूद थे।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि रविवार का दिन ऊना जिला के लिए बेहद दुखदाई रहा, जब भारी बारिश और बाढ़ के कारण दो अलग-अलग हादसों में जिले में लोगों की जान चली गई। इनमें से 11 लोगों की मौत जैजों गांव (हिमाचल-पंजाब सीमा) के पास एक वाहन के बाढ़ में बहने से हुई। इनमें से 9 शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि 2 की तलाश जारी है। उन्होंने बताया कि चूंकि जैजों क्षेत्र पंजाब राज्य के अंतर्गत आता है, इसलिए शवों का पोस्टमार्टम होशियारपुर में किया गया। ऊना के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा ने इस प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाई और शवों को उनके पैतृक गांव लाने में सहायता की। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद 9 शवों को देहलां और भटोलीकलां लाया गया, जिनमें 5 मृतक देहलां और 4 भटोलीकलां के निवासी थे। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार पीड़ित परिवारों की हर संभव मदद के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि हादसा पंजाब राज्य की सीमा में होने के चलते पंजाब सरकार ने मृतकों के परिजनों को अपनी ओर से राहत राशि प्रदान करने की बात कही है।



जैजों हादसे के पीड़ित परिजनों से मुलाकात करते मुकेश अग्निहोत्री और अन्य।

इसके उपरांत, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जैजों क्षेत्र में दुर्घटना स्थल का दौरा किया। उन्होंने वहां हादसे में 2 लापता लोगों की तलाश में जुटी पंजाब राज्य आपदा रिस्पांस बल की टीम से बातचीत कर हालात का जायजा लिया। उन्होंने जैजों में खड्ड पर पुल निर्माण के मुद्दे पर पंजाब सरकार से बात करने की प्रतिबद्धता भी दोहराई।

## राकेश प्रजापति ने औद्योगिक क्षेत्र में लिया नुकसान का जायजा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल प्रदेश के उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान के निर्देशानुसार, उद्योग विभाग के निदेशक राकेश प्रजापति ने सोमवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण किया। उन्होंने बाथू-बाथड़ी औद्योगिक क्षेत्र का दौरा करते हुए प्रीतिका ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज और वर्धमान इस्पात को हुए नुकसान का विस्तृत जायजा लिया।

राकेश प्रजापति ने प्रभावित उद्योगों के संचालकों और कर्मचारियों से मुलाकात की और उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि विभाग उद्यमियों की सहायता के लिए पूरी तरह से तत्पर है और राहत कार्यों में जरूरतमंद इकाइयों को प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक मदद उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में सुधार और पुनर्निर्माण में हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।



प्रजापति बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का जायजा लेते हुए।

## जैजों हादसे में मृतकों के पोस्टमार्टम के दौरान होशियारपुर अस्पताल में मौजूद रहे सतपाल

**अनंत ज्ञान, ऊना**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

होशियारपुर के जैजों में ऊना के देहलां व भटोली के 11 निवासियों की मौत के बाद होशियापुर के सिविल अस्पताल में मृतकों के पोस्टमार्टम के दौरान ऊना के पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा मौजूद रहे।

इससे पहले सतपाल सिंह रायजादा ने स्वास्थ्य विभाग के ऊना जिला अधिकारियों के साथ बात की और ऊना से एंबुलेंसों की व्यवस्था कर होशियारपुर भेजा। इसके बाद रायजादा स्वयं होशियारपुर के लिए रवाना हुए और सिविल अस्पताल होशियारपुर में पोस्टमार्टम प्रक्रिया के दौरान वहां मौजूद रहे। अस्पताल में ही सतपाल रायजादा ने सांसद राजकुमार चब्बेवाल और कैबिनेट मंत्री ब्रह्मशंकर जिंपा के साथ मुलाकात की। इससे पहले रायजादा ने बारिश के दौरान ऊना के बारिश से प्रभावित विभिन्न इलाकों का भी बारिश के बीच ही दौरा करते हुए जायजा लिया था व अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए थे। वहीं, देर शाम उन्होंने होशियारपुर पहुंचकर जैजों हादसे में भी फीडबैक ली थी और मुख्यमंत्री सुक्खू से इस बाबत फोन पर चर्चा की थी। सुक्खू सरकार हर किसी के दुख-सुख में साथ खड़ी है और हर संभव सहायता की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ऊना के माध्यम से शवों को लाने के लिए एंबुलेंसों की व्यवस्था भी की है।



ऊना अस्पताल के बाहर सतपाल रायजादा और अन्य।

## नुकसान के कारणों का पता लगाए सरकार : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने ऊना के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र बाथड़ी का दौरा कर बारिश से हुए नुकसान का जायजा लिया। बाढ़ की वजह से भारी नुकसान हुआ है। उपजाऊ भूमि सहित व्यावसायिक और आवासीय भवनों को बहुत क्षति हुई है। बाढ़ पीड़ित परिवारों से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कर उन्हें ढांढस बंधाया। पीड़ितों का उनका दर्द असहनीय है। राज्य सरकार को आपदा प्रभावितों को त्वरित सहायता उपलब्ध करवानी चाहिए।

भारतीय जनता पार्टी पीड़ित परिवारों के साथ है। उन्होंने कहा कि न कोई लैंडस्लाइड हुई, न ही कोई पहाड़ दरका इसके बाद भी इस तरह की तबाही चिंता का विषय है। सरकार को अचानक हुए इस हादसे की जांच कर इसके कारण तलाशने चाहिएं जिससे इस तरह की घटाओं से बचा जा सके।

जयराम ठाकुर ऊना के टाहलीवाल-माहिल सड़क पर जैजों गांव में खड्ड में हुए हादसे में जान गंवाने वाले सुरजीत के परिजनों से मिलने के लिए लोअर देहला गांव पहुंच कर परिजनों से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढांढस बंधाया। इस मौके पर उनके साथ ऊना के विधायक सतपाल सिंह सत्ती, बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी, बल्ह विधायक इंद्र सिंह गांधी और द्रंग विधायक पूर्ण चंद ठाकुर समेत स्थानीय नेता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।



टाहलीवाल में इनोवा हादसे में जान गंवाने वाले सुरजीत सिंह के परिजनों से मिलने उनके आवास पहुंचे नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।

## भोले के जयकारों से गूंजा सदाशिव मंदिर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के धौमेश्वर मंदिर तलमेहड़ा में सावन मास के दौरान भोलेनाथ के भक्तों में मंदिर के शिवलिंग पर जल चढ़ाने के लिए भीड़ का तांता रहा और कतार में खड़े होकर श्रद्धालु शिवलिंग तक पहुंचकर भोलेनाथ को खुश करने के लिए जलाभिषेक करते रहे।

मंदिर कमेटी के चेयरमैन प्रवीण शर्मा ने बताया कि सावन मास के उपलक्ष्य पर हर वर्ष सदाशिव मंदिर में श्रद्धालुओं का भारी तांता लगता है और परिवार सहित श्रद्धालु मंदिर में जल चढ़ाने एवं आशीर्वाद लेने के लिए सदाशिव पहुंचते हैं। प्रवीण शर्मा ने कहा कि मंदिर कमेटी सावन मास से पूर्व दो माह से लगातार तैयारियों में जुटी रहती है, ताकि सदाशिव में आने वाले हर श्रद्धालु को मंदिर कमेटी की तरफ से पूरी सहूलियत मुहैया करवाई जाए।



भजन गायक को सम्मानित करते प्रवीण शर्मा।

अपंग और बुजुर्गों के लिए निशुल्क मंदिर परिसर में लिफ्ट का प्रावधान भी किया गया है, ताकि हर कोई भगवान भोलेनाथ की द्वापर युग से जुड़ी और दिव्य शिवलिंग के दर्शन कर सकें। शर्मा ने कहा कि सदाशिव मंदिर का इतिहास द्वापर से जुड़ा है और पांडवों के कुल पुरोहित धौम्य ऋषि ने जिला उना के उपमंडल बंगाणा की रामगढ़ धार के सबसे ऊंचे टीले पर तपस्या करके भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न किया था और भगवान भोलेनाथ ने दर्शन देकर ऊनी मनोकामना पूर्ण करने का वचन दिया था, जो आज भी भोलेनाथ का वचन सत्य हो रहा है और जो भी भक्त सदाशिव में सच्चे मन से प्रार्थना करते हैं, भगवान भोलेनाथ उनकी मनोकामना पूर्ण करते हैं।

### पंजोआ के ग्रामीणों में तेंदुए की दहशत

**विवेक शर्मा, अंब।** उपमंडल अम्ब के तहत ग्राम पंचायत के गांव पंजोआ कलां के वार्ड नंबर 6 में इन दिनों तेंदुए के आतंक से लोग सहमे हुए हैं। गांव में तेंदुए के द्वारा पालतू वा आवारा कूटों को आए दिन शिकार बनाया जा रहा है।आवारा कूटों के एका एक गायब होने के बाद जब तेंदुए के द्वारा पालतू कुत्ते को शिकार बनाया गया जो घर के आंगन में बंधा हुआ था व उसी घर पर काम करने वाला एक प्रवासी व्यक्ति बरामदे में सोया था उसके देखने के बाद पूरे गांव में तेंदुए का आतंक फैल गया है। लोग अपने बच्चों को व पालतू जानवरों को लेकर चिंतित हैं। जब पंचायत के प्रधान बलविंदर बिल्ला को इस सबकी जानकारी प्राप्त हुई तो उन्होंने फॉरेस्ट विभाग के डीएफओ ऊना वा रेंज ऑफिसर को तुरंत करवाई करने वा तेंदुए को पकड़ कर कहीं सुरक्षित स्थान पर भेजने की अपील की है। डीएफओ सुशील राणा ने कहा है कि तेंदुए की तलाश के लिए टीम का गठन कर के तुरंत इसे पकड़ कर कहीं सुरक्षित स्थान पर भेजने का प्रबंध किया जाएगा। रेंज ऑफिसर से बात होने पर उन्होंने कहा स्थानीय लोग एहतियात बरतते हुए रात को थोड़ी थोड़ी देर बाद ऊंची आवाज करते रहे। ताकि तेंदुआ घरों के आसपास किसी तरह का नुकसान न करे। जल्द ही टीम का गठन कर के इसको पकड़ने का प्रयास किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)




**आयोजन** कुटलैहड़ के 127 स्कूलों के 244 जेबीटी अध्यापकों को विधायक विवेक ने थानाकलां में बांटे टैब

## सरकार शिक्षा में सुधार और नन्हे छात्रों को दे रही सुविधाएं : विक्कू

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के रेगुलर जेबीटी अध्यापकों को कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने लैपटॉप यानी टैब वितरण किए। थानाकलां में कार्यक्रम के दौरान विधायक विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ के 127 स्कूल के करीब 244 जेबीटी अध्यापकों को सरकार की सर्व शिक्षा अभियान यानी वर्तमान में समग्र शिक्षा अभियान योजना के तहत यह टैब वितरण किए।

ज्ञात रहे कुटलैहड़ के हर प्राइमरी स्कूल में इन टैब के माध्यम से स्कूल की हर प्रकार की जानकारी और यहां तक की स्कूल के अध्यापक की हाजिरी भी इसी टैब से लगेगी। विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ में शिक्षा का स्तर कैसे ऊंचा हो और भारत के नशे पर कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र आए, इस पर स्कूल के हर अध्यापक को मंथन करना होगा। शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में प्रथम स्थान पर हो और छोटे-छोटे बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार मिलें।




जेबीटी शिक्षकों के साथ कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा।

राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में चलाई गई हर योजना का लाभ नन्हे छात्रों को मिले, हम उसी लक्ष्य पर काम कर रहे है। राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्रमें गंभीर होकर आगे बढ़ रही है और शिक्षा के क्षेत्र में अनाथ और गरीबी रेखा से रहित बच्चों के लिए सुख आश्रय योजना को धरातल पर उतार कर अनाथ और गरीबी रेखा से नीचे परिवारों के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में हर सुविधा देने की योजनाएं चलाई हैं। हमारा प्रयास है कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में 127 प्राइमरी स्कूल हैं और उनमें हजारों की संख्याएं छात्र शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते हैं, जिन्हें बेहतर शिक्षा मिले और अच्छे संस्कार हों।

कुटलैहड़ विस क्षेत्र को शिक्षा के क्षेत्र में राज्य ही नहीं बल्कि भारत में कुटलैहड़ विस क्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र पर पहले स्थान पर हो, यही हमारा एक सपना है। यह सपना तभी पूरा होगा, जब कुटलैहड़ के प्राइमरी स्कूल के अध्यापक गांव से छोटे बच्चों को सरकारी स्कूल में पढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे।

इस मौके पर एसडीएम सोनू गोयल, कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, राजेंद्र कौशल, उपनिदेशक उच्च शिक्षा अधिकारी सोम पाल धीमान, उपनिदेशक प्रारम् शिक्षा अधिकारी, राकेश अरोड़ा जिला परियोजना अधिकारी समग शिक्षा ऊना, संजीव पराशर प्रधानाचार्य राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थाना कलां, हंसराज खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी, कांता देवी, प्रदीप कुमार खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी जोल, सुरेश कुमार कुटलैहड़ कार्य कारी कांग्रेस अध्यक्ष, राजेश धीमान समेत अन्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### एनसीसी की कार्यप्रणाली पर डाला प्रकाश



**आनी।** राजकीय महाविद्यालय निरमंड में सोमवार को दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत स्नातक प्रथम वर्ष के नए दाखिल स्टूडेंट्स के लिए ओरिएंटेशन एवं प्राचार्या द्वारा उद्बोधन का आयोजन किया गया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. राजन देवी नेगी ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. प्रियंका ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। कॉलेज के उपप्राचार्य कमान संदीप कुमार ने कॉलेज की गतिविधियों, नियमों तथा अनुशासन और एनसीसी की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। कॉलेज के सभी आचार्य गणों ने विभिन्न विषयों एवं समितियों के संयोजक के अनुरूप सत्र भर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों तथा गतिविधियों की जानकारी विद्यार्थियों से साझा की। साथ ही कॉलेज की वरिष्ठ छात्रा संजीता और सुनिधि ने भी केंद्रीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े और अपने व्यक्तिगत अनुभवों से संबंधित विचारों को नवागंतुक विद्यार्थियों से साझा किया।

### थान देवता मंदिर में खीर भंडारे का आयोजन



**पतलीकूहल।** सावन के आखिरी सोमवार को पतलीकूहल पुलिस थाना और शिम गांव में देवता थान के मंदिर में खीर के भंडारे का आयोजन हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने खीर के भंडारे में पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सहायक थाना प्रभारी रजत शर्मा ने बताया कि हर साल की भांति इस वर्ष भी सोमवार को खीर और भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान मनाली डीएसपी केडी शर्मा के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं, शिम गांव के देवता थान के मंदिर में भी खीर के भंडारे के साथ धाम का भी आयोजन किया गया। इस दौरान थान देवता के कारदार वीर सिंह ने कहा कि देवता थान के मंदिर में हर साल खीर के साथ धाम का आयोजन किया जाता है और गांव की महिलाओं व पुरुषों द्वारा इस पावन अवसर पर भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया जाता है, जो कि पूरी रात तक चलता रहता है। इस दौरान देवता भी अपने रथ के साथ निकलते हैं।

### एचआईवी के खिलाफ निकाली जागरूकता रैली




**कुल्लू।** युवा दिवस के अवसर पर डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू से जिले में एकीकृत स्वास्थ्य अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनआर पवार भी मौजूद रहे। एकीकृत स्वास्थ्य अभियान दो महीने तक चलेगा। अभियान में विभिन्न कार्यक्रम एवं जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें गंभीर रोगों से ग्रसित मरीजों की घरद्वार पर पहचान की जाएगी। 12 अक्तूबर तक चलने वाले अभियान में स्वास्थ्य कर्मी मरीजों को अस्पताल या नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय परामर्श लेने के लिए प्रेरित करेंगे। वहीं, युवा दिवस के मौके पर एचआईवी के खिलाफ सावधानी बरतने और सजग रखने के लिए जागरूकता रैली का आयोजन किया। क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू से डीसी ने जागरूकता रैली को रवाना किया। इसमें स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों, नर्सिंग संस्थानों की प्रशिक्षुओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्य शामिल रहे।

### कैंडल जलाकर महिला डॉक्टर को दी श्रद्धांजलि

**कुल्लू।** क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के परिसर में सोमवार को चिकित्सकों ने कोलकाता में महिला डॉक्टर की जघन्य हत्या पर रोष जताया है। इस दौरान सभी डॉक्टर्स ने अस्पताल परिसर में कैंडल जलाकर दिवंगत डॉक्टर की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। चिकित्सकों ने कोलकाता के अस्पताल में हुए इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। डॉ. सत्यव्रत वैद्य ने कहा कि कोलकाता की दिवगंत डॉक्टर की आत्मा की शांति के लिए चिकित्सकों ने कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी। कोलकाता में एक महिला डॉक्टर की ड्यूटी के दौरान हत्या हुई है। घटना के बाद देशभर के चिकित्सक इसका कड़ा विरोध कर रहे हैं।



### एबीवीपी ने कुल्लू कॉलेज में बांटी खीर



**कुल्लू।** सावन माह के अंतिम सोमवार को कुल्लू के विभिन्न मंदिरों के अलावा जगह-जगह खीर भंडारे का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में एबीवीपी ने कुल्लू कॉलेज में खीर बांटी। इस दौरान भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष तिलक राज विशेष तौर पर उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं की ओर से लगाए गए खीर भंडारे में सैकड़ों विद्यार्थियों समेत स्थानीय लोगों ने खीर का प्रसाद ग्रहण किया। एबीवीपी के जिला संयोजक ऋषभ ठाकुर ने कहा कि छात्र परिषद सावन माह में खीर भंडारा लगाती है। एबीवीपी कुल्लू इकाई के सौरव नेगी, भास्कर भारद्वाज व नैनिका ने बताया कि एबीवीपी व समाज के लोगों द्वारा दिए गए योगदान से इस खीर भंडारे का आयोजन किया गया।

### हर घर में तिरंगा फहराने की दिलाई शपथ



**कुल्लू।** जिला भाषा अधिकारी कुल्लू सुनीला ठाकुर ने हर घर तिरंगा अभियान के बारे में बताया कि नौ से लेकर 15 तक पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत ये अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना है। इसी कड़ी में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला व भाषा एवं संस्कृतिक विभाग के तत्वावधान में सांस्कृतिक दलों व कॉलेज के विद्यार्थियों की हर घर तिरंगा थीम पर रैली का आयोजन किया, जो कि देव सदन भवन से प्रारंभ कर डीसी कार्यालय होते हुए देव सदन तक निकाली गई।

### नाले में आई बाढ़ में बह गई महिला के परिवार से मिलने पहुंची विधायक अनुराधा राणा, हरसंभव मदद का दिया आश्वासन

# आपदा प्रभावित परिवार का दुख देखकर छलक पड़े आंसू

**कमलेश वर्मा, काजा**





लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा स्पीति घाटी में आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेती हुई (दाएं) विधायक सगनम गांव में आपदा परिवार से मिलकर उन्हें हिम्मत देती हुई।

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में इस बार आपदा से काफी नुकसान हुआ है।

ऐसे में इस विस क्षेत्र की विधायक आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर राहत व बचाव कार्यों का खुद जायजा ले रही हैं, जहां तक वाहन जा रहा है, वहां वाहन के माध्यम से तो वहीं, पैदल भी सफर कर विधायक आपदा प्रभावित क्षेत्रों में जाकर हालातों का जायजा लेने के अलावा प्रभावित परिवारों से मिलकर दुख की इस घड़ी में उनको हिम्मत देने के साथ सरकार की ओर से हरसंभव मदद का भी आश्वासन दे रही हैं। इसी कड़ी में लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा स्पीति में बादल फटने के कारण प्रभावित हुए सगनम, शिचलिंग और फुकचुंग क्षेत्रों के दौरे पर हैं। इस दौरान वह जगह-जगह जाकर राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा ले रही हैं। वहीं, उन्होंने देर शाम सगनम गांव में पहुंचकर सगनम नाले में आई बाढ़ में अपनी जान गंवाने वाली महिला यिशे जंगमो के घर जाकर दुख-दर्द साझा किया और शोक संतप्त परिवार के साथ अपनी संवेदनाएं व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर विधायक अनुराधा राणा ने जब परिवार की आप बीती सुनी और प्रभावित परिवार को रोता बिलखता देखा, तो विधायक से उनका दुख देखा नहीं गया और उनकी आंखों से भी आंसू छलक पड़े। उन्होंने प्रशासन को प्रभावित परिवार एवं जिन किसानों एवं बागवानों के खेतों में बाढ़ के कारण पानी व मलवा जाने से फसल व खेतों को हुए नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा देने के निर्देश दिए, ताकि प्रभावितों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।

इससे पूर्व विधायक ने शिचलिंग गांव में लोगों के घरों व गोशालाओं व लोक निर्माण विभाग व कृषि विभाग के आवासीय भवनों को हुए नुकसान का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को लोगों के घरों व गोशालाओं को हुए नुकसान की रिपोर्ट जल्द तैयार करने के निर्देश दिए। पानी की निकासी के लिए नाली नहीं होने के कारण यह नुकसान हुआ है। उन्होंने पानी की निकासी को लेकर गांव वालों के साथ विस्तृत चर्चा की और कहा कि आपस में मीटिंग कर सहमति बनाएं, ताकि पानी के निकासी के लिए नाली बनाई जा सके।

## हर्षवर्धन चौहान 14 को करेंगे जनजातीय उत्सव का शुभारंभ



**केलांग।** उद्योग, संसदीय मामले और श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान 14 अगस्त को तीन दिवसीय राज्य स्तरीय जनजातीय उत्सव केलांग के शुभारंभ अवसर पर प्रथम सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे व उनका रात्रि ठहराव केलांग में ही रहेगा। डीसी लाहौल-स्पीति एवं अध्यक्ष जनजातीय उत्सव लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने कहा कि 15 को स्वतंत्रता दिवस समारोह के जिला स्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। डीसी ने बताया कि दोपहर बाद उद्योग मंत्री जिस्पा-दारचा-बारालाचा क्षेत्र में खनन गतिविधियों का निरीक्षण करेंगे और उनका रात्रि ठहराव सर्किट हाउस केलांग में होगा। 16 को उद्योग मंत्री प्रात: आठ बजे चंद्रताल-कुंजुम दर्रा क्षेत्र में खनन गतिविधियों के निरीक्षण के लिए प्रस्थान करेंगे और चंद्रताल या सर्किट हाउस मनाली में रात्रि ठहराव रहेगा। निरिक्षण कार्यक्रम मौसम पर निर्भर रहेगा और 17 को शिमला के लिए प्रस्थान करेंगे।

## जेएमके युवा मंडल ने भांग के पौधों को नष्ट कर चलाया नशा मुक्ति अभियान



जेएमके युवा मंडल शिरढ़ के सदस्य भांग के पौधों को नष्ट करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जेएमके युवा मंडल शिरढ़ के द्वारा जिला युवा सेवा एवं खेल कार्यालय कुल्लू के दिशा-निर्देश अनुसार अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान चलाया गया। इस अभियान में युवा मंडल के सदस्यों ने शिरढ़ में विभिन्न जगहों पर उगे भांग के पौधों को नष्ट किया और साथ ही युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

इस अभियान में दर्जनों युवाओं ने अपनी तरफ से सहयोग देते हुए इस अभियान को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान युवाओं ने प्रतिज्ञा लेते हुए कहा कि अपने इस देश को नशामुक्त करने के लिए अपनी क्षमता के अनुसार हर संभव प्रयास करेंगे। इस अभियान में मुख्य रूप से जिला युवा सेवा एवं खेल कार्यालय में कार्यरत नगर खंड के स्वयंसेवी एवं युवा मंडल के प्रधान गणेश ने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान में सर्वाधिक संख्या में युवाओं को जुड़ना चाहिए। देश की इस गंभीर समस्या को चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए नशामुक्त भारत अभियान के लिए अपने समुदाय, परिवार, मित्र, बल्कि स्वयं को भी नशा मुक्त करवाएंगे और दूसरों को भी समाज की इस बुराई से दूर रखने का प्रयास करेंगे।

## 14 सितंबर को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**कुल्लू।** आगामी 14 सितंबर को कुल्लू के आनी न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को वरिष्ठ न्यायिक दंडाधिकारी सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण किन्नौर ने अवगत करवाया कि हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण शिमला, के तत्वावधान में 14 सितंबर को आनी न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में दुर्घटना क्लेम, श्रम विवाद के मामले, बिजली व पानी के बिल, जमीनी विवाद, बैंक से संबंधित विवाद, वैवाहिक विवाद और विशेष रूप दो लाख तक के चेक से लेन-देन के मामले लिए जाएंगे। इस अवसर पर मोटर व्हीकल की लोक अदालत का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मोटर व्हीकल के चालानों का भी निपटारा किया जाएगा, जिन व्यक्तियों के न्यायालय में उपरोक्त श्रेणी के मामले लंबित हैं, वे ऐसे मामलों को लोक अदालत में लगवा सकते हैं। लोक अदालत में फैसला दोनों पक्षों की रजामंदी से किया जाता है।

# कार्य को पूर्ण करने में मुश्किल आ रही हो तो मेरे ध्यान में लाएं बात : अनुराधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**



काजा में अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान चर्चा करती हुईं विधायक अनुराधा राणा।

लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने सोमवार को स्पीति उपमंडल के काजा स्थित अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में काजा उपमंडल के सभी अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।

इस दौरान विधायक ने स्पीति उपमंडल में चल रहे विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों की जानकारी ली तथा अधिकारियों को समयबद्ध सीमा में सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। विधायक ने विभिन्न विभागों के माध्यम से चलाए जा रहे निर्माणाधीन कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेषकर लंबित पड़े कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि चाहे वह बिजली विभाग का हो, जल शक्ति विभाग और लोक निर्माण विभाग का या फिर किसी अन्य विभाग का हो यदि बजट, रिक्त पड़े पदों या फिर अन्य कारणों से कार्य को पूर्ण करने में मुश्किल आ रही हो, तो ऐसे मामलों को प्रशासन तक पहुंचाएं या फिर मेरे संज्ञान में लाएं, ताकि ऐसे मामलों को मुख्यमंत्री या अन्य मंत्रियों के समक्ष उठाया जा सके। विधायक ने नागरिक अस्पताल काजा में अल्ट्रासाउंड की मशीन क्रियाशील होने पर बधाई देते हुए कहा कि इस मशीन के लगने से लोगों को लाभ मिलेगा। विधायक ने लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित किए जा रहे निर्माणाधीन कार्यों का विस्तृत ब्यौरा मांगा और इन कार्यों के संदर्भ में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि समयबद्ध सीमा में निर्माणाधीन कार्यों को पूर्ण किया जा सके।

## अपने मित्रों का उत्थान सुक्खू सरकार का ध्येय : शौरी

**अनंत ज्ञान, बंजार**



भाजपा मंडल बंजार द्वारा लारजी में मंडल की बैठक के आयोजन पर मौजूद लोग।

भाजपा मंडल बंजार द्वारा लारजी में मंडल की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में संगठन द्वारा आगामी निर्देशित संगठनात्मक तय कार्यक्रमों पर चर्चा की गई व बैठक के बाद लारजी बाजार में बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी की अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

बैठक के विधायक सुरेंद्र शौरी ने प्रदेश सरकार द्वारा आए दिन पिछली सरकार द्वारा दी जा रही जन सुविधाओं को बंद करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुआ कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार सिर्फ अपने और अपने मित्रों का भला करने में लगी हुई है। प्रदेश में सत्ता में आते ही कांग्रेस ने सर्वप्रथम पिछली सरकार द्वारा खोले गए 1100 संस्थानों को बंद कर दिया तथा इसके बाद से ही चरणबद्ध तरीके से पूर्व सरकार की ओर से चलाई गई योजनाओं को बंद करने की मुहिम चला रखी है। हाल ही में हिमकेयर योजना को बंद करना, शिक्षण संस्थानों को बंद करना इस सरकार के इरादों को जाहिर करता है। पहाड़ी व ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन व इससे रोजगार की मुख्य सूत्रधार होमस्टे इकाइयों को भी इस सरकार ने कर के दायरे में लाने की मंशा साफ दिखा दी है।

## 14 और 17 को बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**कुल्लू।** सहायक अभियंता बिजली उपमंडल भुंतर ने बताया कि 11 केवी दियार फीडर का पुन: संचालन, एलआईएस बाहमीनाला के सुदृढ़ीकरण और पेड़ों के काटने एवं रखरखाव के लिए इस फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र लोअर बजौरा, लोअर शाढ़ाबाई, कलहैली, छोटा भूइन, पिपलागे, बशोना, भाटग्रां, दियार, कमादं और आस-पास के इलाकों में 14 एवं 17 अगस्त को सुबह 10 से शाम पांच बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बिजली आपूर्ति के दौरान जनता को होने वाली असुविधा के दौरान सहयोग देने की अपील की है।

## चार दिनों से बंद है आनी चवाई-दलाश सड़क मार्ग

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**



पीडब्ल्यूडी के दलाश सबडिवीजन के अंतर्गत आनी-चवाई-दलाश सड़क चवाई के समीप भूस्खलन के कारण पिछले चार दिनों से यातायात के लिए पूरी तरह ठप है। इस मार्ग पर चवाई, कंडागई, डुघा-शगान, दलाश आदि क्षेत्रों को जाने वाली बस सेवाए ठप है, जबकि छोटे वाहन वाया रुना-निगाली कैंची, रुना-जुंडवा आदि लंबे वैकल्पिक मार्गों से होकर गुजर रहे हैं, जबकि क्षेत्र में इन दिनों सेब सीजन शुरू है। ऐसे में बागवानों को अपना सेब मंडियों में पहुंचाने में दिक्कत पेश आ रही है।

क्षेत्र के लोगों ने लोक निर्माण विभाग से सड़क बहाली के कार्य को जल्द पूरा करने की गुहार लगाई है। पिछले काफी दिनों से क्षेत्र में भारी बारिश का दौर है। ऐसे में वीरवार को आनी-चवाई-दलाश मार्ग पर चवाई के समीप तनोटा नाला के पास पहाड़ी दरक गई और बड़ी-बड़ी चटानें सड़क पर आ गिरी। सड़क मार्ग सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए बाधित हो गया है। वहीं, पीडब्ल्यूडी के दलाश सबडिवीजन के सहायक अभियंता ज्ञान भारती ने बताया कि सड़क मार्ग को बहाल करने के लिए मशीनरी मौके पर है और सड़क बहाली के कार्य में युद्धस्तर पर जुटी हुई है। मंगलवार दोपहर तक सड़क बहाल कर दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## लोक गायिका कला वर्मा, दिनेश और करतार कौशल ने नचाए दर्शक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**





मेले के समापन मौके पर पहुंचे मुख्यातिथि व अन्य (दाएं) प्रस्तुति देते कलाकार।

कुल्लू जिले की लगघाटी के बागन में देवता अजय पाल का दो दिवसीय बागन शाउन मेला विधिवत रूप से संपन्न हो गया।

इस मेले में जहां देव परंपरा का निर्वाह किया गया। वहीं, कुल्लवी नाटी की धूम भी रही। इसके अलावा दैनिक कार्यक्रम में हिमाचली लोक गायिका कला वर्मा, करतार कौशल, दिनेश ने हिमाचली नाटियां गाकर दर्शकों को नाचने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस कार्यक्रम में 2022 में कुल्लू से भाजपा के प्रत्याशी एवं भाजपा नेता नरोत्तम ठाकुर ने कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यातिथि पधारे। मेले में पहुंचने पर अजय पाल का युवक मंडल के सदस्यों ने उनका ढोल-नगाड़ों के और फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया और मंच पर पहुंचते के पश्चात कुल्लवी परंपरा अनुसार टोपी और मफलर से भी सम्मानित किया गया। उन्होंने जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि गांव में खुशी रहने का सबसे बड़ा माध्यम मेले हैं हमारे देवी-देवताओं के आशीर्वाद से और हमारे बुजुर्गों ने मनोरंजन के लिए मेले लगा रखे हैं। 12 महीने महिला और पुरुष अपना जीवन यापन करने के लिए खेत खलियान, बाग बगीचा और अन्य व्यवसाय में व्यस्त रहते हैं, लेकिन जब गांव में मेले होते हैं, तो उनके चेहरे पर खुशी देखने को मिलती है और हमारे देवी-देवताओं से आशीर्वाद लेने का मेले भी एक माध्यम हैं। उन्होंने गांव वासियों को कहा कि मैं आपका सेवक हूं गांव के उत्थान के लिए कोई भी कार्य हो तो मैं उसे करने को तत्पर हूं। इससे पूर्व कुल्लू की लोकगायिका कला वर्मा ने पहाड़ी गीतों की माला गाकर मेले में उपस्थित महिलाओं व पुरुषों को नाचने पर मजबूर कर दिया।

**रैली** हर घर तिरंगा लहराएं ताकि हर व्यक्ति के मन में देशभक्ति की भावना उत्पन्न हो : तिलक राज

# भारत में रहना है तो तिरंगे का करना होगा सम्मान

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**




ढालपुर में आयोजित तिरंगा रैली में भाग लेते हुए युवा मोर्चा के सदस्य।

जिला मुख्यालय कुल्लू में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। सोमवार को कुल्लू के ऐतिहासिक ढालपुर मैदान से लेकर शहर के विभिन्न भागों में कुल्लू युवा मोर्चा के द्वारा बाइक और कार पर सवार होकर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। हर घर तिरंगा अभियान के चलते करीब 68 विधानसभा क्षेत्रों में युवा मोर्चा के सदस्यों ने रैली का आयोजन किया।

इस अवसर पर युवा मोर्चा द्वारा तिरंगा रैली का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा तिलक राज के नेतृत्व में ढालपुर शहर के अंदर बाइक व कार पर सवार होकर युवा मोर्चा के सदस्यों ने तिरंगा रैली का आयोजन कर रैली में भाग लिया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा तिलक राज ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में ये अभियान युवा मोर्चा के द्वारा प्रत्येक विधानसभा में चलाया जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री के नेक-सोच के चलते ही आज भारत देश का मान सम्मान विश्व में बहुत बढ़ा है और इसी कारण भारत का कद भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा है। प्रत्येक घर में तिरंगा लहराएं और प्रत्येक व्यक्ति के मन में देश भक्ति की भावना पैदा हो और तिरंगे के लिए सम्मान हो ऐसी भावना के साथ इस अभियान को सफल बनाने के लिए यह नेक कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने देश के स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि देश की स्वतंत्रता के लिए जिन्होंने अपना बलिदान दिया, ऐसे स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करता हूं। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी देते हुए भी कहा कि इस देश में रहना है, तो तिरंगे का सम्मान करना होगा। (अनंत ज्ञान)

## आंगनबाड़ी के विभिन्न पदों के लिए करें आवेदन

**बंजार।** बाल विकास परियोजना अधिकारी बंजार चंपा देवी ने कहा कि बंजार के अंतर्गत संचालित किए जा रहे विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद भरे जाने हैं। वृत मंगलौर के आंगनबाड़ी केंद्र लायडा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का पद, शाक्टी में मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का पद, वृत मंगलौर के आंगनबाड़ी केंद्र शराई में सहायिका का पद, वृत गुशैनी के आंगनबाड़ी केंद्र बरनागी, पेखड़ी व रोपा में सहायिका का पद, वृत जीभी के आंगनबाड़ी केंद्र खड़वाली में सहायिका का पद, वृत बंजार के आंगनबाड़ी केंद्र सरची में सहायिका का पद, वृत सैंज के आंगनबाड़ी केंद्र सैंज में सहायिका का पद रिक्त चल रहा है, जिसके लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक आवेदनकर्ता आवेदन करने की अंतिम तिथि 4 सितंबर 2024 सायंकाल पांच बजे तक बाल विकास परियोजना कार्यालय में अपना आवेदन पत्र जमा करवा सकते हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### लायंस क्लब कालका के अध्यक्ष बने एएल कुशवाहा



**परवाणू।** लायंस क्लब परवाणू-कालका ने स्थापना समारोह आयोजित किया। इस दौरान क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें क्लब के अध्यक्ष के रूप में एएल कुशवाह को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं, कृष्ण डोडा को कोषाध्यक्ष व अरुण अग्रवाल को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विनीत गोयल शामिल हुए उनके साथ परवाणू के सहायक आयुक्त महेंद्र प्रताप सिंह विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। क्लब सदस्यों की ओर से परंपरागत ढंग से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल अतिथियों ने लायंस क्लब परवाणू कालका के कार्यों की सराहना की तथा सभी से क्लब में अधिक सदस्यों को जोड़ने का सुझाव दिया। इस दौरान क्लब के पिछले कार्यकाल के कार्यों की समीक्षा की गई और आगामी वर्ष के कार्यों की रूप रेखा के बारे में बताया गया।

### क्लब ने फड़ी चालकों को वितरित किए छाते



**सोलन।** इनर व्हील क्लब सोलन मिडटाउन ने बरसात के मौसम को देखते हुए ओल्ड बस स्टैंड पर फड़ी लगाकर फल-सब्जियां बेचने वाले चालकों को छाते वितरित किए। इस अवसर पर विशेष रूप से जॉन-2 के निलम विज और जिला सचिव किरण जैन उपस्थित रहे। क्लब की सदस्यों ने मिलकर तीज का त्योहार भी धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें मिसिज तीज, बैंगल कंपटीशन, मेहंदी कंपटीशन, डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और विजेता रहे प्रतिभागियों को इनाम देकर सम्मानित किया गया।

### चंडी स्कूल ने धूमधाम से मनाया खेल दिवस



**अर्की।** पीएम श्री उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंडी अर्की ने शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत खेल दिवस मनाया, जिसमें वॉलीबाल, कबड्डी व अन्य खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तीसरे दिन एसएमसी अध्यक्ष टेकचंद व अन्य सदस्य अभिभावक व पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्य अनीता कौशल ने बच्चों को खेल को खेल की भावना से खेलने का आह्वान किया तथा आए हुए सभी मेहमानों का धन्यवाद किया।

### बागा के दौहड़ जंगल में लगाए 50 पौधे



**दाड़लाघाट।** विकास खंड कुनिहार के बागा करोग में युवक मंडल बागा ने पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पौधरोपण में बागा के दौहड़ जंगल में थीरा और दाडु के 50 पौधे लगाए गए। बागा युवक मंडल के नौजवानों ने आगामी प्रत्येक वर्ष में 100 पौधे वन महोत्सव के विशेष मौके और सावन महीने में रोपने का संकल्प लिया। युवाओं ने इलाका वासियों से आग्रह किया कि गर्मियों के दिनों में जंगलों में आग न लगाएं, जाने-अनजाने आग लग जाती है, तो वन महोत्सव के विशेष अवसर पर अपने परिवार के नाम कम से कम 10 पौधों का पौधरोपण करें, ये आपका और आपके परिवार के लिए माफीनामा साबित हो सकता है। चौहान कृष्णा ने सभी युवक मंडल बागा के साथियों का आभार जताते हुए कहा कि भारी बारिश में भी आपने पौधरोपण का दृढ़संकल्प लेकर इस नेक कार्य को पूरा किया।

### बीयू, सीयू और वीवीपीएटी मशीनें स्थानांतरित



**सोलन।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी हिमाचल प्रदेश शिमला से प्राप्त निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान सही नहीं पाई गईं 19 बैलेट यूनिट (बीयू), 31 कंट्रोल यूनिट (सीयू) व 42 वोटर वैरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) मशीनों को कड़ी सुरक्षा में बिलासपुर स्थित केंद्रीय भंडारण कक्ष के लिए स्थानांतरित किया गया। बीयू, सीयू तथा वीवीपीएटी मशीनों का स्थानांतरण कार्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार सोलन निर्वाचन उषा चौहान, नायब तहसीलदार निर्वाचन दीवान चंद ठाकुर, नायब तहसीलदार गोपी चंद डोगरा, कांग्रेस के शिवदत्त ठाकुर, भाजपा के राजपाल वर्मा, आम आदमी पार्टी के सुशील कुमार सहित निर्वाचन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### सोलन में बारिश से पीडब्ल्यूडी भवन में आई दरारें



**सोलन।** मिनी सचिवालय सोलन के नजदीक बने पीडब्ल्यूडी के भवन में बारिश के चलते दरारें आने से भवन असुरक्षित हो गया है। यहां पिछले वर्ष भी भूस्खलन हुआ था, जिससे भवन के एक हिस्से में हल्की दरारें आई थीं, मगर इस बार डंगे का निर्माण कार्य चालू होने के बावजूद भवन की दरारें बढ़ गईं। इससे सहायक अभियंता सहित अन्य कर्मचारियों का काम करना खतरे से खाली नहीं रह गया है। हालांकि अभी भवन को खाली नहीं किया गया है।

# गाद से भरी अश्विन और गिरि पेयजल योजना

## सोलन शहर को नहीं हो पाई पानी की लिफ्टिंग, आने वाले दिनों में पानी की बढ़ जाएगी मांग

**आर मोहन चौहान, सोलन**

लगातार हो रही बारिश से अश्विन और गिरि पेयजल योजना में गाद की मात्रा बढ़ गई।

इससे सोलन शहर के लिए पानी की लिफ्टिंग प्रभावित होने लगी है। सोलन में पिछले दो दिनों से हो रही बारिश के चलते सोमवार को अश्विनी पेयजल योजना और गिरि पेयजल योजना से पानी की लिफ्टिंग नहीं हो पाई। इससे आने वाले दिनों में शहर में पानी की मांग बढ़ जाएगी। वहीं, लगातार हो रही बारिश से पिछले दिनों भी दोनों पेयजल योजनाओं से मांग के मुताबिक पानी लिफ्ट नहीं हुआ। हालांकि अभी तक बारिश से पेयजल योजनाओं को नुकसान नहीं हुआ है। (अनंत ज्ञान)



सोलन की प्यास बुझाने वाली गिरि पेयजल योजना में बरसात के चलते आई गाद।

बारिश के चलते अश्विन और गिरि पेयजल योजना में गाद की मात्रा बढ़ गई है। फिर भी शहर को मांग अनुसार पानी लिफ्ट करने का प्रयास है। अधिक बारिश के चलते गिरि और अश्वनी से लिफ्टिंग नहीं हो पाई।

**आशीष राणा, एक्सईएन, जल शक्ति विभाग सोलन।**

### पानी को फिल्टर करना चुनौती

**बता** दें कि इन दोनों मानसून सक्रिय होने के चलते गिरि और अश्विनी पेयजल योजना में बड़ी मात्रा में सिल्ट आ रही है। इससे पानी को फिल्टर करना चुनौती बना हुआ है। इसके चलते शहर के मुख्य टैंकों में पानी की लिफ्टिंग कम हो रही है। ऐसे में निगम पानी की राशनिंग कर सकता है। अभी फिलहाल शहर में रोटेशन प्रणाली से दो दिन छोड़ कर पानी की सप्लाई दी जा रही है। वहीं, पेयजल योजना में गाद की मात्रा बढ़ने से जल जनित बीमारियां का भी आशंका रहती है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से पानी उबालकर ही पीने की सलाह दी है।

### गाद से कम हुई पानी की लिफ्टिंग

**जल** शक्ति विभाग की अश्विनी और गिरि पेयजल योजनाओं से कुछ दिनों पहले तक नगर निगम को करीब 90 लाख लीटर पानी लिफ्ट हो रहा था, जो कि गाद आने के बाद से 70 से 80 लाख तक रह गया, ऐसे में शहर में एक बार फिर से लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। वहीं नगर निगम ने भी लोगों से जरुरत के मुताबिक ही पानी खर्च करने का आह्वान किया है। नगर निगम ने मांग अनुसार पानी नहीं मिलने से उपभोक्ताओं को की जा रहे सप्लाई में हल्की कटौती की है। यदि हालात सामान्य नहीं हुए, तो आने वाले दिनों में लोगों को पानी की समस्या से एक बार फिर दो-चार होना पड़ेगा।

### दूरवर्ती क्षेत्रों में नहीं पहुंचता प्रेशर

**जल** शक्ति विभाग की गिरि और अश्विनी उठाऊ पेयजल योजनाओं से मांग अनुसार पानी नहीं मिलने से नगर निगम सोलन को शहरवासियों की प्यास बुझाना मुश्किल हो जाएगा। मुख्य टैंकों में पानी की मात्रा कम होने की स्थिति में शहर के दूरवर्ती क्षेत्रों में पानी का प्रेशर नहीं पहुंच पाता। इसके चलते लोगों के घरों में लगी टैंकियों में पानी नहीं पहुंच पाता। सलोगड़ा, खुंडीधार, चंबाघाट, हाउसिंग कॉलोनी, कथेड़ और शामति क्षेत्रों में यह समस्या अधिक है। प्रेशर की कमी के चलते लोगों को मांग अनुसार पानी नहीं मिलता, जिससे लोग वाटर टैंकर का पानी खरीदने को मजबूर हैं।

## लोअर बाजार में ॐ नमः शिवाय का जप करते हुए भोले नाथ के लगाए जयकारे



**सोलन।** सावन के महीने में भगवान शिव की आराधना पूजा शहर के सभी मंदिरों में हो रही है पर सनातन धर्म मंदिर लोअर बाजार सोलन में सावन के हर सोमवार पर विशेष रूप से भक्तों द्वारा सामूहिक रूप से शिवलिंग का रुद्राभिषेक किया जाता है। पूजा सामग्री और सभी व्यवस्था सनातन धर्म मंदिर सभा की और से की गई दानी सज्जनों ने भी सभा का सहयोग किया। रुद्राभिषेक के बाद खीर पूडे का प्रसाद भक्तों में वितरण किया। सोमवार को सुबह 11 से रुद्राभिषेक शुरू हुआ, जो 12 बजे संपूर्ण हुआ मौजूद शिव भक्तों ने ॐ नमः शिवाय का जप करते हुए जय भोले नाथ के जयकारे लगाए। रूदा अभिषेक करवाने वाले आचार्य भरत शर्मा ने बताया कि रुद्राभिषेक के लिए विशेष मिट्टी सुबाथु के पास से लाते हैं और उससे मंदिर में ही मिट्टी के पार्थिव शिवलिंग तैयार किए जाते हैं और रुद्राभिषेक करने वाले भक्तों को दिए जाते हैं।

## नशा मुक्त समाज बनाने की युवाओं पर है बड़ी जिम्मेदारी : अजय सोलंकी

**अनंत ज्ञान, नाहन**

प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए सुक्खू सरकार ने बड़ी पहल की है। यह बड़ी जानकारी अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर प्रदेश ज्ञान विज्ञान समिति सिरमौर द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्थानीय विधायक अजय सोलंकी ने दी।

नाहन डाइट में आयोजित अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम में विधायक ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करी। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से बचाना समाज के लिए आज सबसे बड़ी चुनौती है। इस चुनौती का सामना करना न केवल सरकार, पुलिस अथवा सामाजिक संस्थाओं की है, बल्कि खुद युवाओं का भी इसके उन्मूलन के लिए बड़ा दायित्व बनता है। प्रदेश सरकार ने एक बड़ी पहल करते हुए प्रदेश के हर जिले में नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र खोलने का निर्णय लिया है। इसकी शुरुआत सिरमौर के पच्छाद से होने जा रही हैं, जिसके लिए तमाम औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। बता दें कि ज्ञान विज्ञान समिति के द्वारा युवा दिवस पर युवाओं को नशे से कैसे बचाया जाए इस पर गोष्ठी का आयोजन



किया गया था। कार्यक्रम में बतौर रिसोर्स पर्सन आईआरबी छठी बटालियन के एडिशनल एसपी प्रवीर ठाकुर, शिक्षाविद ईश्वर राही, जनवादी महिला समिति की पूर्व राज्य अध्यक्ष संतोष कपूर आदि शामिल हुए। एसपी प्रवीर ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पहले जहां शराब, बीड़ी, सिगरेट आदि नशे का चलन था, वहीं अब नशा केमिकल नारकोटिक्स में बदल चुका है।

## चलती बस में चालक व परिचालक से मारपीट

**नाहन।** एचआरटीसी के नाहन-बढ़ोल रूट पर चलने वाली बस के चालक व परिचालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। मारपीट के दौरान परिचालक से उसका बैग भी छीन लिया गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत शाम एचआरटीसी की एक बस नाहन से बढ़ोल जा रही थी।

हरिपुरधार से बढ़ोल की तरफ जाते वक्त चलती बस में बियोंग के समीप वीरेंद्र नाम के व्यक्ति की चालक के साथ बहसबाजी शुरू हो गई। आरोप है कि उक्त शख्स ने चालक पर हमला बोल दिया। संतुलन बिगड़ने से बस के बीच का हिस्सा ढांक से जा टकराया। इससे बस के दो शीशे टूट गए। परिचालक जब बचाव करने के लिए आगे बढ़ा, तो उस पर भी हमला बोल दिया। परिचालक ने पुलिस को बताया कि वीरेंद्र ने उसका बैग भी छीन लिया। बैग से 23 हजार की राशि गायब हुई है। इस घटना के बाद चालक बस लेकर वापस हरिपुरधार पहुंचा। उधर, एसएचओ संगड़ाह बृजलाल मेहता ने मामले की पुष्टि की है। परिचालक की शिकायत मिली है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## धर्मपुर पुलिस ने चोरी के मामले में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

धर्मपुर पुलिस ने कसौली रोड पर चाय पानी का खोखा/दुकान की दुकान में चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के मुताबिक हेमराज निवासी डा. मांडोधार तह. कसौली जिला सोलन ने थाना धर्मपुर में रिपोर्ट दर्ज करवाई की यह कसौली रोड पर चाय/पानी का खोखा/दुकान चलाते हैं। 10 अगस्त को रात 12.30 बजे चोरों ने इनके खोखे का ताला तोड़कर व खोखे की चादर काटकर नमकीन व बिस्कुट के पैकेट और कुछ अन्य सामान चुराकर ले गए। इसके अतिरिक्त गैस सिलेंडर भी चुरा कर ले गए। इसके तहत थाना धर्मपुर में चोरी की धाराओं में अभियोग दर्ज किया गया था। इस अभियान के अन्वेषण के दौरान थाना धर्मपुर



पुलिस ने 10 को ही वारदात में संलिप्त दो आरोपियों जिन में विशाल पुत्र संत राम निवासी शोघी जिला शिमला उम्र 26 साल हाल कर्मचारी जेएलपीएल कंपनी सनावर धर्मपुर सोलन सुरेंद्र पुत्र राम सिंह निवासी वीपीओ धुंदन, तहसील अर्की जिला सोलन उम्र 21 साल शामिल हैं उनको इस अभियोग में गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से चोरी किया गया सारा सामान बरामद कर लिया गया है।

## केवल शिक्षा से ही व्यक्तित्व विकास संभव : डॉ. प्रेमराज

**अनंत ज्ञान, नाहन**

डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन में आईक्यूएसी सेल के तत्वावधान में नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए आयोजित तीनदिवसीय परिचय सत्र का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. प्रेमराज भारद्वाज की अध्यक्षता में किया गया। प्रथम दिवस विज्ञान व वाणिज्य स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में कॉलेज की उपप्राचार्य डॉ. उत्तमा पांडे ने विद्यार्थियों का औपचारिक अभिनंदन किया। डॉ. सलोनी सूद ने पीपीटी के माध्यम से कॉलेज से संबंधित नियमों, सुविधाओं, पाठ्यक्रमों, एनएसएस,



एनसीसी, रोवर्स व रेंजर्स, रोड सेफ्टी क्लब, ईको क्लब आदि विभिन्न प्रकार की छात्रवृतियां एवं कॉलेज में होने वाली खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से अवगत करवाया। डॉ. प्रेमराज भारद्वाज ने नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें भविष्य में आने वाले परिवर्तन और चुनौतियों के लिए तैयार रहने का आह्वान किया।

## पांवटा साहिब पुलिस ने 98.012 किलोग्राम चूरा-पोस्त की खेप पकड़ी

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

सिरमौर की पांवटा साहिब पुलिस ने नशे के काले कारोबार का भंडाफोड़ किया है। जानकारी के मुताबिक थाना पांवटा साहिब में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की गुप्त सूचना प्राप्त हुई।

इस पर कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी पांवटा साहिब की अगुवाई में एक टीम का गठन किया गया। कार्रवाई के दौरान भूपपुर में वाहन की तलाशी ली गई, चालक ने पुलिस को पूछताछ के दौरान अपना नाम जाकिर हुसैन पुत्र पांवटा साहिब उम्र 56 वर्ष बताया। वाहन



की तलाशी के दौरान पिछली सीट पर 5 बोरियां मिलीं। जांच में पाया कि बोरियों में भुक्की (चूरा-पोस्त) की खेप भरी गई है, जिसका कुल वजन 98.012 किलोग्राम पाया गया। पांवटा साहिब की डीएसपी अदिति सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पांवटा साहिब थाना में एनडीपीएस की धारा 15, 29-61-85 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि इतने बड़े स्तर पर नशे की खेप को कहा से लाया जा रहा था और इसे कहां बेचने की मंशा थी। करीब तीन महीने से सिरमौर पुलिस नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाईयों को अंजाम दे रही है।

## डॉ. शांडिल 13 अगस्त को सोलन के प्रवास पर

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं



अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल आज यानी 13 अगस्त को सोलन के प्रवास पर आ रहे हैं।

डॉ. शांडिल प्रातः 11.30 बजे उपायुक्त कार्यालय सोलन के सम्मेलन कक्ष में जिला योजना, विकास एवं 20-सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

## क्रीमीलेयर व्यवस्था को लेकर सरकार की नीयत ठीक नहीं : रूमित सिंह ठाकुर

**अनंत ज्ञान, सोलन**

देवभूमि क्षत्रिय संगठन सवर्ण मोर्चा व राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के संस्थापक एवं अध्यक्ष रूमित सिंह ठाकुर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सिर्फ इतना कहा था, कि अपनी जात बिरादरी के गरीब लोगों को दो-चार रुखे-सूखे निवाले दे दो।

जो सच में भूखा है गरीब है उनको कतार में आगे आने दो, लेकिन जाति के आरक्षण में क्रीमीलेयर व्यवस्था के अंतर्गत आने वाले लोगों के पेट में दर्द शुरू हो गई। एससी, एसटी क्रीमीलेयर आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को



केंद्र सरकार की ओर से खारिज करना हिटलर शाही दर्शाता है और अपनी सुविधा अनुसार अपने फायदे अनुसार न्यायपालिका का प्रयोग करना देश के नेताओं की मानसिकता को साफ दर्शाता है। एससी, एसटी आरक्षण में क्रीमीलेयर व्यवस्था को बाहर करना गरीब दलित समाज के लिए उपहार था, लेकिन उनके पेट पर लात मारी गई, जो हमेशा से गरीब दलित समाज के अधिकारों को निगलता आया टैक्स पेय, आईएएस, आईपीएस, एसपीएस आर्थिक मजबूत, विधायक, मंत्री नेता को आरक्षण के लाभ की आवश्यकता नहीं थी, लेकिन यह लोग कभी नहीं चाहते कि गरीबों को उनका हक मिले। मोदी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को कैबिनेट बुलाकर खारिज कर दिया, जिसमें सभी क्रीमीलेयर में आने वाले दलित नेताओं जैसे चिराग पासवान, खड़गे, अश्विनी वैष्णव, फागण सिंह कुलसते जैसे नेताओं के पेट में दर्द होने शुरू हो गई।

## छात्रों ने जगाई एक बेहतर दुनिया की आशा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

द लॉरेंस स्कूल-सनावर में मॉडल संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन का तीन दिवसीय सनामुन-24 कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ।

इस छात्र सम्मेलन का विषय था हम कहां जा रहे हैं; जिसमें युद्ध और संघर्ष, हिंसा, तानाशाही, वित्तीय मंदी, मानव तस्करी और गंभीर खाद्य संकट सहित ज्वलंत वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए देश भर में स्थित नौ स्कूलों के 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। सनामुन-24 सम्मेलन की शुरुआत महासचिव गायत्री सूद की आधिकारिक घोषणा के साथ हुई। उद्घाटन समारोह



सांस्कृतिक नृत्य और सरस्वती वंदना की मधुर प्रस्तुति के साथ शुरू हुआ। इसके बाद सम्मेलन के थीम पर आधारित एक प्रभावशाली और मार्मिक वीडियो दिखाई गई। अपराध रोकथाम और आपराधिक न्याय आयोग (सीसीपीसीजे) युवा प्रतिनिधियों ने मध्य भूमध्य सागर के मार्गों पर मानव तस्करी और तस्करी की गतिशीलता का विश्लेषण किया और इसका मुकाबला करने के लिए प्रभावी नीतिगत उपाय सुझाए। यूरोपीय संघ की समिति ने यूरोप में वित्तीय मंदी के पीछे के कारणों पर मंथन किया और यूरो-जोन ऋण संकट का मुकाबला करने के उपाय सुझाए। समापन समारोह के मुख्यातिथि हिमाचल प्रदेश के मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल थे। बुटेल ने कहा कि निस्संदेह जिस दुनिया में हम आज रह रहे हैं उसे और ज्यादा हिंसा मुक्त, न्यायसंगत और शांतिपूर्ण बनने की जरूरत है।

### ढेरोवाल जोन में अधिकतम क्रशर पर नियमों की अवहेलना

## माइनिंग व प्रदूषण बोर्ड मेहरबान, नहीं हो रही कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

सोलन के नालागढ़ स्थित ढेरोवाल जोन में अधिकतम क्रेशर नियमों को ताक पर रख कर चलाए जा रहे हैं। इन क्रशरों के पास प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की कंसेंट के अलावा माइनिंग विभाग की कई अहम एनओसी तक उपलब्ध नहीं हैं, जिसके बावजूद भी सरेआम क्रेशर धड़ल्ले से चल रहे हैं और इन क्रशरों पर कार्रवाई तो दूर अधिकारी निरीक्षण भी नहीं कर रहे।

प्रदूषण बोर्ड व माइनिंग विभाग ढेरोवाल जोन के क्रशरों को पूरी तरह से नजर अंदाज कर रहा है। क्रशर संचालकों के पास अहम एनओसी न होने से सरकार के द्वारा जारी नियमों को ठेंगा दिखाया जा रहा है। पर्यावरण संस्थाओं का कहना है कि इस एरिया में चल रहे क्रशरों पर जमकर नियमों की अवहेलना हो रही है। नवा ग्राम एरिया समेत आस पास के एरिया में चल रहे क्रशर जोन की लगातार जांच हो रही है और कई क्रशरों के बिजली कनेक्शन तक काटे जा चुके हैं, अब सवाल उठता है कि प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड व माइनिंग विभाग एक जोन पर पैनी नजर बनाए बैठे हैं और दूसरे जोन को नजर अंदाज क्यों किया जा रहा है। प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड बद्दी के एक्सईएन प्रवीन गुप्ता का कहना है कि क्रशरों के नियमों की सख्ती से पालना करवाई जा रही है, अगर कोई क्रशर नियमों की अवहेलना कर रहे हैं, तो उन पर कार्रवाई की जाएगी।

### कई क्रशरों के पास नहीं है एनओसी

ढेरोवाल जोन में वर्तमान में पांच से छह क्रशर चल रहे हैं, जिसमें से कई क्रशर संचालकों के पास कंसेंट टू ऑपरेट (सीओपी), एनवायरमेंट क्लीयरेंस (ईसी), परमानेंट रजिस्ट्रेशन (पीएमटी) समेत कई अहम दस्तावेज तक नहीं हैं, जिसके बावजूद भी धड़ल्ले से क्रशर चल रहे हैं और इन पर कार्रवाई तक नहीं हो रही है।

**नुकसान** डर के साये में जी रहा परिवार, 14 लाख के लगभग हुआ नुकसान, प्रशासन से मदद की गुहार

## बरसाती खड्ड में बह गया तीन कमरों का मकान

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

पांवटा साहिब उपमंडल के पुरुवाला पंचायत के संतोखगढ़ में तीन कमरों का एक मकान पानी के तेज बहाव के कारण बह गया है, जिससे परिवार को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा।

जानकारी के मुताबिक पांवटा साहिब के पुरुवाला पंचायत में स्थित संतोखगढ़ में एक परिवार, जिसमें राजेंद्र सिंह अपनी पत्नी ममता और तीन बेटों के साथ यहां रहते हैं, जबकि यह मकान जोगिंदर सिंह पुत्र बलजीत सिंह के नाम से है, जो कि इन्ही के रिश्तेदार हैं।



पीड़ित परिवार से बातचीत कर पता चला कि इस खड्ड में पिछले साल से लगातार बरसाती पानी आ रहा है, जिससे उन्हें काफी नुकसान हुआ है, पिछले वर्ष जब इस खड्ड में पानी आया था, तो इनके घर का नुकसान कम हुआ था, लेकिन इस वर्ष उनके घर में खड़े नीम के पेड़ घर का डंगा और तीन कमरे पानी के बहाव में बह गए हैं, जिसका इनके हिसाब से 14 लाख के लगभग नुकसान हुआ है। पीड़ित परिवार का कहना है कि बारिश का बहाव पिछली रात इतना तेज था कि वह सामान मकान की चिंता किए बिना अपनी जान की रक्षा करने के लिए घर से बाहर निकल गए। बरसात का पानी लगभग आठ फुट था और रफ्तार इतनी तेज थी कि जान बचा पाना मुश्किल लग रहा था। पानी के बहाव ने उनका घर आंगन उनसे छीन लिया है। पानी के बोर और बिजली के खंभों का तो नामोनिशान नहीं दिखाई दे रहा है, ऐसे में परिवार का पलायन करना एक बड़ी चुनौती बन के सामने आया है। प्रशासन से मदद की गुहार लगाते हुए राजेंद्र एवं उनकी पत्नी समेत ममता और ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासन जल्द इस पर कोई ठोस कार्रवाई करे क्योंकि उनकी जान-माल को हर वक्त खतरा है तथा एक मजबूत डंगा यहां पर लगाया जाए, ताकि वे चैन की नींद सो सके। एसडीएम पांवटा साहिब गुंजीत सिंह चीमा को इसकी शिकायत देने के बाद यहां पटवारी समेत तहसीलदार पांवटा पहुंचे हैं तथा नुकसान का जायजा लेकर गए हैं, जिसके बाद एसडीएम पांवटा ने पीड़ित परिवार को कार्यालय में बुलाया है। एसडीएम पांवटा गुंजीत सिंह चीमा ने बताया कि पीड़ित परिवार से टीम मिल चुकी है और जल्द ही उनकी समस्या का समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### किडनी फेलियर के हर साल 2.2 लाख नए मरीज : डॉ. कौशल



अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। भारत में हर 10 मिनट में एक व्यक्ति अंग प्रत्यारोपण वेटिंग लिस्ट में जुड़ जाता है और अंग के अभाव के हर दिन 20 लोग अपना जीवन खो देते हैं। 3 लाख से ज्यादा मरीज अंगदान का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अंगदान का इंतजार कर रहे 10 फीसदी से भी कम मरीजों को समय पर अंगदान मिल पाता है। सोमवार को यहां विश्व अंगदान दिवस की पूर्व संध्या पर जन जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बात करते हुए लिवासा अस्पताल, मोहाली के यूरोलॉजी और रीनल ट्रांसप्लांट के वरिष्ठ निदेशक डॉ. अविनाश श्रीवास्तव ने कहा कि हमारे देश में हर साल 2.2 लाख नए मरीजों में क्रॉनिक किडनी फेल्योर विकसित होता है और यह मृत्यु का छठा सबसे तेजी से बढ़ता कारण भी है, जो 2040 तक 5वां प्रमुख कारण बन सकता है। एसओटीटीओ पंजाब की नोडल अधिकारी व सह संयुक्त निदेशक डॉ. गगनीन कौर संधू ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर, 1.4 बिलियन लोगों की आबादी के साथ, प्रति मिलियन जनसंख्या (पीएमपी) पर अंग दाताओं के रूप में 0.08 व्यक्ति हैं। नेफ्रोलॉजी के वरिष्ठ निदेशक डॉ. राका कौशल ने कहा कि लिवासा अस्पताल, जो अब पंजाब का सबसे बड़ा सुपर स्पेशियलिटी नेटवर्क है, ने 5 अस्पतालों, 750 बिस्तरों, 280 आईसीयू बिस्तरों के साथ पंजाब में 1200 सफल किडनी प्रत्यारोपण पूरे किए हैं।

### डॉक्टर से दुष्कर्म के खिलाफ चंडीगढ़ में प्रदर्शन

चंडीगढ़। स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (पीजीआईएमईआर) के रेजिडेंट चिकित्सकों ने कोलकाता में एक डॉक्टर के साथ बलात्कार और उसकी हत्या की घटना के विरोध में सोमवार को विरोध-प्रदर्शन किया और चिकित्सा सेवाएं ठप रखीं। चंडीगढ़ में प्रदर्शन करने वाले चिकित्सकों ने कहा कि आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी। यह विरोध प्रदर्शन फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (फोर्डा) द्वारा देशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल के आह्वान के मद्देनजर किया गया है। फोर्डा ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ड्यूटी के दौरान एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार और उसकी हत्या की घटना के बाद हड़ताल का आह्वान किया।

### 2.600 ग्राम अफीम समेत दो व्यक्ति काबू

खरड़। सीआईए स्टाफ मोहाली कैंप खरड़ की टीम ने 2 लोगों को 2.600 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार कर आरोपियों को नामजद किया है। हिरासत में लेने के बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। सीआईए प्रभारी हरमिंद्र सिंह ने बताया कि सब-इंस्पेक्टर हरभेज सिंह और उनकी टीम ने राष्ट्रीय दिवस के आगमन को ध्यान में रखते हुए खरड़-मोरिंडा रोड टोल प्लाजा भागोमाजरा पर नाकाबंदी की थी और संदिग्धों पर नजर रख रहे थे। इसी दौरान पुलिस को पैदल जा रहे 2 लोगों पर शक हुआ और उनकी तलाशी ली गई। पुलिस की नाकाबंदी देखकर दोनों घबरा गए और वहां से खिसकने की फिराक में नजर आए। दोनों को रोककर पूछताछ की गई तो उनकी पहचान सत्यवीर गांव मीरापुर थाना फतेहगंज और तेजपाल गांव खुर्द थाना फरीदपुर दोनों जिला बरेली उत्तर प्रदेश के रूप में हुई।

### विहिप नेता हत्याकांड में वांछित भगोड़ा गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस को विहिप नेता विकास बग्गा हत्याकांड में लुधियाना कमिश्नरेट पुलिस ने वांछित भगोड़े मुकुल मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में गोंडा के दो संदिग्ध वांछित थे। विकास प्रभाकर वीएचपी की नंगल इकाई के अध्यक्ष थे, जिनकी 13 अप्रैल 2024 को पंजाब के रूपनगर जिले के नंगल शहर में उनकी दुकान पर मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। दोनों हमलावरों ने रूपनगर रेलवे स्टेशन के पास स्थित बग्गा की कन्फेक्शनरी की दुकान में घुसकर उन पर गोलियां चला दी थी और फिर मौके से फरार हो गए थे।

### बिहार में वन कैंडिडेट-वन रिजल्ट की मांग पर प्रदर्शन



पटना। बिहार की राजधानी पटना में सोमवार को सैकड़ों छात्र एक अभ्यर्थी-एक परिणाम की मांग को लेकर बीपीएससी कार्यालय का घेराव करने पहुंचे। इस दौरान शिक्षक अभ्यर्थियों ने जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हुई, जिसके बाद पुलिस ने लाठियां भांजी। बीपीएससी की ओर से आयोजित शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी वन कैंडिडेट-वन रिजल्ट और रिजल्ट से पहले काउंसिलिंग की भी मांग कर रहे हैं। इसको लेकर सैकड़ों अभ्यर्थी पटना के बीपीएससी कार्यालय का घेराव करने पहुंचे थे।

### पश्चिम बंगाल में सड़क हादसे में छह लोगों की मौत

सिलीगुड़ी। पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के बागडोगरा में सोमवार को एशियाई राजमार्ग-दो पर तेज गति से जा रही एक कार की टक्कर से छह लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस हादसे में घायल हुए दो लोगों में से एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब घोषपुकुर से सिक्किम जा रही कार ने सड़क के डिवाइडर तोड़ते हुए इन लोगों को टक्कर मार दी।

### रोहिंग्या की हिरासत मामले में कोर्ट को नोटिस जारी

नई दिल्ली। देशभर में रोहिंग्या शरणार्थियों की अनिश्चितकालीन हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी किया और चार सप्ताह में जवाब तलब किया है। वकील ने कहा कि यह पर्याप्त चिकित्सा सुविधाओं के न होने और उनके द्वारा सामना की जाने वाली अन्य कठिनाइयों के बारे में है। याचिका में दो मौतों का भी रिकॉर्ड है, एक जम्मू में जो एक सप्ताह का नाबालिग था और एक दिल्ली स्थित रोहिंग्या था। हमें मौतों को भी दर्ज करने की आवश्यकता है। सीजेआई ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है।

### ऑस्ट्रेलिया में हेलिकॉप्टर क्रैश, पायलट की मौत

वेलिंगटन। ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में सोमवार सुबह एक हेलिकॉप्टर के एक होटल की छत पर गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से पायलट की मौत हो गई। हेलिकॉप्टर में आग लग जाने के कारण होटल से लगभग 400 लोगों को बाहर निकालना पड़ा, जबकि यहां ठहरे एक दंपति को अस्पताल में भर्ती कराया गया। केर्न्स शहर के अधिकारियों ने बताया कि मारे गए पायलट की पहचान नहीं हो पाई है। क्वींसलैंड पुलिस विभाग के कार्यवाहक 'चीफ सुपरिंटेंडेंट' शेन होल्म्स ने बताया कि आग लगने के कारण होटल में धुआं फैल गया, जिससे यहां ठहरे एक दंपति को सांस लेने में तकलीफ के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### नोएडा एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे में 3 की जान गई

नोएडा। ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर सोमवार सुबह एक कार पोल से टकरा गई। इस हादसे में दो सगे भाइयों सहित तीन की मौत हो गई। ये सभी एक दोस्त की बर्थडे पार्टी में शामिल होने के बाद सुबह लौट रहे थे। कार चालक को झपकी आने के कारण यह हादसा हुआ। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। नोएडा के डीसीपी राम बदन सिंह ने बताया कि मयूर चौराहे के सामने एक्सप्रेसवे पर टाटा टियागो (कार) पोल से टकरा गई। कार में तीन लोग सवार थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों में दो की पहचान ईशान व आर्यन पुत्र सुनील कश्यप निवासी पाम ओलंपिया (नोएडा एक्सटेंशन) के रूप में हुई है।

### भीषण आग: मैराथन शहर को खाली करने के निर्देश



एथेंस। एथेंस में मैराथन शहर के आसपास जंगल में भीषण आग लगने की वजह से पूरे मैराथन शहर को खाली करने का आदेश जारी किया गया है। ग्रीस के अधिकारियों ने जंगल में लगी भयंकर आग की वजह से मैराथन शहर को छोड़कर लोगों को निकटवर्ती बस्ती निआ मकरी की ओर जाने के लिए कहा है। एथेंस के स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि आग और धुएं की वजह से सांस लेने में कठिनाई के चलते आठ लोगों को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। शहर के दमकल विभाग के कर्मचारी उत्तर-पूर्वी अटिका क्षेत्र में कई किलोमीटर तक फैले आग को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं।

# मनीमाजरा में एनओसी का संकट

## कठिनाइयों पर कांग्रेस नेताओं की सक्रियता, निगम कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

जगदीश शर्मा, चंडीगढ़

मनीमाजरा के निवासियों को एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) प्राप्त करने में हो रही कठिनाइयों के मद्देनजर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह ढिल्लों और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजीव गाबा ने निगम कमिश्नर अनिदिता मित्रा से मुलाकात की और इस समस्या का समाधान करने के लिए एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि मनीमाजरा के निगम उप कार्यालय में ज्वाइंट कमिश्नर की नियमित अनुपस्थिति के कारण स्थानीय निवासियों को नगर निगम कार्यालय के बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं और समस्या दिनोंदिन गंभीर होती जा रही है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए निगम कमिश्नर अनिदिता मित्रा ने समस्या की गंभीरता को समझते हुए तुरंत कार्रवाई का आदेश दिया। ज्वाइंट कमिश्नर शशि वशुंद्रा ने आश्वासन दिया कि अब सप्ताह में दो दिन मनीमाजरा के निगम उप कार्यालय में बैठकर निवासियों की समस्याओं का निपटारा किया जाएगा।



सुरजीत सिंह ढिल्लों और संजीव गाबा निगम कमिश्नर को ज्ञापन सौंपते हुए।

इस मौके पर ढिल्लों ने कहा कि हम मनीमाजरा के निवासियों की समस्याओं को लेकर गंभीर हैं और उन्हें समाधान दिलाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

ब्लॉक अध्यक्ष संजीव गाबा ने भी इस मौके पर अपनी बात रखते हुए कहा कि निवासियों को राहत दिलाने के लिए यह कदम बेहद आवश्यक था। उन्होंने निगम से अपेक्षा जताई कि वह इस मुद्दे का शीघ्र समाधान करेगा।

इस पहल से मनीमाजरा के निवासियों को हृहृष्ट प्राप्त करने में हो रही समस्याओं का समाधान होने की उम्मीद है, जिससे वे राहत महसूस करेंगे। (अनंत ज्ञान)

# स्वतंत्रता दिवस को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

चंडीगढ़ में स्वतंत्रता दिवस 2024 समारोह की रिहर्सल को लेकर ट्रैफिक पुलिस विभाग की तरफ से लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। चंडीगढ़ पुलिस विभाग की तरफ से मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस परेड की रिहर्सल की जाएगी। सेक्टर 17 स्थित परेड ग्राउंड में सुबह 8.30 बजे से रिहर्सल की जाएगी। इसलिए कुछ सड़कें आम जनता के लिए बंद रहेंगी।

पुलिस ने लोगों के अपील की है कि मंगलवार को सुबह 8.30 से 9.15 बजे तक कई रूट बंद रहेंगे, जिसके चलते लोगों को परेशानी न हो इसलिए इन मार्गों से न गुजरें।

### यह रोड रहेंगे बंद

पंजाब राजभवन से सेक्टर 5-6/7-8 चौक (हीरा सिंह चौक) की ओर, सीधे 4/5-8/9 चौक, सीधे सेक्टर 3/4-9/10 चौक (न्यू बैरिकेड चौक) से दाएं सीधे सेक्टर 1/3/4 चौक (ओल्ड बैरिकेड चौक) की तरफ रास्ते बंद रहेंगे। युद्ध स्मारक, बोगनविला गार्डन, सेक्टर-3, की सड़क भी आम जनता के लिए बंद रहेगी। इसके अलावा वॉर मेमोरियल, बोगनविला गार्डन, सेक्टर-3 से ओल्ड बैरिकेड चौक की ओर, सीधे मटका चौक, जन मार्ग पर सीधे सेक्टर 16/17 लाइट प्वाइंट की ओर, ल्योंस लाइट प्वाइंट, परेड ग्राउंड, सेक्टर-17 वाली सड़कें भी बंद रहेंगी।

# 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत भाजपा ने निकाली रैली



अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

भारत माता की के नारे लगाए जय, चंडीगढ़ भाजपा ने आज यहां सुखना लेक में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत एक बड़ी रैली निकाली।

पार्टी अध्यक्ष जतिंद्र पाल मल्होत्रा ने रैली का नेतृत्व किया, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी नेता और आम जनता ने भाग लिया। राष्ट्रीय ध्वज लेकर भाजपा नेता पैदल चले और लोगों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया। रैली शाम 6 बजे शुरू हुई और देर शाम तक चली। पार्टी नेताओं ने रैली के दौरान पद यात्रियों और अन्य आगंतुकों का अभिनंदन किया और लोगों को अपने घरों पर फहराने के लिए झंडे भी बांटे। इस अवसर पार्टी अध्यक्ष ने कहा कि आज की रैली को लोगों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली। इससे लोगों में देशभक्ति की भावना पैदा हुई और रैली में भारत माता के पक्ष में नारे लगाए।

उन्होंने कहा कि हम इस अभियान के तहत स्वतंत्रता दिवस तक कई कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे। बूथ स्तर पर हमारे नेता और स्वयंसेवक राष्ट्रीय ध्वज वितरित कर रहे हैं और लोगों को उन्हें अपने घरों पर फहराने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। हमने 70 हजार तिरंगे फहराने की योजना बनाई है। पार्टी महासचिव अमित जिंदल अभियान के संयोजक हैं। जबकि उपाध्यक्ष शक्ति देवशाली और देवेंदर सिंह बबला सह-संयोजक हैं।

# नशा मुक्त भारत के लिए करने होंगे साझे प्रयास : डॉ. मुकेश

जगदीश शर्मा, पंचकूला

भारतीय रैडक्रॉस समिति हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ द्वारा अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेक्टर-एक पंचकूला में किया गया।

इस कार्यशाला का शुभारंभ महासचिव डॉक्टर मुकेश अग्रवाल ने किया। सबसे पहले प्राचार्य द्वारा मुख्यातिथि डॉक्टर मुकेश अग्रवाल व अन्य मेहमानों का स्वागत किया।



उन्होंने कहा कि आज के समय में नशे से बचाव हेतु इस प्रकार के शिविरों की बहुत जरूरत है, ताकि युवाओं को नशा न करने के लिए प्रेरित किया जा सके। मुख्यातिथि ने कहा कि आज के समय में कुछ युवा नशे की तरफ भाग रहे हैं, जोकि एक गंभीर विषय है। हम सब को मिलकर नशे के खिलाफ सांझे प्रयास करने होंगे, ताकि नशे से ग्रसित लोगों को इस नरकीय जीवन से बाहर निकाल सकें। उन्होंने नशे का प्रयोग न करने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। इस कार्यक्रम के अंत मे शपथ दिलवाई गई कि हम नशा नहीं करेंगे और अन्य लोगों को भी नशा न करने के लिए प्रेरित करेंगे। इस सेमिनार लगभग 120 प्रतिभगियों ने भाग लिया। प्रोफेसर डॉक्टर राकेश पाठक द्वारा सेमिनार में उपस्थित सभी अतिथियों व छात्राओं का धन्यवाद किया। इस अवसर पर महाविधालय को उप प्रधानाचार्य डॉक्टर सीमा, अन्य सहायक प्रोफेसर व स्टाफ भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# सताक्षी के सिर सजा 'मिस टीनएजर इंडिया 2024' का ताज

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

प्रतिभा, लालित्य और महत्वाकांक्षा के शानदार प्रदर्शन में सेंट कबीर पब्लिक स्कूल सेक्टर 26 की बारहवीं कक्षा की स्टूडेंट सताक्षी खुराना 'मिस टीनएजर इंडिया-2024' का ताज हासिल किया।

यह समारोह जयपुर में आयोजित 'स्टार मिस टीन इंडिया ब्यूटी पैजेंट' में हुआ, जिसमें देशभर से 43 प्रतियोगियों ने अपनी सुंदरता और प्रतिभा कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में डायनामिक राउंड जिसमे इवनिंग गाउन, डांस, स्विमवीयर, नेशनल कॉस्ट्यूम, पर्सनल इंटरव्यू सहित प्रश्न उत्तर सेगमेंट शामिल थे। स्टार एंटरटेनमेंट द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम एक भव्य कार्यक्रम था। जिसमें भारत 24-विजन ऑफ इंडिया मीडिया पार्टनर के रूप में काम कर रहा था। पेजेंट जगत में उनकी उपलब्धियों में टीजीपीसी की प्रतिभा (मई 2024) और कोकोबेरी दिवा तीसरी रनर अप (नवंबर 2023) जीतना भी शामिल है।



सताक्षी ने कहा कि मैंने इस मिस टीन इंडिया ब्यूटी पैजेंट के लिए दिसंबर 2023 में ऑडिशन दिया था। हालांकि, यह केवल 5 दिनों के लिए था, लेकिन मैंने कम से कम 6 महीने तक तैयारी की। मैंने एक व्यक्ति के रूप में खुद को निखारा। मैं निशा मैम और अपनी माता पूजा खुराना पिता नरिंद्र खुराना की आभारी हूं, जिनकी स्पोर्ट से वह इस खिताब को जीत सकी। सताक्षी ने बताया कि उनके पिता एक बिजनेसमैन और माता स्कूल टीचर है। सताक्षी ने कहा कि निशा लूथरा ने मुझे इसे जारी रखने का सुझाव दिया। सौंदर्य प्रतियोगिता मेरे लिए नेतृत्व की परिवर्तनकारी शक्ति की इस दुनिया को चित्रित करना है।

## देश-विदेश

# जेएंडके में 'हर घर तिरंगा' अभियान एक जनांदोलन बना : सिन्हा

अशोक ठाकुर, जम्मू

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाई और इस यात्रा में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों सहित हजारों लोग शामिल हुए। उपराज्यपाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में हर घर तिरंगा अभियान एक जन आंदोलन बन गया है। हमारा प्यारा और विजयी तिरंगा दुनिया में ऊंचा लहराए। सिन्हा ने नागरिकों से आग्रह किया कि वे राष्ट्रीय ध्वज को अपने घर ले जाएं और इसे गर्व एवं सम्मान के साथ फहराएं और 'हर घर तिरंगा' अभियान का हिस्सा बनें। उपराज्यपाल ने यात्रा को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए नागरिकों का आभार व्यक्त किया।



उन्होंने कहा कि पिछले दो साल में केंद्र शासित प्रदेश में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने हर घर तिरंगा अभियान को अपनाया है और इसे गर्मजोशी से अपना समर्थन दिया है। उपराज्यपाल ने लोगों से तिरंगा रैली, तिरंगा संगीत कार्यक्रम, तिरंगा संकल्प जैसे विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने का आह्वान किया। कश्मीरियत की भावना पर जोर देते हुए उन्होंने सिखों, मुसलमानों, ईसाइयों और हिंदुओं से एक समृद्ध जम्मू और कश्मीर के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। इस दौरान सिन्हा ने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज को डिजाइन करने वाले पिंगली वेंकैया को भी श्रद्धांजलि दी। (अनंत ज्ञान)

# बांग्लादेश में उपद्रवियों ने जलाया इस्कॉन मंदिर

एजेंसी, ढाका

बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के तख्तापलट के बाद हिंसा जारी है। भारत-बांग्लादेश के बॉर्डर पर स्थित इलाके और जमात-ए-इस्लामी के गढ़ मेहरपुर में इस्कॉन मंदिर को जला दिया। उपद्रवियों ने गर्भ गृह में लूटपाट की और लाखों लूट लिए। मंदिर के इंचार्ज ने कहा कि हमलावार लोग पेट्रोल बम और विस्फोटक लेकर आए थे। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा को लेकर इतिहासकारों और शिक्षाविदों ने खुली चिट्ठी लिखी है। हिंदू समुदाय के लोगों से आज अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस से भी मुलाकात की।

**गर्भ गृह से लाखों की लूट, किताबों में लगाई आग**

### अवैध हथियार जमा करवाने के आदेश

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के गृह मामलों के सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल (सेवानिवृत्त) एम सखावत हुसैन ने प्रदर्शनकारियों से 19 अगस्त तक सभी अवैध और अनधिकृत हथियार जमा करने को कहा, जिनमें हालिया हिंसा के दौरान एजेंसियों से लूटी गई राइफल भी शामिल हैं। यह जानकारी एक मीडिया रिपोर्ट में दी गई।

# हिजबुल्लाह ने इसराइली सैन्य अड्डे पर दागे 30 रॉकेट

एजेंसी, तेल अवीव

हिजबुल्लाह ने उत्तरी इसराइल की ओर लेबनान से करीब 30 रॉकेट दागे हैं।

इसराइल की ओर से हमास के एक वरिष्ठ कमांडर की हत्या का दावा करने के बाद यह हिजबुल्लाह का पहला बड़ा हमला माना जा रहा है। हिजबुल्लाह ने हमले की जिम्मेदारी ली है। इस हमले में इसराइली सैन्य अड्डों को निशाना बनाया गया है। इसराइली रक्षा बलों ने कहा कि इन रॉकेटों में से कई खुले इलाकों में गिरे और कोई हताहत नहीं हुआ।



# स्थानीय उत्पादों को मिल रही नई पहचान : धामी

अतंत ज्ञान, देहरादून

**सीएम ने किया महिला समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का शुभारंभ**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना एवं मुख्यमंत्री महिला स्वयं सहायता समूह सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत महिला समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इन स्टॉलों का अवलोकन करते हुए स्थानीय उत्पादों (घी एवं अन्य) की खरीदारी भी की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदेश में महिला स्वयं सहायता समूह को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। राज्य की महिलाएं समूहों के माध्यम से बहुत बेहतर उत्पाद बना रही है। समूहों के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को नई पहचान मिल रही है एवं रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षा बंधन से पूर्व स्वयं सहायता समूह द्वारा राखियां बनाई जा रही हैं। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट, उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव राधिका झा आदि मौजूद रहे।

### तेलंगाना में 14 करोड़ की ड्रग्स जब्त की, 2 गिरफ्तार



तेलंगाना। तेलंगाना पुलिस ने सोमवार को इंटरस्टेट ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ किया। मामला पेड्डा अंबरपेट टाउन का है। यहां हैश ऑयल के ट्रांसपोर्टेशन में शामिल 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने लगभग 14 करोड़ रुपए की 13.5 किलोग्राम हैश ऑयल ड्रग्स, 2 मोबाइल फोन, 1 किलोग्राम वजन की पैकेजिंग सामग्री और अन्य आपत्तिजनक सामान जब्त किया है।

**तैयारी** कांग्रेस नेता से फिर होगी पूछताछ, अन्य लोग भी बुलाए जाएंगे

# राहुल गांधी की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, ईडी नेशनल हेराल्ड मामले में समन भेजने को आतुर

एजेंसी, नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जल्द कांग्रेस की ओर से संचालित नेशनल हेराल्ड मामलों में मनी लांड्रिंग जांच में पूछताछ के लिए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को तलब कर सकती है।



इस घटनाक्रम से परिचित सीनियर अफसरों ने इस बात की पुष्टि की है। सीनियर अफसरों ने बताया कि कांग्रेस नेता से फिर से पूछताछ की जरूरत पड़ सकती है, क्योंकि एजेंसी अनियमितताओं की अपनी जांच पूरी करना चाहती है। इस मामले में एजेंसी पहले ही 751 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त कर चुकी है।

रायबरेली के सांसद से इससे पहले जून 2022 में ईडी ने चार बैठकों में करीब 40 घंटे तक पूछताछ की गई थी। उनसे यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड के दैनिक कामकाज में उनकी भूमिका के बारे में पूछताछ की गई थी।

इस कंपनी में वह अपनी मां सोनिया गांधी के साथ हिस्सेदार हैं। वहीं, वाईआई की ओर से असोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) का अधिग्रहण, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की ओर से एजेएल को दिया गया 90.21 करोड़ रुपए का ऋण और मुंबई में एक संपत्ति के विकास से संबंधित लेनदेन के बारे में भी पूछताछ की गई थी। 2022 में तीन दिन सोनिया गांधी से भी इस मामले में पूछताछ की गई थी। राहुल गांधी समेत सभी जुड़े लोगों को जल्द ही बुलाया जा सकता है।

# सीएम ने शहीद सैनिकों को मिलने वाली अनुग्रह अनुदान राशि बढ़ाई

जगदीश शर्मा, देहरादून



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड पूर्व सैनिक संगठन द्वारा रविवार को दून सैनिक इंस्टीट्यूट गढ़ीकैंट देहरादून में आयोजित आभार एवं संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। संगठन के अधिकारियों एवं सैनिकों के साथ वीरांगनाओं ने मुख्यमंत्री द्वारा कारगिल विजय दिवस के अवसर पर राज्य में शहीद सैनिकों को मिलने वाली अनुग्रह अनुदान राशि 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 50 लाख रुपए किए जाने, शहीद सैनिक के परिवारजनों को सरकारी नौकरी के लिए आवेदन करने की अवधि को 02 साल से बढ़ाकर 5 वर्ष किए जाने, शहीदों के आश्रितों को जिलाधिकारी कार्यालयों में समूह 'ग' और समूह 'घ' के अलावा अन्य विभागों में भी इन पदों पर भी नियुक्ति प्रदान करने के साथ ही सैनिक कल्याण विभाग में कार्यरत संविदा कर्मियों को उपनल कर्मियों की भांति अवकाश प्रदान किए जाने की घोषणा के प्रति उनका आभार व्यक्त कर मुख्यमंत्री को सम्मानित भी किया गया। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### ग्राहम थोर्प ने अवसाद से जूझने के बाद गंवाई जान



**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर ग्राहम थोर्प पिछले दो वर्षों में अपने खराब स्वास्थ्य के कारण अवसाद और चिंता से जूझ रहे थे, जिसके कारण आखिर में उनकी जान चली गई। थोर्प की प ी अमांडा ने यह खुलासा किया है। थोर्प का पांच अगस्त को 55 साल की उम्र में निधन हो गया था। उनके निधन की घोषणा इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने की थी, लेकिन इसका कारण नहीं बताया था। अब उनकी प ी ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन को दिए एक साक्षात्कार में खुलासा किया है कि उन्होंने निधन से पहले खुद के साथ एक लंबी मानसिक और शारीरिक लड़ाई लड़ी थी।

### अमांडा अनिसिमोवा व जेसिका पेगुला फाइनल में



**टोरंटो।** अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में हवतन आठवीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को पराजित करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना एक और अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला से होगा। विश्व रैंकिंग में 132वें नंबर की खिलाड़ी अनिसिमोवा ने नवारो को 6-3, 2-6, 6-2 से हराया। मौजूदा चैंपियन और तीसरी वरीयता प्राप्त पेगुला ने एक अन्य सेमीफाइनल में रूस की 14वीं वरीयता प्राप्त डायना श्नाइडर को 6-4, 6-3 से हराया। अनिसिमोवा ने पिछले साल टेनिस से मानसिक स्वास्थ्य ब्रेक लिया था। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने अभी तक दो डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीते हैं।

### रुबलेव नेशनल बैंक ओपन के फाइनल में



**मॉन्ट्रियल।** रूस के पांचवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी आंद्रे रुबलेव ने बारिश से प्रभावित मैच में माटेओ अर्नाल्डी को सीधे सेटों में हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। इस साल मैड्रिड और हांगकांग में खिताब जीतने वाले 26 वर्षीय रुबलेव ने अर्नाल्डी को 6-4, 6-2 से हराया। फाइनल में उनका मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के एलेक्सी पोपिरिन से होगा। पोपिरिन ने अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा को 7-6 (0), 6-3 से हराया। इससे पहले रविवार को क्वार्टर फाइनल में पोपिरिन ने चौथी वरीयता प्राप्त ह्यूबर्ट हर्काज को 3-6, 7-6 (5), 7-5 से और कोर्डा ने दूसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 7-6 (5), 1-6, 6-4 से हराया था।

### भाला फेंक खिलाड़ी नदीम के ससुर उपहार में देंगे भैंस

**कराची।** पाकिस्तान भले ही अपने भाला फेंक ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अरशद नदीम को नकद पुरस्कारों और अन्य बहुमूल्य पुरस्कारों से नवाज रहा हो, लेकिन उनके ससुर ने ग्रामीण परवरिश और परंपरा के साथ मेल खाते हुए उन्हें भैंस उपहार में देने का फैसला किया है। मोहम्मद नवाज ने रविवार को नदीम के गांव में स्थानीय मीडिया को बताया कि उनके गांव में भैंस उपहार में देना 'बहुत मूल्यवान' और 'सम्मानजनक' माना जाता है। नदीम ने पेरिस में भाला फेंक स्पर्धा में 92.97 मीटर के ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता जिसमें भारत के नीरज चोपड़ा दूसरे स्थान पर रहे।

### दलीप ट्रॉफी पहले दौर का मैच बेंगलुरु में

**बेंगलुरु(** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और सीनियर स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को छोड़कर भारत के कुछ नियमित स्टार दलीप ट्रॉफी के पहले दौर में खेलेंगे जिसे बीसीसीआई ने अनंतपुर की जगह बेंगलुरु में कराने का फैसला किया है।

#### अश्विन व बुमराह को छोड़कर खेलेंगे सभी सितारे



सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा को छूट दी जा सकती है। टूर्नामेंट में भाग लेने का फैसला पूरी तरह से उन पर छोड़ा जाएगा। दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के दो सेट के मैच आंध्रप्रदेश के अनंतपुर में पांच सितंबर से होने थे, लेकिन अब उनमें से एक को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में कराया जाएगा ताकि लॉजिस्टिक की समस्या नहीं आए। अनंतपुर बेंगलुरु से 230 किलोमीटर दूर है और हवाई मार्ग से जुड़ा हुआ भी नहीं है। सूत्रों ने बताया,''कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की सुविधा के लिए यह फैसला लिया गया है ताकि उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले लाल गेंद के क्रिकेट का अनुभव हो जाए।'' भारत को बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट 19 सितंबर से चेन्नई में और 27 सितंबर से कानपुर में खेलने हैं।

### श्रीलंका सीरीज से पहले इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स चोटिल



**मैनचेस्टर।** इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स घरेलू क्रिकेट प्रतियोगिता हंड्रेड में खेलते समय चोटिल हो गए जिससे उनके श्रीलंका के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज में भाग लेने पर सवालिया निशान लग गया है। नॉर्दर्न सुपर चार्जस की तरफ से मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के खिलाफ खेलते हुए तेजी से रन चुराने के प्रयास में 33 वर्षीय स्टोक्स के बाएं पांव की मांसपेशियां खिंच गई और उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। वह दो रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए। अभी तक उनकी चोट की गंभीरता का पता नहीं लगा है और उनके सामने जल्द ही पूरी तरह से फिट होने की चुनौती होगी। स्टोक्स की अगुवाई में इंग्लैंड ने पिछले महीने वेस्टइंडीज को तीन टेस्ट मैच की सीरीज में 3-0 से हराया था। श्रीलंका के खिलाफ उसका पहला मैच 21 अगस्त से ओल्ड ट्रैफर्ड में खेला जाएगा। इस सीरीज का तीसरा और अंतिम मैच छह सितंबर से ओवल में खेला जाएगा।

# ओलंपिक ने पेरिस को कहा अलविदा






**एजेंसी, पेरिस**

पेरिस ओलंपिक 2024 रविवार को एक चमकदार, सितारों से सजे समापन समारोह के बाद शानदार तरीके से समाप्त हो गया। समारोह की शुरुआत एक क्लासिक संगीत प्रदर्शन के साथ हुई और फ्रांस के तैराक लियोन मार्चैंड एक लालटेन में ओलंपिक मशाल लेकर स्टेड डी फ्रांस पहुंचे, जहां समापन समारोह आयोजित किया जा रहा था।

स्टेडियम के अंदर राष्ट्रों की परेड शुरू हुई, जिसमें हजारों की संख्या में मौजूद उत्साही प्रशंसक खुशी से झूम उठे। आईओसी शरणार्थी और ओलंपिक टीम तथा फ्रांस के ध्वजवाहकों ने इसका नेतृत्व किया। स्टेडियम के अंदर, महिलाओं की मैराथन प्रतियोगिता के लिए ओलंपिक 2024 का अंतिम पदक समारोह आयोजित किया गया, जो पूर्ण लिंग समानता के साथ पहले ओलंपिक का समापन करने का एक शानदार और प्रतीकात्मक तरीका था। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाक और विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन कोए ने पदक विजेताओं को सम्मानित किया।

**लाइट शो और द गोल्डन वोएजर के प्रदर्शन ने जीता दर्शकों का दिल**

समापन समारोह में ग्रैमी पुरस्कार विजेता आर एंड बी गायिका एचईआर, महान अमेरिकी अभिनेता टॉम क्रूज, रेड हॉट चिली पेपर्स, रैपर स्नूप डॉग और रैपर-संगीत निर्माता डॉ. ड्रे की प्रसिद्ध अमेरिकी हिप-हॉप जोड़ी आदि ने भी प्रस्तुति दी।

### मनु भाकर, श्रीजेश ने किया भारतीय दल का नेतृत्व

पेरिस खेल महाकुंभ में दो बार कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय निशानेबाज मनु भाकर और अपने शानदार, क्लच गोलकीपिंग कौशल से ओलंपिक में भारत के लगातार दूसरे कांस्य पदक में अहम भूमिका निभाने वाले महान हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश ध्वजवाहक के रूप में हाथों में भारतीय ध्वज लेकर स्टेडियम पहुंचे। ओलंपिक ने श्रीजेश का भारत के लिए अंतिम अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट भी चिह्नित किया।





समापन समारोह के दौरान टॉम क्रूज स्टेड डी फ्रांस की छत से जंप करते हुए।



ग्रैमी पुरस्कार विजेता आर एंड बी गायिका एचईआर प्रस्तुति देती हुई।



ओलंपिक लालटेन थामे फ्रांसीसी तैराक लियोन मार्चैंड।

## अफगानिस्तान-श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड टीम में पांच स्पिनर

**एजेंसी, आकलैंड**




न्यूजीलैंड ने अगले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ अगले महीने एक टेस्ट और श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए टीम में पांच स्पिनरों को जगह दी है। अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट भारत में ग्रेटर नोएडा में नौ से 13 सितंबर तक खेला जाएगा । वहीं श्रीलंका में दो टेस्ट 18 और 26 सितंबर से शुरू होंगे।

अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी कप्तान होंगे, जबकि टीम में केन विलियमसन, डेवोन कोंवे, ग्लेन फिलिप्स और रचिन रविंद्र जैसे खिलाड़ी भी हैं। कोच गैरी स्टीड ने कहा,''उपमहाद्वीप के टेस्ट दौरे के लिए कठिन फैसले लेने पड़ सकते हैं। उमस और गर्मी के अलावा पिचों को देखते हुए तेज गेंदबाजों को बाहर रहना पड़ सकता है।''

उन्होंने कहा,''टिम और मैंने इस पर बात की है और तेज गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन के लिए भी यह जरूरी है जिसमें टिम भी शामिल हैं।'' स्पिन हरफनमौला मिचेल ब्रासवेल चोट के बाद 18 महीने बाद वापसी कर रहे हैं । उनके साथ मिचेल सेंटनेर, ऐजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स और रविंद्र स्पिन का जिम्मा संभालेंगे।

**टीम :** टिम साउदी (कप्तान), टॉम ब्लंडेल, मिचेल ब्रासवेल, डेवोन कोंवे, मैट हेनरी, टॉम लाथम, डेरिल मिचेल, विल ओ रूरकी, ऐजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिचेल सेंटनेर, बेन सीयर्स, केन विलियमसन, विल यंग।

## उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाए भारतीय मुक्केबाज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

निकहत जरीन और लवलीना बोरगोहेन जैसे मौजूदा विश्व चैंपियन खिलाड़ियों के बावजूद भारतीय मुक्केबाज पेरिस ओलंपिक में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाए और उन्हें बिना पदक के वापस लौटना पड़ा।

विजेंद्र सिंह के बीजिंग ओलंपिक 2008 में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय



मुक्केबाजों से ओलंपिक में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद की जाने लगी थी। इसके चार साल बाद एमसी मैरी कॉम ने लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। रियो ओलंपिक 2016 में भारतीय मुक्केबाज पदक नहीं जीत पाए, लेकिन टोक्यो ओलंपिक में लवलीना कांस्य पदक हासिल करने में सफल रही थी। इस परिदृश्य में उम्मीद की जा रही थी कि भारतीय मुक्केबाज पदक जीतने का सिलसिला जारी रखेंगे, लेकिन उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा।




**पहला टेस्ट** वेस्टइंडीज को पांचवें और आखिरी दिन 298 रन का दिया था लक्ष्य

# दक्षिण अफ्रीका-वेस्टइंडीज के बीच वर्षाबाधित पहला टेस्ट ड्रॉ

**एजेंसी, पोर्ट आफ स्पेन**



दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच वर्षाबाधित पहला टेस्ट ड्रॉ हो गया। दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को पांचवें और आखिरी दिन 298 रन का लक्ष्य दिया था। मेजबान टीम के लिए एलिक अथानाजे ने 92 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में पांच विकेट पर 201 रन बनाए।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने बिना किसी नुकसान के 30 रन से आगे खेलना शुरू किया था तब उसके पास 154 रन की बढ़त थी। उसने तीन विकेट पर 173 के स्कोर पर पारी घोषित की। ट्रिस्टन स्टब्स ने 68 रन बनाए और वह पारी की घोषणा से पहले केमार रोच की आखिरी गेंद पर बोल्ड हुए। बारिश के कारण खेल रोज बाधित हुआ और पहले दिन सिर्फ 15 ओवर फेंके जा सके थे। रविवार को भी लंच पांच मिनट पहले लेना पड़ा। दोपहर के सत्र की शुरुआत में भी विलंब हुआ। वेस्टइंडीज का स्कोर पांच विकेट पर 192 रन था। मेजबान टीम अगले तीन ओवर में तीन रन ही बना सकी। जैसन होल्डर (नाबाद 31) ने छक्का लगाया, जिससे स्कोर पांच विकेट पर 201 रन तक पहुंच गया। इसके बाद कोई नतीजा नहीं निकलते देख ड्रॉ पर सहमति बन गई।